www.epaper.azadsipahi.in

26 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 276

अंजू बन गयी फातिमा, कोर्ट में नसरुल्ला से किया निकाह






## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक

# बाउरी, रणधीर, लुइस और नीलकंठ पर चलेगा आय से अधिक संपत्ति का केस, पीइ की मंजूरी

- बैठक में कुल 29 प्रस्तावों को दी गयी मंजूरी
- संविदाकर्मियों को मातृत्व अवकाश की स्वीकृति
- बचे पुलिसकर्मी भी पुरानी पेंशन स्कीम में शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य की पूर्ववर्ती सरकार में मंत्री रहे अमर बाउरी, रणधीर सिंह, लुइस मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा पर आय से अधिक संपत्ति का केस चलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने इन सभी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से पीइ केस दर्ज करने का फैसला किया। बैठक में कुल 29 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। यह जानकारी प्रभारी कैबिनेट सचिव अजय कुमार सिंह ने प्रोजेक्ट भवन में मीडिया को दी।

कैबिनेट ने पुरानी पेंशन स्कीम में बाकी बचे पुलिसकर्मियों को शामिल करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके अलावा पुरानी पेंशन योजना का चयन करने के पश्चात पुरानी पेंशन का लाभ लेने की प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश की स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट ने संविदा पर नियुक्त कर्मियों के लिए मातृत्व अवकाश स्वीकृत करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। इसके अलावा जेबीवीएनएल के निदेशक मंडल में एक मनोनीत निदेशक का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट ने फैसला किया कि पांच पेड़ लगाने पर पांच यूनिट मुफ्त बिजली पांच वर्षों तक मिलेगी। कैबिनेट ने



परीक्षा में नकल करने या करवाने पर संबंधित विधेयक को भी मंजूरी दी। इसके तहत दोषियों को सख्त सजा होगी और जुर्माना लगाया जायेगा। कैबिनेट ने झारखंड निर्यात नीति-2023 को भी स्वीकृति दी। इसके अलावा राज्य कर्मियों/सेवानिवृत्त कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- झारखंड सहकारिता अंकेक्षक भर्ती प्रोन्नति एवं सेवा शर्त संवर्ग नियमावली को मंजूरी दी गयी। इसमें 10वीं और 12वीं की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है।
- झारखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी (भर्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त) संवर्ग नियमावली, 2014 (प्रवृत्त 24 /10/2014) यथा प्रथम संशोधित नियमावली, 2016 एवं द्वितीय संशोधित नियमावली 2021 में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।
- अब सरकारी विद्यालयों की लाइब्रेरी में शिबू सोरेन से जुड़ी तीन किताबें रखी जायेंगी। पुस्तक में सुनो बच्चों आदिवासी संघर्ष की गाथाः शिबू सोरेन, दिशोम गुरु शिबू सोरेन और ट्राइबल हीरो शिबू शामिल हैं।
- झारखंड मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी का गठन होगा। उसके बाद राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज इसके अधीन संचालित होंगे। इससे संबंधित विधेयक विधानसभा में पेश होगा।
- झारखंड बाल विकास सेवा अराजपत्रित कर्मचारी भर्ती तथा सेवा शर्त्त (संशोधन) नियमावली -2023 की स्वीकृति दी गयी।

(शेष पेज पेज 5 पर)

# बीएसएफ जवान ने पूर्व मुखिया दंपति सहित चार पर किया तलवार से हमला, पति की मौत





- जमीन विवाद में जवान ने आपा खोया, जो सामने आया काट डाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र की कजरी पंचायत अंतर्गत गोल्हना गांव में एक बीएसएफ के जवान ने पूर्व मुखिया दंपति और उनके परिवार पर तलवार से अचानक हमला कर दिया। इस घटना में कजरी के पूर्व मुखिया सत्यदेव तिवारी की मौत हो गयी, जबकि उनकी पत्नी सोनमति देवी गंभीर हैं। हमले में पूर्व मुखिया की भवह रागिनी देवी, पति रामाकांत तिवारी और सुनील तिवारी भी जख्मी हुए हैं। पूर्व मुखिया सोनमति और अन्य जख्मी को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। सोनमति देवी की स्थिति गंभीर है। घटना के बाद से आरोपी बीएसएफ जवान रूपेश तिवारी उर्फ उनील फरार है।

बता दें कि मंगलवार को दो बजे बीएसएफ जवान रूपेश पूर्व मुखिया के घर में घुस आया और तलवार से हमला बोल दिया। सामने जो भी आया, उस पर वार करता गया। पूर्व मुखिया सत्यदेव तिवारी पर कई बार वार करने के कारण वे गंभीर हो गये। इसी क्रम में उनकी पत्नी सोनमति पर भी तलवार से वार किया।

बीएसएफ जवान ने पूर्व मुखिया की भवह रागिनी पर भी हमला बोला और उसे भी जख्मी किया। इसी क्रम में सुनील तिवारी पर भी वार किया। पूर्व मुखिया सत्यदेव के जो भी रिश्तेदार मिले, उसको उसने टारगेट किया।

घटना के बाद किसी तरह आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने पूर्व मुखिय, उनकी पत्नी और अन्य को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में लाया। हालांकि रास्ते में ही पूर्व मुखिया सत्यदेव की मौत हो गयी थी। एमआरएमसीएच में उन्हें मृत घोषित किया गया। इसकी जानकारी मिलते ही अस्पताल में कई घंटे तक चीख पुकार मची रही। परिजनों के रोने बिलखने से अस्पताल परिसर गमगीन हो गया है। सूचना मिलने पर पड़वा पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। घटना के पीछे जमीन विवाद का मामला सामने आ रहा है।

### पुलिस ने जवान को किया गिरफ्तार

आरोपी जवान अपने घर में खुद से दो ताला लगा कर बंद हो गया था। पुलिस बड़ी मशक्कत के बाद किवाड़ तोड़कर कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक तलवार, एक पैकेट में गंजा और आधार कार्ड मिला जिसमें रोहित तिवारी नाम है। मालूम हो की आरोपी का नाम रोहित उर्फ उर्मिल तिवारी है। घटना जमीनी विवाद को लेकर हुई है। आरोपी को पुलिस थाना ले आयी है। सत्यदेव तिवारी के दो पुत्र हैं इसमें एक आर्मी में कमांडेंट के पोस्ट पर तैनात है। जबकि एक पढ़ाई कर रहा है। दो पुत्री भी हैं।

# खूंटी, दुमका और देवघर समेत 14 जिलों में नये डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने 14 आइएएस अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है। मंगलवार को इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी कर दी गयी। अधिसूचना के अनुसार देवघर के डीसी मंजूनाथ भजंत्री को पूर्वी सिंहभूम का नया डीसी बनाया गया है, वहीं कृषि निदेशक चंदन कुमार को रामगढ़ का नया डीसी बनाया गया है। पलामू के डीसी ए दोड्डे को दुमका और खूंटी के डीसी शशिरंजन को पलामू का नया डीसी बनाया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी के निदेशक विशाल सागर देवघर के नये डीसी होंगे। आदिवासी कल्याण आयुक्त लोकेश मिश्र अब खूंटी के डीसी होंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि जिन अधिकारियों को प्रभार नहीं मिला है, वे कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग में योगदान करेंगे।

अधिसूचना के अनुसार मंजूनाथ भजंत्री को पूर्वी सिंहभूम का उपायुक्त बनाया गया है। उन्हें अपने प्रतिस्थानी के साथ देवघर श्रावणी मेला 2023 के संबंध में सभी जानकारी व्यावहारिक रूप से साझा करने के बाद प्रभार का आदान-प्रदान करने को कहा गया है। पलामू डीसी के पद पर पदस्थापित 2011 बैच के आइएएस ए दोड्डे दुमका के नये डीसी होंगे। वहां पदस्थापित 2012 बैच के आइएएस रविशंकर शुक्ला को सरायकेला-खरसावां का डीसी बनाया गया है।

श्री शुक्ला को अपने प्रतिस्थानी के साथ देवघर श्रावणी मेला 2023 के संबंध में सभी जानकारी व्यावहारिक रूप से साझा करने के बाद प्रभार का आदान-प्रदान करने को कहा गया है। अधिसूचना के अनुसार गिरिडीह के डीडीसी सह जिला परिषद सीइओ शशिभूषण मेहरा को जामताड़ा और सहयोग समितियों के निबंधक मृत्युंजय कुमार बर्णवाल को पाकुड़ का डीसी बनाया गया है। झारखंड औद्योगिक क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक अजय कुमार सिंह को सिमडेगा का डीसी बनाया गया है, जबकि पाकुड़ डीसी वरुण रंजन को धनबाद का और उत्पाद आयुक्त कर्ण सत्यार्थी को गुमला का डीसी बनाया गया है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की संयुक्त सचिव मेघा भारद्वाज अब कोडरमा की डीसी होंगी, जबकि पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के संयुक्त सचिव हिमांशु मोहन लातेहार के डीसी बनाये गये हैं।

# पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह ने मांगी इच्छामृत्यु

- पूर्व डिप्टी मेयर की हत्या के आरोप में जेल में बंद हैं संजीव सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड के झरिया से पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह ने धनबाद जिला सत्र न्यायालय के समक्ष इच्छा मृत्यु की मांग की है। संजीव सिंह ने मंगलवार को न्यायालय में इस संदर्भ में आवेदन दिया है। संजीव सिंह के वकील मो. जावेद ने इस बात की पुष्टि की है। अधिवक्ता मो. जावेद ने बताया कि संजीव सिंह ने जिला एवं सत्र न्यायालय 16 में याचिका दायर की है।

**संजीव सिंह 6 महीने से हैं बीमार :** संजीव सिंह फिलहाल धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल में इलाजरत हैं। संजीव सिंह बीते 6 महीने से लगातार बीमार चल रहे हैं। तामाम दवा और इलाज के बावजूद उनका ब्लड प्रेसर स्थिर नहीं रह रहा है। वह रह-रह कर बेहोश हो जा रहे हैं। उनके लगातार गिरते स्वास्थ्य को लेकर न्यायालय ने रिम्स रांची में इलाज के लिए जेल प्रशासन को आदेश दिया है, लेकिन सुरक्षा कारणों से संजीव सिंह रिम्स रांची में इलाज



के लिए जाने को तैयार नहीं हैं।

**रिम्स में है जान को खतरा :** संजीव सिंह और उनके परिजनों का कहना है कि रिम्स रांची में उनकी जान को खतरा है। परिजनों ने न्यायालय से अपील की है कि धनबाद अथवा बाहर किसी हायर हेल्थ सेंटर में संजीव सिंह को अपने खर्च पर इलाज करवाने की अनुमति दें। परिजन बताते हैं कि संजीव सिंह जिस मामले में जेल में बंद हैं, उस केस का सूचक सत्तारूढ़ दल से जुड़ा हुआ है। ऐसे में रांची रिम्स में सरकारी तंत्र से जान का खतरा है। संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि हो सकता है कि रिम्स रांची में संजीव सिंह का सही इलाज ना हो। बता दें कि साल 2017 को धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह सहित तीन लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। इस मामले में संजीव सिंह को मुख्य आरोपी बनाया गया था।

# मणिपुर हिंसा को लेकर संसद में जम कर हंगामा

## प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन को इस्ट इंडिया जैसा कहा : कांग्रेस अध्यक्ष बोले, आप मणिपुर पर बात करिए

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** मणिपुर मुद्दे पर मंगलवार को लोकसभा और राज्यसभा में जम कर हंगामा हुआ। लोकसभा में सुबह 11 बजे जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, विपक्ष नारेबाजी करने लगा। स्पीकर ने तीन मिनट बाद ही सदन को दो बजे तक स्थगित कर दिया। यही स्थिति लोकसभा के दोबारा शुरू होने पर भी बनी रही। सांसदों ने सदन में नारेबाजी की और अध्यक्ष की आसंदी के पास पहुंच कर इंडिया फॉर मणिपुर के पोस्टर दिखाये। इसके बाद लोकसभा दोबारा 5 बजे तक के लिए स्थगित की गयी। शाम पांच बजे लोकसभा की कार्यवाही फिर शुरू हुई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सरकार की उपलब्धियां गिनायीं। शाह ने खेती-किसानी और सहकारिता की बात की। विपक्ष ने मणिपुर-मणिपुर, शेम-शेम, जवाब दो-जवाब दो, वी वॉन्ट जस्टिस (हमें न्याय चाहिए) के नारे लगाये। उधर, राज्यसभा में भी ऐसे हालात रहे। कार्यवाही पहले 12 बजे और फिर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। मणिपुर के मसले पर चर्चा की मांग को लेकर कांग्रेस और आप समेत विपक्षी दल स्थगन प्रस्ताव लाये थे। तीसरी बार राज्यसभा नारेबाजी के बीच शुरू हुई। इस दौरान संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक 2022 पारित हुआ।

इससे पहले भाजपा संसदीय दल और विपक्षी दलों की अलग-अलग बैठकें हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों के गठबंधन आइएनडीआइए पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सत्ता चाहने वाले और देश को तोड़ने वाले इस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन मुजाहिद्दीन जैसे नाम रख रहे हैं। उधर, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री के बयान पर ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि हम मणिपुर की बात कर रहे हैं और प्रधानमंत्री इंडिया की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से कर रहे। अरे, आप मणिपुर पर बात करिये ना। इधर, केंद्रीय मंत्री अमति शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लेटर लिख कर कहा कि हम मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार हैं।

### मणिपुर में 83 दिन बाद इंटरनेट बहाली के आदेश

इंफाल (आजाद सिपाही)। मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा के बीच 83 दिन बाद इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से शुरू करने का आदेश जारी किया गया है। राज्य में ब्रॉडबैंड सेवाएं कुछ शर्तों के साथ शुरू की जायेंगी। इसके पहले राज्य पुलिस ने कहा कि वह उन लोगों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है, जिन्होंने महिला की हत्या का वीडियो मणिपुर का बताकर वायरल किया। उधर, मणिपुर पुलिस ने दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के केस में सातवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिजोरम में मंगलवार को कुकी समुदाय के समर्थन में रैली निकाली गयी। राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम मंगलवार को मणिपुर पहुंची। वह यहां मैतेई और कुकी समुदाय की रेप पीड़िताओं से मुलाकात करेगी।




## न्यूज रील्स

### लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी जेडीएस

बेंगलुरु। जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष और देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा एलान किया है। उन्होंने साफ किया है कि जेडीएस लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। यानी पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए या कांग्रेस नीत संयुक्त विपक्ष में से किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। देवगौड़ा ने कहा कि हम चाहे चार सीटें जीतें या पांच सीटें या छह, लेकिन हम अकेले ही लड़ेंगे।

### 5 साल में क्या डेवलपमेंट कराया पूछेंगे नरेंद्र मोदी

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के सांसदों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद कई सांसदों के टिकट पक्के होंगे, कई को मायूसी मिलेगी। सांसदों को बताना होगा कि 5 साल में उन्होंने क्या विकास के काम किये। क्यों पार्टी उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में अपना चेहरा बनाये। सांसदों के कामकाज की सर्वे रिपोर्ट पहले ही कोर कमेटी के पास पहुंच चुकी हैं। ऐसे में सांसदों का ये सेल्फ एसेसमेंट ही उनके टिकट की गारंटी साबित हो सकता है।

### ज्ञानवापी पर हाइकोर्ट में सुनवाई आज

प्रयागराज। ज्ञानवापी में एएसआइ सर्वे पर रोक लगाने के लिए मुस्लिम पक्ष ने मंगलवार को हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की। वहीं, सोमवार को हिंदू पक्ष ने भी इस मामले में कैविएट दाखिल की थी। मुस्लिम पक्ष की ओर से एएसआइ सर्वे के खिलाफ मंगलवार को दाखिल याचिका पर जस्टिस प्रकाश पाडिया की सिंगल बेंच ने सुनवाई की। उन्होंने बुधवार को नयी बेंच का गठन करने का आदेश दिया है। वाराणसी जिला जज के फैसले के खिलाफ दाखिल रिट पिटीशन पर अब बुधवार को सुनवाई होगी।

### भारत की आबादी 1 जुलाई को 139 करोड़ हुई

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि भारत की आबादी 139 करोड़ हो गयी। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने लोकसभा में मंगलवार को ये जानकारी दी। उन्होंने लोकसभा को बताया कि संयुक्त राष्ट्र, इकोनॉमिक एंड सोशल अफेयर्स डिपार्टमेंट, पॉपुलेशन डिवीजन के ऑनलाइन पब्लिकेशन और वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्टस 2022 के मुताबिक चीन की जनसंख्या 1 जुलाई 2023 को 1 अरब 42 करोड़ 56 लाख 71 हजार अनुमानित की गयी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,200 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# पश्चिम बंगाल में दरक रहा है ममता बनर्जी का जनाधार

## दो उपचुनाव और फिर पंचायत चुनाव के परिणाम ने बढ़ायी दीदी की चिंता

## इसलिए अब 'आयरन लेडी' के निशाने पर केवल भाजपा और वाम मोर्चा

**भारतीय राजनीति में इंदिरा गांधी के बाद 'आयरन लेडी' का खिताब हासिल कर चुकीं तृणमूल कांग्रेस की मुखिया और 12 साल से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सुर इन दिनों बदले-बदले से हैं। बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक के बाद से कांग्रेस के प्रति उनका रवैया एकदम से मुलायम हो गया है, जबकि वाम मोर्चा और भाजपा के खिलाफ वह बदस्तूर जहर उगल रही हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस लगातार उन पर हमले कर रही है, उनकी सरकार को घेरने का कोई अवसर गंवा नहीं रही है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर ममता दीदी का रवैया इतना बदल क्यों गया है। ममता दीदी के रुख में यह बदलाव अचानक से नहीं आया है, बल्कि इसके पीछे चुनावी राजनीति है। दो साल पहले पश्चिम बंगाल के चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करनेवाली ममता बनर्जी कुछ समय पहले तक खुद को भाजपा के खिलाफ सबसे ताकतवर चेहरा बताने में संकोच नहीं करती थीं, लेकिन इस साल हुए दो उपचुनावों और फिर इसी महीने हुए पंचायत चुनाव के परिणामों ने उनके माथे पर चिंता की लकीरें गहरी कर दी हैं। खुद को लगभग अजेय मानने वालीं ममता दीदी को पहला झटका उस समय लगा, जब उनकी पार्टी सागरदिघी विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव हार गयी। इसके अलावा बालीगंज में उनकी पार्टी को मिले वोट का प्रतिशत घट गया। इस साल मार्च में हुए इन दोनों उपचुनावों के बाद इसी महीने हुए पंचायत चुनाव में टीएमसी के गढ़ कहे जानेवाले मुस्लिम बहुल इलाकों में भी ममता बनर्जी की पार्टी का प्रदर्शन बढ़िया नहीं रहा। इसलिए कहा जाने लगा है कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी का जनाधार दरकने लगा है और टीएमसी के कोर वोटर, यानी मुस्लिम अब उससे दूर जाने लगे हैं। इसलिए ममता दीदी कांग्रेस के करीब आने की कोशिश में जुट गयी हैं। पश्चिम बंगाल के इस नये राजनीतिक समीकरण के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

पिछले 12 साल से पश्चिम बंगाल में सत्ता शीर्ष पर बैठीं भारतीय राजनीति की दूसरी 'आयरन लेडी' ममता बनर्जी इन दिनों कुछ बदली-बदली सी नजर आ रही हैं। दो साल पहले विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार ऐतिहासिक जीत हासिल कर खुद को भाजपा के खिलाफ सबसे ताकतवर शख्स बतानेवाली ममता दीदी आजकल कुछ नरम पड़ गयी हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को 'रुई का गोला' बतानेवाली ममता दीदी का रुख अचानक इस पार्टी के प्रति बदल गया है, जबकि वाम मोर्चा और चिर प्रतिद्वंद्वी भाजपा के खिलाफ उनके तेवर बदस्तूर कड़े हैं। राजनीतिक हलकों में ममता बनर्जी के इस रवैये पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

इस सवाल का जवाब बहुत मुश्किल नहीं है। इस साल पश्चिम बंगाल में दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव हुए। इसके बाद इसी महीने पंचायत चुनाव भी हुए। इन चुनावों के परिणामों ने ममता दीदी के माथे पर चिंता की लकीरें गहरी कर दी हैं। इस साल मार्च में 64 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले सागरदिघी में उपचुनाव हुए। वहां तृणमूल कांग्रेस हार गयी। कांग्रेस वहां से जीत गयी। हालांकि बाद में ममता बनर्जी ने कांग्रेस के एकमात्र विधायक को टीएमसी में शामिल करा लिया। इसके अलावा बालीगंज में हुए उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस की जीत जरूर हुई, लेकिन उसका वोट प्रतिशत 70 से घट कर 49 प्रतिशत हो गया। इसी तरह पंचायत चुनाव में मुस्लिम बहुल भांगड़ में तृणमूल कांग्रेस के सामने नयी पार्टी आइएसएफ ने 43 सीटें जीत लीं। बालीगंज सीट के सात वार्डों में 60 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी है, लेकिन वहां भी टीएमसी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।

### सागरदिघी से हुई शुरुआत

तृणमूल कांग्रेस 2011 से सागरदिघी सीट जीत रही थी। 2021 में हुए विधानसभा चुनाव में यह सीट तृणमूल कांग्रेस के सुब्रत साहा ने 50 हजार वोटों से जीती थी। 22 महीने बाद ही यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गयी। कांग्रेस प्रत्याशी बायरन विश्वास ने 23 हजार वोट से यह चुनाव जीता था। हालांकि नतीजों के कुछ महीने बाद ही वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गये। सागरदिघी में मिली हार का असर सीएम ममता बनर्जी को भी पता है। उस समय तक ममता कांग्रेस पर हमलावर थीं।





### बालीगंज में जीत का अंतर कम हुआ

कोलकाता का दिल कही जाने वाली बालीगंज सीट 2021 में तृणमूल कांग्रेस के सुब्रत मुखर्जी ने 70 फीसदी वोट के साथ जीती थी। भाजपा को 20 और वाम-कांग्रेस गठबंधन को पांच फीसदी वोट मिले थे। सुब्रत मुखर्जी के निधन के बाद यहां उपचुनाव हुए। तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा से आये पूर्व मंत्री बाबुल सुप्रियो को प्रत्याशी बनाया। इसका अल्पसंख्यक समुदाय ने विरोध किया था, क्योंकि भाजपा में रहते हुए वह मुस्लिम विरोधी बयान दे चुके थे। बाबुल जीत तो गये, लेकिन वोट प्रतिशत 70 से घट कर 49 पर आ गया, जबकि वाम-कांग्रेस गठबंधन का वोट बढ़ कर 30 फीसदी पर पहुंच गया।

### भांगड़ में आइएसएफ नयी राजनीतिक ताकत

इन परिणामों से निकले संकेत बताते हैं कि मुस्लिम वोटर के साथ शहरी मतदाता भी ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस से दूर हो रहे हैं। भांगड़ में तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल की सत्ता में आने से पहले जीत रही थी, लेकिन अब वहीं के मुस्लिम वोटर बंट गये हैं। वहां बड़ी संख्या में लोग फुरफुरा शरीफ के पीरजादा अब्बास सिद्दीकी की पार्टी इंडियन सेकुलर फ्रंट यानी आइएसएफ से जुड़ रहे हैं। इलाके के लोगों का कहना है कि उन्हें टीएमसी से केवल छलावा मिला। भांगड़ के ब्लॉक-1 में तो तृणमूल कांग्रेस जीती, लेकिन ब्लॉक-2 में आइएसएफ ने 132 में से 43 सीटें जीत लीं। तृणमूल कांग्रेस ने आइएसएफ का प्रभाव रोकने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। दोनों पार्टियों के आक्रामक अभियान के बीच भांगड़ में नामांकन के दौरान हिंसा हुई, जिसमें तीन लोग मारे गये थे। पंचायत चुनाव में भांगड़ के अलावा मुस्लिम बहुल हुगली, पूर्वी बर्दवान और मालदा में भी तृणमूल कांग्रेस कई सीटों पर हार गयी। इनमें से ज्यादातर सीटें आइएसएफ ने जीती हैं। मालदा में ऐसी भी सीटें हैं, जिन पर तृणमूल कांग्रेस कम अंतर से जीती है।

### दो साल पहले शुरू हुआ ट्रेंड

भांगड़ सिर्फ एक उदाहरण है। बंगाल में बीते दो साल में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, जो बताती हैं कि मुस्लिम वोटर दूसरी पार्टियों की ओर शिफ्ट हो रहे हैं। ये अब तक ममता बनर्जी के साथ एकतरफा खड़े होते थे। तृणमूल कांग्रेस ने 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को पटखनी दी थी। इसकी बड़ी वजह 27 फीसदी मुस्लिम मतदाता थे। उस चुनाव में 80 फीसदी मुस्लिमों ने तृणमूल कांग्रेस को वोट दिया था।

### आखिर अल्पसंख्यक तृणमूल कांग्रेस से दूर क्यों जा रहे हैं

दरअसल, बीते दो साल के दौरान पश्चिम बंगाल की राजनीतिक हिंसा में जितने लोग मरे हैं, उनमें से अधिकांश मुस्लिम समुदाय के थे। सत्ताधारी दल का समर्थक होने के बावजूद मुस्लिमों की मौत ने पूरे समुदाय को यह संदेश दिया है कि राजनीतिक लाभ के लिए उनका इस्तेमाल किया जा रहा है। सत्ता में होने के बावजूद टीएमसी और ममता बनर्जी उनके लिए कुछ नहीं कर रही हैं। इसलिए अल्पसंख्यकों में तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ गुस्सा है। इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के कई ऐसे नेताओं को अपने पाले में किया, जिनका ट्रैक रिकॉर्ड मुस्लिम विरोध का है। भाजपा में रहने के दौरान ये नेता मुस्लिम विरोधी बयान देते थे। इनके बयानों से मुस्लिमों में नाराजगी थी। माना गया कि मुस्लिम समुदाय को इन नेताओं का तृणमूल कांग्रेस में शामिल होना पसंद नहीं आया।

### पश्चिम बंगाल में 27 फीसदी मुस्लिम आबादी किंगमेकर

पश्चिम बंगाल में 27 फीसदी मुस्लिम आबादी चुनाव में हार-जीत तय करती है। पहले उनका समर्थन वाम मोर्चा को था। इसकी बदौलत माकपा ने 34 साल तक पश्चिम बंगाल पर राज किया। 2008 से मुस्लिमों का समर्थन ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को मिलना शुरू हुआ, जो 2021 में चरम पर पहुंचा। बीते दो साल में हुए चुनावों के नतीजों से साफ है कि इनके वोट दोबारा कांग्रेस और वाम मोर्चा की तरफ शिफ्ट हो रहे हैं।

### इसलिए बदला है ममता का रवैया

इस ट्रेंड को भांप कर ही ममता बनर्जी ने अपना रुख बदल लिया है। वह अपने दरकते जनाधार को महसूस कर चुकी हैं। इसलिए वह कांग्रेस की तरफ का दरवाजा खोलने की कोशिश कर रही हैं, क्योंकि वाम मोर्चा कभी उनका समर्थन नहीं कर सकता है। इसलिए ममता बनर्जी बेंगलुरु बैठक के बाद से बदली-बदली नजर आ रही हैं।

---

जनहित याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई

## क्यू कांप्लेक्स निर्माण मामले में सरकार को दिया अंतिम मौका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के निकट क्यू कॉम्प्लेक्स फेज-दो का निर्माण जल्द कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका पर राज्य सरकार को अंतिम मौका देते हुए कहा है कि नवयुग कंपनी लिमिटेड के साथ क्यू कॉम्प्लेक्स के निर्माण के संदर्भ में एक सप्ताह में निर्णय लें। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 अगस्त निर्धारित की है। मामले की सुनवाई मंगलवार को हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

याचिकाकर्ता की ओर से शिवानी जालूका ने पैरवी की। राज्य सरकार की ओर से पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत देवघर में क्यू कॉम्प्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए

**बाबा बैद्यनाथ मंदिर के पास बना रहा क्यू कॉम्प्लेक्स**

120 करोड़ देने का आग्रह सरकार से किया गया है। यह मामला अभी सरकार के पास लंबित है।

सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दाखिल जनहित याचिका में कहा गया है कि बाबा बैजनाथ मंदिर, देवघर के लिए क्यू कॉम्प्लेक्स के दूसरे फेज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से अपने अंशदान के रूप में 25 करोड़ रुपये की राशि दे दी गयी है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से भी अपने हिस्से का फंड उपलब्ध नहीं कराया गया है। नवयुग कंपनी लिमिटेड ने सीएसआर स्कीम के तहत क्यू कॉम्प्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए अपने स्तर से 120 करोड़ देने को लेकर सरकार को पत्र लिखा है। नवयुग कंपनी के इस पत्र पर राज्य सरकार ने निर्णय नहीं लिया है।

### हाइकोर्ट से सरयू राय के खिलाफ दायर पीआइएल निष्पादित

**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्वी जमशेदपुर से विधायक और पूर्ववर्ती सरकार में मंत्री रहे सरयू राय के खिलाफ विनय कुमार सिंह द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने प्रार्थी को उचित फोरम में बात रखने की छूट देते हुए याचिका निष्पादित कर दी। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस की बेंच में हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा।

---

## विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर सत्ता और विपक्ष की बैठक कल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसके मद्देनजर 27 तारीख को सत्ता पक्ष और विपक्षी दल की बैठक बुलायी गयी है। इस बार मानसून सत्र में कई मुद्दों पर विपक्षी दल सरकार से जवाब मांगेगा। भाजपा इस बार कई मुद्दों को विधानसभा में उठाने की तैयारी कर रही है। बांग्लादेशियों के झारखंड में घुसपैठ का मुद्दा जोर-शोर से गुंजेगा।

विपक्ष के सवालों से निपटने के लिए सत्ता पक्ष के विधायक दल की बैठक 27 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास में बुलायी गयी है। इस बैठक में विपक्ष के सवालों से निपटने की रणनीति बनेगी। मुख्यमंत्री आवास में शाम को बैठक होगी। इससे पहले दिन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक मंत्री आलमगीर आलम के डोरंडा स्थिति सरकारी आवास पर होनी है। सत्ता पक्ष एक तरफ सवालों से निपटने की रणनीति बना रहा है तो दूसरी तरफ विपक्ष विधानसभा में किस तरह के सवालों से सरकार को घेरना है इसकी तैयारी के लिए 27 जुलाई को भाजपा ने भी विधायक दल की बैठक बुलायी है। विधानसभा में सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा होगी।



### प्रदेश कार्यालय में होगी भाजपा विधायक दल की बैठक



**रांची। नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा विधायक दल की बैठक होगी। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी प्रदीप वर्मा ने बताया कि झारखंड विधानसभा के आगामी मॉनसून सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 27 जुलाई को प्रदेश कार्यालय में शाम 7 बजे आयोजित है। श्री वर्मा ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी करेंगे। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का भी मार्गदर्शन प्राप्त होगा।**

इधर, हेमंत सरकार ने राज्य के कानून व्यवस्था के सवाल से निपटने के लिए पहले ही राज्य में डीजीपी सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाकर राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर फटकार लगायी है।

---

हाइकोर्ट में कपिल सिब्बल की दलील

## बाबूलाल को नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाया जा सकता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष मामले को लेकर दाखिल विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई 30 अगस्त को होगी।

झारखंड विधानसभा की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के लिए भाजपा ने नाम नहीं दिया है। इस पर भाजपा की ओर से कहा गया कि पहले ही नेता प्रतिपक्ष के नेता के लिए बाबूलाल मरांडी का नाम दिया जा चुका है। इस पर कपिल सिब्बल की ओर से कहा गया कि बाबूलाल मरांडी झाविमो पार्टी से जीत कर आये थे। भाजपा के साथ उनके मर्जर के मामले में अभी तक विधानसभा स्पीकर का कोई निर्णय नहीं आया है। नेता प्रतिपक्ष के लिए ऐसे व्यक्ति का नाम दिया जाना चाहिए, जो भाजपा के सिंबल से लड़ा हो और जीता हो। विधानसभा के बिजनेस में हाइकोर्ट इंटरफेयर नहीं कर सकता।

विधानसभा की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल और हाइकोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। भाजपा की ओर से कुमार हर्ष ने पैरवी की। राजकुमार की ओर से अभय मिश्रा और वरीय अधिवक्ता बीपी सिंह ने पैरवी की।



इससे पहले विधानसभा सचिव ने दो बिंदुओं पर झारखंड हाइकोर्ट में शपथ पत्र दायर किया, जिसमें कहा गया है कि हाइकोर्ट अपने क्षेत्राधिकार के तहत विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश नहीं दे सकता है। हाइकोर्ट हाउस के बिजनेस में एंट्री नहीं कर सकता है। संविधान के आर्टिकल 212 के तहत हाइकोर्ट विधानसभा की कार्यवाही में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। विधानसभा स्पीकर को निर्देश देने का उसे पावर नहीं है।

---

## एक करोड़ रुपये लूटकांड के छह दोषियों को सात साल की सजा

**रांची (आजाद सिपाही)।** अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने मंगलवार को एक करोड़ रुपये लूटकांड के छह दोषियों को सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। साथ ही कोर्ट ने सभी दोषियों को 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। दोषियों में अनमोल सिंघानिया, वसीम अहमद, नजमी हसन, मनोज कुमार भगत, जसीम अहमद और जुल्फेकार उर्फ राजा खान शामिल हैं। अदालत ने सभी को 22 जुलाई को दोषी करार दिया था। राज्य सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक परमानंद यादव ने पक्ष रखा।

उल्लेखनीय है कि रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के ओबरिया रोड से 12 अप्रैल, 2021 को एक करोड़ की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद महुआ कारोबारी शुभम अग्रवाल ने जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इस मामले में अनमोल सिंघानिया, वसीम अहमद, नजमी हसन, मनोज कुमार भगत, जसीम अहमद औरजुल्फेकार उर्फ राजा खान को आरोपित बनाया गया था। इस लूटकांड की साजिश कारोबारी शुभम अग्रवाल के दोस्त अनमोल सिंघानिया ने ही रची थी। पुलिस ने आरोपितों के पास से लूट के 90 लाख रुपये बरामद भी किये थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.4 °c | 22.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.35 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.16 बजे |



# अपराधियों के 16 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है एटीएस

## अलग-अलग गिरोह के 11 अपराधियों को किया गया है गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ राज्य एटीएस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। पिछले एक सप्ताह के दौरान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एटीएस की टीम ने झारखंड के पांच प्रमुख अपराधी गिरोह के 109 ठिकानों पर छापेमारी की है। यानी हर दिन एटीएस की टीम आपराधिक गिरोह के 16 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इस दौरान एटीएस की टीम ने अलग-अलग आपराधिक गिरोह से जुड़े 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अलग- अलग आपराधिक गिरोह के 80 लोगों का सत्यापन किया गया है। 45 संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गयी। 36 लोगों को बांड डाउन कराया गया है। यह जानकारी मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में आइजी अभियान एवी होमकर और एटीएस एसपी सुरेंद्र कुमार झा ने दी।

**अपराधियों का डाटाबेस तैयार किया जा रहा :** मीडिया को बताया गया कि डीजीपी के आदेश पर एटीएस की टीम द्वारा संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्यों का डाटाबेस तैयार किया जा रहा है। जीरो टॉलरेंस को अपनाते हुए उनके खिलाफ एटीएस की कार्रवाई सख्ती के साथ जारी रहेगी। संगठित अपराध में शामिल किसी भी अपराधी और उनको शरण देने वाले व्यक्तियों को बख्शा नहीं जायेगा।

**इन अपराधी गिरोह पर छापारी की गयी :** एटीएस ने अब तक अमन श्रीवास्तव, अमन साहू, अमन सिंह, प्रिंस खान और कालू लामा गिरोह पर छापामारी की है। इन गिरोह से संबंधित अब तक 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमें चंदन साव, बॉबी साव, सोनू कुमार, वारिश अंसारी व राजन कुमार (अमन साहू गिरोह), ऐजाज अंसारी व मिंकु खान (अमन श्रीवास्तव गिरोह), रोहित मुंडा, अभिषेक मल्लिक व शुभम विश्वकर्मा (कालू लामा गिरोह) और अशरफ (प्रिंस खान गिरोह) शामिल हैं। इस दौरान एटीएस को 5 पिस्तौल, 1 रिवाल्वर, 49.83 लाख रुपये, 8 राउंड गोली, 2 मैगजीन, 1 स्कॉर्पियो, 2 बाइक और 14 मोबाइल फोन हाथ लगे हैं।

### झारखंड एटीएस को 11 सब इंस्पेक्टर और 7 एएसआइ मिले

रांची (आजाद सिपाही)। डीजीपी के आदेश पर झारखंड एटीएस में विभिन्न जिलों के 11 सब इंस्पेक्टर और 7 एएसआइ को पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना डीआइजी कार्मिक के द्वारा जारी कर दी गयी है? संबंधित जिले के एसपी को निर्देश दिया गया है कि इन पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से विरमित करते हुए पुलिस मुख्यालय को अवगत करायें।

# भाजपा के पांच पूर्व मंत्रियों की संपत्ति की जांच का आदेश एक राजनीतिक स्टंट : बाबूलाल

कहा- मुख्यमंत्री उच्च न्यायालय के हलफनामे में घोषित अपने परिवार की 108 संपत्ति की जांच भी एसीबी से करा कर मिसाल पेश करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कटघरे में खड़ा किया। श्री मरांडी मंगलवार को हेमंत सरकार की कैबिनेट बैठक में भाजपा के पांच पूर्व मंत्रियों की संपत्ति की जांच एसीबी से कराने के निर्णय पर कड़ी प्रतिक्रिया दे रहे थे। श्री मरांडी ने कहा कि इस प्रकार की जांच तो विभागीय मंत्री के आदेश से हो सकती है, फिर इतने तामझाम से कैबिनेट में प्रस्ताव लाना राजनीतिक ड्रामेबाजी से अधिक कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा जांच से नहीं भागती। लेकिन अच्छा होता मुख्यमंत्री यदि इतना ही भ्रष्टाचार के खिलाफ संवेदनशील हैं, तो उसकी शुरुआत अपने घर से ही करें।

कहा कि सोरेन परिवार ने दिल्ली उच्च न्यायालय में लोकपाल की सुनवाई में हलफनामा देकर 108 संपत्ति की घोषणा की है और न जाने कितनी अघोषित संपत्ति है, जो अभी इडी के छापों के दौरान पकड़े जाने की खबरें अखबारों में आ रही हैं।

कहा कि हिम्मत है तो मुख्यमंत्री इस घोषित-अघोषित सभी संपत्तियों के स्रोत की जांच अपनी ही सरकार के एसीबी से करा कर आदर्श प्रस्तुत करें।

### चार्जशीटेड को थानेदार बनाने की क्या मजबूरी है राज्य सरकार को: बाबूलाल



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। श्री मरांडी ने कहा कि जब माझी ही नाव को डुबाने लगे, तो फिर कौन बचाये। उन्होंने कहा कि राज्य में आज रक्षक ही भक्षक बन गये हैं। उन्होंने कहा कि रांची के एसएसपी सड़क पर घूम रहे और अपराधी थाना संभाल रहे। श्री मरांडी ने कहा कि आदिवासियों से घूस लेते रंगे हाथ पकड़े गये चार्जशीटेड और जमानत पर जेल से छूटी अपराधी मीरा सिंह को थानेदार बनाने की आखिर रांची एसएसपी की कौन सी मजबूरी है। उन्होंने कहा कि पत्रकार पर 14 सनहा के बाद एफआइआर करनेवाली तुपुदाना की घूसखोर थानेदार मीरा सिंह की करतूत फिर सामने आयी है। जेल भेजे गये प्रदीप साहू ने पत्र लिख कर बताया है कि कैसे उनके पत्रकार भाई संजय साहू को फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि एसएसपी को पत्रकार ने पहले ही बताया था कि 14 सनहा दर्ज करनेवाली चार्जशीटेड अपराधी और जमानत पर रिहा मीरा सिंह उन्हें फर्जी केस फंसाने का प्रयास करेंगी और वही हुआ। उन्होंने कहा कि आखिर सिस्टम में बैठे अपराधियों को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी देने की कौन सी मजबूरी है?

# भाजपा के पास बांग्लादेशी घुसपैठियों का नहीं है कोई साक्ष्य: सुप्रियो

राज्यपाल के बयान पर झामुमो का पलटवार, कहा- राज्यपाल को चाहिए था कि वह मणिपुर पर अपनी चिंता व्यक्त करते

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर दिये बयान पर झामुमो ने पलटवार किया है। मंगलवार को झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्यपाल को पता होना चाहिए कि झारखंड का कोई भी सीमांचल बांग्लादेश के साथ जुड़ा हुआ नहीं है। बॉर्डर पर भी 24 घंटे केंद्र की तरफ से जवान तैनात रहते हैं। पत्रकारों से बात करते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्यपाल केवल बीजेपी को सदन के लिए मुद्दा देने का काम कर रहे हैं। एक आदिवासी राज्य के सबसे बड़े संवैधानिक पर होने के नाते राज्यपाल को चाहिए था कि वह मणिपुर पर अपनी चिंता व्यक्त करते, लेकिन इस विषय पर उन्होंने कुछ नहीं कहा। उन्हें चिंता है, तो केवल बांग्लादेशी घुसपैठियों की। उन्होंने कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में बीजेपी के पास एक भी साक्ष्य नहीं है, ताकि उनकी बातें सच साबित हो सके। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि राज्यपाल महोदय इन दिनों विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस मनाने में व्यस्त हैं। उन्हें झारखंड के बारे में भी सोचना चाहिए।

### पीएम मोदी से पूछे सवाल

सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आजकल आइएनडीआइए नाम से अजीब सी परेशानी होने लगी है। उनकी बात से यह परेशानी साफ हो गयी। वह कहते हैं ईस्ट इंडिया कंपनी ने यह नाम रखा था। इस पर उन्होंने पीएम मोदी से सवाल किया कि जो बात-बात पर खेलो इंडिया, स्मार्ट इंडिया, पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया आदि अन्य योजनाओं में इंडिया का जिक्र करते हैं, तो क्या ये सब ईस्ट इंडिया कंपनी का ही हिस्सा हैं।

# आदिवासी बहन के साथ हुए गैंगरेप के आरोपियों को फांसी दो: आरती कुजूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मणिपुर की घटना पर पूरे देश में चिल्ला चिल्ला कर घड़ियाली आंसू बहाने वाले यूपीए गठबंधन के लोग आज पाकुड़ की घटना पर मौन हैं। यह बयान भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने दिया है।

इतना हल्ला और विरोध होने के बाबजूद पाकुड़ में एक आदिवासी बहन के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। झारखंड में लगातार दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ी हैं। दुष्कर्म, हत्या आम बात हो गयी है। कानून का डर खत्म हो गया है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा चाहे वह मणिपुर में हो, राजस्थान में हो, बंगाल में हो या झारखंड में, राजनीति से ऊपर उठ कर इसका विरोध करें। ऐसे अपराधियों की कोई जाति धर्म नहीं होता, इसलिए सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक या अन्य गैर सरकारी संस्था सभी महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसक घटना के खिलाफ खड़े हों। झारखंड के मुख्यमंत्री से भी आग्रह है कि बहनों के खिलाफ घट रही घटना पर त्वरित करवाई हो। ऐसी सजा मिले कि लोगों को भय हो और राष्ट्रपति को पत्र भी लिखें आदिवासी मुख्यमंत्री, आदिवासी राज्य और आदिवासी बहनों के साथ सभी बहनों के ऊपर हो रहे जुल्म की दास्तां लिखें।

# महिलाओं को सुरक्षा देने में फेल है सरकार, इस्तीफा दे दें गृह मंत्री: आइसा

मणिपुर में महिलाओं के साथ जो हुआ है वह जघन्य अपराध है, मणिपुर 80 दिनों से जल रहा

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन आइसा ने महेंद्र सिंह भवन रांची में प्रेस वार्ता आयोजित किया। आइसा के राष्ट्रीय ज्वाइंट सेक्रेट्री नीलाशिष बोस ने कहा कि देश में शिक्षा की हालत बद्तर होते जा रही है। नयी शिक्षा नीति 2020 आने के बाद से देशभर के अलग-अलग विश्वविद्यालयों में लगातार फीस बढ़ायी जा रही है। जिससे झारखंड भी अछूता नहीं है। झारखंड के विश्वविद्यालयों में लगभग 40% प्रोफेसरों का पद खाली है जो उच्च शिक्षा का चिंतनीय विषय बना हुआ है। राज्य के 95% स्कूलों में प्रधानाध्यापक नहीं हैं। यूनेस्को की रिपोर्ट के अनुसार 7000 स्कूलों में औसतन 1 शिक्षक पढ़ा रहे।

### फेलोशिप में हो रही कटौती

4 साल से साइकिल योजना को बंद कर दिया गया है। दूसरी तरफ झारखंड में सीयूइटी लागू करने पर जोर दिया जा रहा है जिससे छात्रों पर आर्थिक बोझ देने की तैयारी है। ऊपर से एफवाइयूपी लाकर फीस बढ़ोतरी कर गरीबों को उच्च शिक्षा से दूर करने कि कोशिश है। स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक के फेलोशिप में कटौती लगातार कर रही है। वहीं झारखंड के कई हिस्सों में ऑल चिकी लिपी में यूकेजी से पीजी तक की पढ़ाई की मांग हो रही है जो जायज है। कैंपस में छात्र आंदोलन को कुचलने के लिए छात्र संघ का चुनाव सरकार नहीं करा रही है।

### महिलाओं के साथ हो रहा जघन्य अपराध

कहा कि मणिपुर के महिलाओं के साथ जघन्य अपराध हो रहा है। इसलिए मणिपुर के मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। मणिपुर में महिलाओं के साथ जो हुआ है वह जघन्य अपराध है। इससे पूरे देश को शर्मसार होना पड़ा और पूरी दुनिया में बदनामी हुई है। मणिपुर पिछले 80 दिन से जल रहा है। वहां कि सरकार सोई हुई थी, जब सोशल मिडिया पर वीडियो वायरल हुआ तब सरकार बोलने पर मजबूर हुई है। पूरे देश में महिलाओं के साथ रेप, छेड़खानी जैसे घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। भाजपा सरकार जब बिल्किस बानो के दुष्कर्मियो को छोड़ देती है। तभी पूरी दुनिया समझ जाती है कि सरकार महिलाओं को कितना सुरक्षा देगी? आइसा मांग करती है कि मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए।

### 9 से 11 अगस्त तक 10वां राष्ट्रीय सम्मेलन

उपरोक्त सवालों को संगठित करने के लिए आइसा 9 से 11 अगस्त तक कोलकाता में 10वां राष्ट्रीय सम्मेलन कर रही है। विश्व के कई देशों से छात्र प्रतिनिधि के साथ देश भर से प्रोफेसर, सामाजिक कार्यकर्ता, देश के अलग-अलग विश्वविद्यालय से हजारों प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रेस कांफ्रेंस में आइसा के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ, आइसा के पूर्व राज्य अध्यक्ष सोहेल एवं राज्य कार्यकारणी सदस्य सोनाली केवट, छूटूराम महतो मौजूद थे।

# हाइकोर्ट ने दिया प्रखंड प्रमुख का चुनाव स्थगित करने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा प्रखंड प्रमुख पद के चुनाव के लिए बुधवार 26 जुलाई का दिन निर्धारित किया गया था, जिस पर झारखंड उच्च न्यायालय ने रोक लगाने का आदेश दिया है। तत्कालीन प्रमुख अमला मुर्मू द्वारा उच्च न्यायालय में दायर की गयी रिट याचिका की सुनवाई के बाद मंगलवार को न्यायालय ने तत्काल चुनाव को स्थगित करने के साथ ही राज्य सरकार से जबाव तलब किया है। जबाव देने के लिए सरकार को चार सप्ताह का समय दिया गया है। इस संबंध में उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता आरएसपी सिन्हा ने कहा कि सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त और निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव आयोग के नियमावली का अनुपालन नहीं किया है और नियमों के विरुद्ध चांडिल के निवर्तमान प्रमुख अमला मुर्मू की सदस्यता को रद्द किया है। उन्होंने कहा कि अमला मुर्मू बनाम चुनाव आयोग, झारखंड सरकार, गुरुपद हांसदा और संबंधित अधिकारियों के मामले में दोनों पक्षों के जबाव दाखिल होने के बाद ही अंतिम सुनवाई होगी।

### नहीं मिला स्टे ऑर्डर

इधर इस संबंध में चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा ने बताया कि चांडिल में प्रमुख का चुनाव स्थगित करने से संबंधित किसी प्रकार की सूचना उन्हें नहीं है। इस संबंध में किसी प्रकार का स्टे ऑर्डर भी नहीं मिला है। अगर स्टे ऑर्डर नहीं मिलता है तो प्रमुख का चुनाव होगा और चुनाव होने के पूर्व तक अगर स्टे ऑर्डर मिल जाता है, तो चुनाव को स्थगित कर दिया जायेगा।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना, उच्चस्तरीय लोगों से संपर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी। |
| वृष | कुछ ऐसी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा जो काफी दिनों से लंबित रहे। |
| मिथुन | आजीविका के क्षेत्र में सफलता, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर, राजनीतिक लाभ। |
| कर्क | धार्मिक कार्य में रूचि, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण, आत्मविश्वास में वृद्धि। |
| सिंह | नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होने में कुछ बिलंब होने की संभावना। |
| कन्या | प्रेमप्रसंगों में उलझन होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद। |
| तुला | जमीन-मकान संबंधी महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे, छात्रों के लिए समय उत्साहवर्धक रहेगा। |
| वृश्चिक | राजनीतिक व्यक्तियों को प्रभावशाली पद प्राप्त होगा, प्रेरक प्रसंगों की अभिवृद्धि होगी। |
| धनु | विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। |
| मकर | सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से दूर रहें, हर्षदायक समाचार मिलेंगे। |
| कुंभ | स्वास्थ्य में सुधार, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। |
| मीन | सरकारी और न्यायालयीय कार्यों में कठिनाई उत्पन्न होगी, कठिन परिश्रम-प्रयत्न से व्यापार में लाभ। |

# सौतेली मां ने बेटे को रॉड से पीटा और गला दबा कर मार डाला, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के मनहूं गांव में एक सौतेली मां ने अपने बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित मां को गिरफ्तार कर लिया है। उसने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है। यह घटना सोमवार रात की है।

मनहूं गांव के लालमोहन यादव की पहली पत्नी की मौत सांप काटने से करीब एक दशक पहले हो गयी थी। पहली पत्नी से दो लड़के थे, जिसमें विवेक बड़ा था। उसने दूसरी शादी पिपरा थाना क्षेत्र के दलपतपुर की काजल देवी से की। काजल से दो लड़कियां हैं। लालमोहन ड्राइवरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। ग्रामीणों ने बताया कि काजल सौतेले बेटों से काफी डाह रखती थी और बच्चों से अक्सर झगड़ा भी करती थी। उसे खुद की कोख से बेटा न होने का भी मलाल रहता था ।

हत्या के बाद शव को गड्ढे में फेंक दिया

थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि विवेक (11) की हत्या के पूर्व भी उसने विवेक को एक बार हंसुआ से काट दिया था। इस घटना के बाद लालमोहन ने विवेक को अपनी बहन के पास पहुंचा दिया था, जहां रह कर उसकी पढ़ाई होती थी, लेकिन काजल ने पति से झगड़ा करके विवेक को फिर घर वापस बुलवा लिया और उसने इस हत्याकांड को अंजाम दे दिया। हत्या से पहले सौतेली मां ने विवेक की रॉड से पिटाई की और उससे भी जी नहीं भरा तो फिर गला दबा कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद काजल ने बेटे के शव को गड्ढे में फेंक दिया। पुलिस ने हत्यारोपित मां को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटनास्थल से खून से सना हुआ गमछा और विवेक के कपड़े को भी बरामद किया है। पुलिस हत्यारोपित से पूछताछ कर रही है।

# झारखंड के चार वृद्ध आश्रमों में रहते हैं 200 वरिष्ठ नागरिक



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री प्रतिमा भौमिक ने बताया कि देश के वृद्ध आश्रमों में 18080 वरिष्ठ नागरिक रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के आश्रय, पोषण, चिकित्सा देखभाल और मनोरंजक कार्यकलाप जैसी सुविधाओं के साथ भारत में 601 वृद्ध आश्रमों का निःशुल्क संचालन किया जा रहा है। इसका संचालन विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा किया जाता है। इस आशय की जानकारी केंद्रीय मंत्री ने मंगलवार को लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान दी। रांची के सांसद संजय सेठ ने सरकार से यह सवाल पूछा था कि देश के वृद्ध आश्रमों में रह रहे वृद्ध लोगों की वर्तमान संख्या कितनी है? झारखंड में कितने वृद्ध आश्रम संचालित किये जा रहे हैं? इसके लिए कितनी धनराशि जारी की गयी है? इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश के सभी राज्यों में 601 वृद्धाश्रम संचालित किये जा रहे हैं, जिसमें झारखंड में चार वृद्धाश्रम संचालित हैं। देवघर, पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में इन वृद्ध आश्रमों का संचालन निःशुल्क रूप से किया जा रहा है। झारखंड के चार वृद्ध आश्रमों में 200 वरिष्ठ नागरिक रह रहे हैं जबकि ओड़िशा जैसे छोटे से राज्य में 79 वृद्ध आश्रम हैं, जहां 2100 वरिष्ठ नागरिक रहते हैं।

सांसद संजय सेठ के पूछे गये सवाल पर राज्यमंत्री ने दी जानकारी

# झारखंड के 21 जिलों में सामान्य से कम बारिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड को मानसून ने इस बार फिर से दगा दे दिया है। राज्य के 21 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गयी है। राज्य से मानसून की बेरुखी का असर यह है कि 24 जुलाई तक राज्य में 434.7 एमएम की जगह मात्र 236.3 एमएम वर्षा हुई है, जो सामान्य से 46 प्रतिशत कम है। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक वर्षा 36 एमएम बोकारो में रिकॉर्ड की गयी है, जबकि अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेसि. गोड्डा का रहा है। राज्य में सामान्य से कम वर्षा होने के कारण 12.79 प्रतिशत ही धान की रोपनी हो पायी है। रांची मौसम केंद्र के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा है कि अभी मानसूनी टर्फ लाइन झारखंड के दक्षिण में ओड़िशा के ऊपर से गुजर रही है। इसी वजह से झारखंड में मानसून की स्थिति अभी कमजोर है। अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी मध्य और उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सकुर्लेशन बन रहा है, जो लो प्रेशर में तब्दील होगा। इसके प्रभाव से 28 जुलाई से राज्य में अच्छी मानसूनी वर्षा की उम्मीद है।

कम वर्षा होने के कारण 12.79 प्रतिशत ही धान की रोपनी हो पायी है

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## केंद्रीय सरना समिति के साथ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

# छात्राओं के साथ छेड़छाड़ मामले में नाराज लोगों ने थाना का किया घेराव

**आदिवासी बच्चियों के साथ लगातार इस तरह की घटना घट रही : अजय तिर्की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिठौरिया थाना क्षेत्र के एक स्कूल में छात्राओं के साथ छेड़छाड़ को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हैं। केंद्रीय सरना समिति के बैनर तले मंगलवार को छात्राओं के परिजन और सैकड़ों ग्रामीणों ने आरोपित शिक्षक की गिरफ्तारी के लिए थाना का घेराव किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जम कर नारेबाजी की।

सैकड़ों ग्रामीण पारंपरिक हरवे हथियार के साथ थाना पहुंचे। बाद में शिक्षक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पिठौरिया थाना से लेकर निश्चल मेमोरियल हाइस्कूल, जहां पर घटना घटी, तक जुलूस की शक्ल में शिक्षक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पहुंचे। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर राजकुमार यादव ने ग्रामीणों को बहुत समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े थे। बाद में प्रशासन की तरफ से बताया गया कि आरोपित शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

पंचायत के मुखिया राजकिशोर मुंडा ने कहा कि गांव की तीन बच्चियां निश्चल मेमोरियल हाइस्कूल में पढ़ने जाती हैं। वहां के शिक्षक रनथु मिश्रा उर्फ जगन्नाथ मिश्रा कई महीनों से बच्चियों के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करता था। इस तरह की घटना सोमवार को भी विद्यालय में घटी। बाद में बच्चियों ने परिजनों को इसकी पूरी जानकारी दी। इसके बाद थाना में आवेदन देकर आरोपित शिक्षक पर एफआइआर दर्ज कराया गया है। मौके पर पहुंचे केंद्रीय सरना समिति सदस्य के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि आदिवासी बच्चियों के साथ लगातार इस तरह की घटना घट रही है। मुख्यमंत्री से मिल कर इस पर जल्द ही एक कानून बनाया जायेगा, ताकि ऐसे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। मामले को लेकर थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

# भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा चलायेगा 'माटी, रोटी और बेटी बचाओ' अभियान

**मोर्चा पूरे प्रदेश भर में पदयात्रा कर आदिवासी समाज के बीच जनजागरण चलायेगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने की। बैठक में रोटी, बेटी, माटी बचाओ अभियान कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा की गयी।

इस अवसर पर मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि झारखंड के आदिवासी समाज को कुछ समूह विशेष के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से शिकार किया जा रहा है। आज राज्य की आदिवासी समुदाय के जमीन, उनके जीने के संसाधन को लूटकर उसकी रोटी छीनी जा रही है, और उनकी मां-बहन बेटियों की ना सिर्फ इज्जत, आबरू लूटी जा रही है बल्कि बोटी-बोटी काटकर निर्मम हत्याएं भी जा रही हैं। कुल मिलाकर योजनाबद्ध तरीके से आदिवासी समाज के अस्तित्व को ही मिटाने का षड्यंत्र किया गया है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा पूरे राज्य में माटी, रोटी, बेटी बचाओ अभियान के माध्यम से पूरे प्रदेश में एक कोने से दूसरे कोने तक पदयात्रा कर आदिवासी समाज के बीच जनजागरण चलायेगा। यह अभियान आगामी 5 अक्टूबर रानी दुर्गावती के 500 वीं जन्म जयंती के अवसर पर प्रारंभ होकर संविधान दिवस 26 नवंबर को संपन्न होगी। पदयात्रा अमर शहीद सिदो-कान्हू की जन्मस्थली भोगनाडीह से प्रारंभ होकर पलामू के अमर शहीद नीलांबर- पीतांबर की जन्म स्थली में जाकर संपन्न होगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, मोर्चा प्रभारी एवं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक, सूलेंन गाड़ी, बिरसा मिंज, सहित कई अन्य मौजूद थे।

# दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में इस्पात के उत्पादन, घरेलू खपत और निर्यात से संबंधित जानकारी मांगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में केंद्रीय इस्पात मंत्रालय से इस्पात के उत्पादन, घरेलू खपत व निर्यात से संबंधित जानकारी मांगी। उन्होंने जानना चाहा कि विगत तीन वर्षों एवं चालू वित्तीय वर्ष के दौरान इस्पात के उत्पादन, घरेलू खपत एवं निर्यात के लिए निर्धारित और प्राप्त किये गये लक्ष्यों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है तथा आगामी लक्ष्यों के बारे में भी पूछा। इस पर केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने बताया कि इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। इसलिए इस्पात उत्पादन, घरेलू खपत और निर्यात के लक्ष्य सरकार द्वारा निर्धारित नहीं किये जाते हैं। इस्पात उत्पादन, घरेलू खपत और निर्यात से संबंधित निर्णय अलग-अलग इस्पात उत्पादकों द्वारा बाजार की मांग और अन्य वाणिज्यिक सोच-विचारों के आधार पर लिये जाते हैं। सरकार के द्वारा आगामी वर्षों में इस्पात के उत्पादन एवं निर्यात में वृद्धि करने के लिए कोई कदम उठाये जाने के बारे में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि घरेलू उपयोग के लिए देश में ही विशेष इस्पात के विनिर्माण को बढ़ावा देने तथा पूंजीगत निवेश को आकर्षित कर आयात को कम करने के लिए 6,322 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ विशेष इस्पात के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना को अधिसूचित करना लक्ष्य में शामिल है।

# पत्नी को डॉक्टर से दिखाने के लिए कॉल किया, साइबर अपराधियों ने रजिस्ट्रेशन के नाम पर फोन कर खाता से 79 हजार रुपये उड़ाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अगर आप डॉक्टर के यहां ऑन लाइन नंबर लगा रहे हैं, तो संभल के। साइबर अपराधी आपसे ठगी कर सकते हैं।

डॉक्टर के यहां रजिस्ट्रेशन कराने के नाम पर लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित वासुदेव नगर कांटाटोली निवासी अनय कुमार के खाते से साइबर अपराधियों ने 79 हजार रुपये उड़ा लिये। इस संबंध में अनय कुमार ने लोअर बाजार में अज्ञात मोबाइल नंबरों के विरुद्ध 23 जुलाई को धोखाधड़ी और साइबर ठगी की प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि उन्होंने अपनी पत्नी को डॉक्टर से दिखाने के लिए एक नंबर पर कॉल किया था। उसके कुछ ही देर बाद उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल करनेवाले ने कहा कि डॉ से दिखाने के लिए आपको एक लिंक भेज रहे हैं।

आप उस पर 10 रुपये का ऑन लाइन पेमेंट कर रजिस्ट्रेशन करा लें। अनय कुमार को उस पर शक हुआ। उन्होंने रजिस्ट्रेशन कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्हें लगातार अलग-अलग तीन अज्ञात मोबाइल नंबरों से रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कॉल आता रहा। अनय कुमार ने अपने यूपीआइ का लिमिट कम कर दिया कि कोई उनके खाते से पैसे ना निकाल ले। इसके बाद भी साइबर अपराधियों ने उनके खाते से 79 हजार रुपये उड़ा लिये। उनके खाते से जिस खाते में रुपये ट्रांसफर हुए उस खातेधारी का नाम मिशल जायसवाल था। इसके बाद अनय कुमार ने अज्ञात नंबरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसद संजय सेठ की तारीफ की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची /दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रांची के सांसद संजय सेठ की खुलकर तारीफ की। विगत दिनों सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन रांची में हुआ था। इससे संबंधित पुस्तक व जानकारियां इस संसदीय दल की बैठक में सबके साथ साझा की गयी थी। इससे पूर्व में भी सांसद संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रांची लोकसभा क्षेत्र की अपनी गतिविधियों और सांसद सांस्कृतिक महोत्सव से अवगत कराया था। इसके बाद प्रधानमंत्री ने मंगलवार को सांसदों के सामने संजय सेठ की तारीफ की। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी सांसदों को समाज से जुड़ने के लिए ऐसी गतिविधियां करनी चाहिए। सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन हर सांसद अपने अपने क्षेत्र में सुनिश्चित करें। यह दूसरी बार है जब प्रधानमंत्री ने सांसद संजय सेठ की तारीफ की है।

# हाइकोर्ट ने जेटेट परीक्षा मामले में राज्य सरकार से 18 अगस्त तक मांगा जवाब

**झारखंड में सीटेट को जेटेट की तरह मान्यता देने की मांग**

**2016 के बाद से अब तक जेटेट परीक्षा नहीं ली गयी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका पर राज्य सरकार के अधिवक्ता को झारखंड सरकार से इंस्ट्रक्शन लेने का निर्देश दिया गया है। कोर्ट ने इस संदर्भ में 18 अगस्त तक राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

अगली सुनवाई 18 अगस्त को होगी। कोर्ट ने इस मामले में झारखंड सरकार से पूछा कि क्या वर्ष 2016 के बाद से अब तक जेटेट परीक्षा नहीं ली है तो ऐसे में 23 अगस्त 2010 के एनसीटीइ की गाइडलाइन में प्रावधान है कि अगर राज्य सरकार टेट परीक्षा नहीं लेती है, तो दूसरे राज्य या केंद्र सरकार से टेट पास अभ्यर्थियों को शिक्षक नियुक्ति में कंसीडर किया जायेगा।

मामले की सुनवाई मंगलवार को चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि झारखंड में वर्ष 2016 के बाद से जेटेट की परीक्षा क्यों नहीं ली गयी? याचिकाकर्ता की ओर से रोहित रंजन सिन्हा और विशाल कुमार ने पैरवी की। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से राज्य सरकार को जेटेट परीक्षा शीघ्र लेने संबंधी आदेश देने का आग्रह किया है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि बीते सात वर्षों से झारखंड में जेटेट की परीक्षा आयोजित नहीं हो रही है, ऐसे में सीटेट को भी जेटेट की तरह झारखंड में मान्यता दी जाये, क्योंकि सीटेट पास अभ्यर्थियों की उम्र सीमा भी धीरे-धीरे खत्म हो रही है। बता दें कि 19 जुलाई को राज्य के कार्मिक विभाग ने सहायक शिक्षक के 26001 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का विज्ञापन जारी किया। इसमें 50 फीसदी सीटें पारा शिक्षकों के लिए आरक्षित की गयी हैं।

# रांची में ट्रैफिक नियम तोड़ा, तो घर तक पहुंच जायेगा ई-चालान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में अब ई-चालान की व्यवस्था शुरू हो गयी है और इसके लिए स्मार्ट सिटी की ओर से शहर के चप्पे-चप्पे पर विभिन्न प्रकार के अत्याधुनिक तकनीकी के उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन उच्च तकनीकी वाले उपकरणों के माध्यम से शहर की सड़कों पर चलने वाले सभी वाहनों की गहन निगरानी की जा रही है और यातायात नियम का पालन नही करने वालों को स्वतः इस सिस्टम के तहत चिह्नित कर ई चालान भेजा जा रहा है। परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर रांची स्मार्ट सिटी के कमांड सेंटर से ये चालान निर्गत किये जा रहे हैं।

अब तक एक महीने में केवल हेलमेट नहीं पहनने वालों के रूप में 50 हजार से ज्यादा लोगों को चिह्नित करके उनके द्वारा किये गये नियम उल्लंघन, किस जगह पर नियम तोड़ा और गाड़ी सहित सभी ब्यौरा ट्रैफिक पुलिस को भेजा जा चुका है। रांची यातायात पुलिस ने इस डाटा के आधार पर ई चालान भेजना शुरू कर दिया है। शहर में निर्धारित गति सीमा से ज्यादा स्पीड में चलने वाले वाहनों पर भी चालान कटना शुरू हो गया है। महज पांच दिनों में 1500 से ज्यादा वैसे लोगों को चिह्नित कर लिया गया है, जो निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन कर रहे हैं। इससे भी ज्यादा सावधान रहनेवाली बात ये है कि अब गलत दिशा में चलनेवाले वाहनों का भी ई चालान कटना शुरू हो गया है।

शहर के 70 जंक्शन से यातायात नियम तोड़नेवालों पर नजर रखी जा रही है और इसके लिए रांची स्मार्ट सिटी और रांची पुलिस की ओर से कुल 1000 से ज्यादा उपकरणों की मदद ली जा रही है। इन उपकरणों में आइटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रांजिट मैनेजमेंट सिस्टम) के तहत आरएलवीडी कैमरे, एएनपीआर कैमरे और एसवीडी कैमरों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीइओ अमित कुमार और रांची एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर के साथ डेडीकेटेड मैन पावर रख कर ई चालान निर्गत करने का काम किया जा रहा है। रांची स्मार्ट सिटी के कर्मियों को विशेष निर्देश दिये गये हैं।

# एनएसयूआइ ने योगदा सत्संग कॉलेज के प्राचार्य को हटाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनएसयूआइ ने योगदा सत्संग कॉलेज के प्राचार्य डॉ श्याम पांडेय को हटाने की मांग की। मंगलवार को कांग्रेस भवन में मीडिया से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष रोहित पांडेय ने आरोप लगाया कि जेपीएससी और रांची विश्वविद्यालय प्रशासन पिछले दरवाजे से कॉलेज प्राचार्य की मदद करते हुए यूजीसी के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि डॉ श्याम पांडेय ने वर्ष 2001 में हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जबलपुर से बीइ की डिग्री प्राप्त की और इसके बाद वर्ष 2003 में इन्होंने आइआइटी रुड़की से एमटेक की डिग्री प्राप्त की। इन्हें पीएचडी की उपाधि वर्ष 2014 में अपने तत्कालीन कार्यस्थल यूपीइएस, देहरादून से प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यूजीसी अधिनियम 2018 जिसे झारखंड सरकार ने वर्ष 2021 में अधिसूचित किया है, के अंतर्गत प्राचार्य पद के लिए न्यूनतम 15 वर्ष की सेवा और एसोसिएट प्रोफेसर होना अनिवार्य है। जबकि डॉ श्याम पांडेय को हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जबलपुर में यूजीसी वेतनमान से काफी कम स्केल मासिक वेतन का भुगतान किया जाता था। इस कारण नियमानुसार इनकी यह सेवा अवधि गणना के योग्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि योगदा कॉलेज में पिछले 15 वर्षों से कोई स्थाई प्राचार्य नहीं है और नियुक्ति की भी गयी है, तो जेपीएससी से उसकी स्वीकृति नहीं मिली है। एनएसयूआई ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। प्रेसवार्ता में अनिकेत राज, अमरजीत कुमार, अमन, हुसैन सहित अन्य मौजूद थे।

# कैंब्रियन पब्लिक स्कूल के टॉपर्स सम्मानित

**सफलता के लिए जुनून, मेहनत और लगन जरूरी: मिथिलेश केरकेट्टा**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिलेश केरकेट्टा ने कहा कि सफलता के लिए जुनून, मेहनत और लगन की जरूरत होती है। जो मेहनत करेगा और संघर्षों से नहीं घबरायेगा उसे ही सफलता मिलेगी। वे मंगलवार को कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में टॉपर्स के लिए आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले प्राचार्य डॉ नीता पांडेय ने मुख्य अतिथि मिथिलेश क्रिकेटर और विशिष्ट अतिथि मां वैष्णवी ट्रस्ट के चेयरमैन अनिल कुमार तिवारी का शॉल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा समग्र विकास का पथ प्रशस्त करती है। व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति का दायित्व है कि वह समाज में शिक्षा का अलख जगाये। प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर 90 प्रतिशत से अधिक और विषय वार शत प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## मोहर्रम को लेकर प्रशासन सतर्क: चप्पे-चप्पे पर रखी जायेगी सीसीटीवी से नजर

# शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर तैनात हैं सुरक्षाकर्मी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में मोहर्रम को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी हैं। 29 जुलाई को निकलने वाले जुलूस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत की जा रही है। रांची में शांति कायम रहे, इसे लेकर पुलिस और प्रशासन अलर्ट है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सुरक्षा बल की तैनाती की जाने लगी है।

**दो हजार से अधिक सुरक्षा बल की होगी तैनाती**

दो हजार से ज्यादा पुलिस बल की तैनाती इलाके में होनी है। सुरक्षा बल में जिला बल, जैप, रैफ, सैफ, आइआरबी को ड्यूटी पर लगाया जायेगा। प्रशासन शहर के कोने- कोने पर सीसीटीवी के माध्यम से नजर रखेगा। जुलूस की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जायेगी। एसएसपी ने सभी कैमरों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। सुरक्षा में किसी तरह की लापरवाही ना हो, इसे देखते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने हिंदपीढ़ी, लोअर बाजार, चुटिया, डोरंडा, लालपुर, बरियातू थाना सहित अन्य थाना के थानेदारों को भी अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि इलाके में गश्त बढ़ा दी जाये। जिन इलाकों से होकर मोहर्रम का जुलूस निकलेगा, उन इलाकों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

**मोहर्रम जुलूस पर खास नजर**

मोहर्रम जुलूस के लिए अखाड़ों के लाइसेंस की भी जांच की जा रही है। वैसे अखाड़े, जो नये हैं या इन्हें जुलूस निकालने की इजाजत नहीं है, उन्हें जुलूस ना निकालने की हिदायत दी गयी है। अखाड़ाधारियों से लाइसेंस लेकर उसका सत्यापन किया जायेगा। एसएसपी ने साफ आदेश दिया है ऐसे लोग, जो माहौल खराब करते हैं, उन्हें हिरासत में ले लिया जाये। पुलिस प्रमुख चौक चौराहों पर सतर्क है। इस बार शहर के कई इलाकों से फ्लाइओवर गुजर रहे हैं। ऐसे में एसएसपी ने अपील की है कि डोरंडा के लोग इस बार जुलूस ना निकालें। उन्हें आने और जाने में परेशानी होगी। इसके अलावा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर भी इसका असर पड़ेगा।

# मित्र या हितैषी दुश्चरित्र न हो भले दरिद्र हो : पंडित रामदेव

## रिश्ता पैसा या पावर देख कर नहीं, धर्म और ज्ञान देख कर बनाइये



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीराम जानकी मंदिर हाउसिंग कालानी बरियातू में भागवत कथा के सातवें दिन पं रामदेव पांडेय ने कहा कि मित्र या हितैषी भले दरिद्र हो, सुदामा और जटायु की तरह हो, पर दुर्योधन और जयद्रथ की तरह न हो। उन्होंने कहा कि रिश्ता पैसा या पावर देख कर नहीं, धर्म और ज्ञान देख कर बनाइये। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा संबंध यही संदेश देता है। इस कथा को मंगलवार को विश्राम दिया गया। बुधवार से तीन अगस्त तक श्री मद्देवीभागवत कथा होगी। इसके बाद शिवपुराण कथा बारह अगस्त तक होगी। बता दें कि कथा का समय दोपहर साढ़े तीन बजे से साढ़े छह बजे तक है।

# कारवां के पहले दिन पवन कुमार और रहमान खान की हुई प्रस्तुति



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन रांची विश्वविद्यालय के छह दिवसीय स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम में 24 जुलाई को छात्रों ने प्रसिद्ध डाक्यूमेंट्री फिल्म मेकर पवन कुमार तथा स्टैंड अप कॉमेडियन रहमान खान की प्रस्तुति देखी। मुंबई के कांदिवली स्थित के इ एस श्रॉफ कालेज आफ कामर्स एंड आट्र्स, मुंबई के आडिटोरियम में कॉलेज यूथ एंपावरमेंट कमिटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का नाम ₹कारवां₹ रखा गया है। इसके पहले दिन उद्घाटन सत्र में सबसे पहले रांची विश्वविद्यालय से गये शिक्षक मनोज शर्मा का स्वागत शौल और पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इसके बाद रांची से गये सभी छात्रों का भी स्वागत किया गया।इस अवसर पर केइएस श्राफ कालेज आफ कामर्स एंड आट्र्स की प्रधानाध्यापिका डॉ लिली भूषण, प्राध्यापक आशीष रिछारिया और सैकड़ों छात्र उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र के बाद देश के जाने-माने फिल्मकार, डाक्यूमेंट्री फिल्म मेकर पवन कुमार सभी छात्रों से रूबरू हुए और फिल्म तथा डाक्यूमेंट्री निर्माण के बारे में बताया। इसके बाद उन्होंने प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता कन्हैया लाल पर बनायी डाक्यूमेंट्री दिखायी। इस दरम्यान छात्रों ने फिल्म एवं डाक्यूमेंट्री निर्माण से संबंधित कई सवाल भी पूछे। इसके बाद भारत ईरान कल्चरल एक्सचेंज बोर्ड के अमान अब्दुल्ला सय्यदी ने भी छात्रों को संबोधित किया। इस दरम्यान उन्होंने छात्रों को ईरान में सिनेमा पर विस्तार से बताया तथा यहां के फिल्मकारों और छात्रों को ईरान आकर सिनेमा निर्माण करने तथा ईरान सरकार से मदद के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में प्रसिद्ध स्टैंड अप कॉमेडियन रहमान खान प्रस्तुति दी और व्यंग्य तथा हास्य से सबको लोटपोट कर दिया। इस स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम के अगले दिनों में बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्देशक, साउंड टेक्नीशियन और सिने कलाकारों से भी आरयू, मास कम्युनिकेशन के छात्र कला की अन्य विधाओं को सीखेंगे।

## पेज एक का शेष...

### बाउरी, रणधीर, लुइस और ...

● वित्त विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत अनियमित रूप से नियुक्त एवं कार्यरत कर्मियों के सेवा नियमितीकरण की स्वीकृति दी गयी। वित्त विभाग के अंतर्गत मुख्यालय स्थापना, कोषागार/उप-कोषागार, सांस्थिक वित्त प्रभाग, भविष्य निधि निदेशालय एवं राष्ट्रीय बचत निदेशालय में कंप्यूटर ऑपरेटर/डाटा एंट्री ऑपरेटर, स्टाफ कार चालक/ चालक/ समूह 'घ' के पदों पर 10 वर्षों की लगातार सेवा पूर्ण कर चुके नियमित रूप से नियुक्त एवं कार्यरत कर्मियों की सेवा नियमितीकरण की स्वीकृति दी गयी।

● राज्य में झारखंड वित्तीय नियमावली के नियम-235 को शिथिल करते हुए नियम-245 के तहत मनोनयन के आधार पर सी-डैक, कोलकाता द्वारा संचालित झार-सर्ट (सेंटर फॉर कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस फॉर दि गवर्नमेंट ऑफ झारखंड) परियोजना को तीन वर्षों का अवधि विस्तार देने की स्वीकृति एवं पूर्व में परियोजना हेतु स्वीकृत 88.14 करोड़ को संशोधित कर कुल 70.77 लाख मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।

● राज्य स्तर पर एनसीवीटी/ एससीवीटी मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु प्रशिक्षण महानिदेशालय, नयी दिल्ली द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर तैयार मेधा सूची के अनुसार उम्मीदवारों के केंद्रीकृत ऑनलाइन एडमिशन निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के वेब पोर्टल के माध्यम से किये जाने की स्वीकृति दी गयी।

● राज्य स्तर पर एनसीवीटी/ एससीवीटी मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु प्रशिक्षण महानिदेशालय, नयी दिल्ली द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर तैयार मेधा सूची के अनुसार उम्मीदवारों के केंद्रीकृत ऑनलाइन एडमिशन निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के वेब पोर्टल के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2022-23-24 में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लिये गये नामांकन हेतु घटनोत्तर सहमति लिये जाने की स्वीकृति दी गयी।

● केंद्र प्रायोजित पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत बाल देखरेख संस्थानों में आवासित बच्चों को देखरेख मद की नयी दर की स्वीकृति दी गयी।

● केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का मिशन शक्ति (सामर्थ्य) के तहत संशोधित स्वरूप में कार्यान्वयन की स्वीकृति दी गयी।

● केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत संचालित आंगनबाड़ी सेवाएं अंतर्गत विभिन्न मदों के कार्यान्वयन संबंधी मार्गनिर्देश एवं क्रियान्वयन दर में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।

● केंद्र प्रायोजित किशोरी बालिकाओं के लिए योजना के कार्यान्वयन संबंधी मार्गनिर्देश में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।

● केंद्र प्रायोजित योजना अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 (अमृत 2.0) अंतर्गत 8301.21 लाख रुपये की लागत पर तकनीकी स्वीकृति प्राप्त महागामा शहरी जलापूर्ति परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।

● मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के लाभुकों को झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के माध्यम से चिकित्सा सहायता अनुदान प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी।

● आतंकवाद निरोधी दस्ता में झारखंड राज्य में संगठित अपराध पर नियंत्रण हेतु अतिरिक्त प्राधिकार प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी।

● रांची में नवगठित अतिरिक्त मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के लिए जिला न्यायाधीश स्तर के पीठासीन पदाधिकारी के एक पद के सृजन की स्वीकृति दी गयी।

● झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार विनियमन, 2016 में संशोधित पांच वर्षों में 10 बराबर किस्तों में भूमि मूल्य भुगतान करने संबंधी प्रावधान के विस्तारीकरण की स्वीकृति दी गयी।

● जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राप्त सुझाव एवं रूपरेखा के तहत राज्य के जल संसाधन से संबंधित आंकड़ों के समन्वयन, संग्रहण, प्रसारण तथा राज्य अंतर्गत सभी विभागों के जलीय आंकडों को एक मंच पर लाने हेतु एक समर्पित संगठन के रूप में झारखंड राज्यांतर्गतस्टेट वाटर इंफॉर्मेटिक्स सेंटर (स्विक) स्थापित करने की स्वीकृति दी गयी।

● स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत झारखंड ऑप्थाल्मिक सहायक संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त) नियमावली, 2023 के गठन की स्वीकृति दी गयी।

● झारखंड फार्मास्यूटिकल पॉलिसी-2023 की स्वीकृति दी गयी।

● केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 में केंद्र सरकार द्वारा किये गये संशोधनों के आलोक में झारखंड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 में तत्संबंधी संशोधन करने हेतु झारखंड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 को झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र में पुनःस्थापित करने पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति दी गयी।

# यूनिवर्सिटी ऑफ मिनीसोटा यूएसए के साथ एसबीयू का हुआ एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय और यूनिवर्सिटी आफ मिनेसोटा, अमेरिका के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। इस समझौते के तहत सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकेल्टी मेंबर्स व रिसर्च स्टूडेंट मिनिसोटा विश्वविद्यालय जाकर अध्ययन का कार्य कर सकेंगे। प्रो डीन करेंट, प्रो हुआ झाओ, प्रो उदयभान सिंह, प्रोफेसर जोए मैगनर, इन चारों की मौजूदगी में एमओयू पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गोपाल पाठक ने समझौते पर हस्ताक्षर किये।

विदित हो कि यूएसए दौरे के क्रम में 24 जुलाई 2023 को कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने यूएसए के मिनीपॉलिश जाकर यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा के साथ फैकेल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम, स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम एवं दोनों विश्वविद्यालयों के बीच कोलाब्रेटिव रिसर्च के लिए आपसी समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कर विश्वविद्यालय के लिए एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। उक्त समझौते पर हस्ताक्षर हो जाने के पश्चात वे सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना हो गए हैं। इस ऐतिहासिक इंटरनेशनल शैक्षिक समझौते पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सरला बिरला विश्वविद्यालय अपने संकल्पों के साथ दिन-ब-दिन आगे बढ़ता जा रहा है। अवश्य ही यह विश्वविद्यालय वैश्विक ज्ञान-विज्ञान के साथ-साथ विश्व स्तरीय रिसर्च सेंटर रूप में ख्याति प्राप्त करने में कामयाब हो सकेगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक श्री अजय कुमार, पीएओ श्री प्रवीण कुमार, डीन प्रोफेसर एस बी डंडिन, डीन प्रोफेसर नीलिमा पाठक, डीन डॉ संदीप कुमार, डीन श्री हरी बाबू शुक्ला, डॉ राधा माधव झा, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, प्रो राहुल वत्स, प्रो अमित गुप्ता, डॉ बी सामंता, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ सुबानी बाड़ा, डॉ अभिषेक चौहान, प्रो आदित्य विक्रम वर्मा, डॉ भारद्वाज शुक्ला, ओएसडी अनुभव अंकित, आदित्य रंजन, राहुल रंजन, सुभाष नारायण शाहदेव ने हर्ष व्यक्त किया गया।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने मार्सल आर्ट में रचा इतिहास

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची के विद्यार्थियों ने एशियन मार्सल आर्ट चैंपियनशिप जो कि यूनाइटेड वर्ल्ड नेशन आर्ट फेडरेशन के द्वारा नई दिल्ली के त्याग राज स्पोर्ट्स कंपलेक्स में 21 से 23 जुलाई तक आयोजित किया गया था, में चार विद्यार्थियों- कक्षा नवीं के यश कुमार, कक्षा सातवीं के अभिषेक मुंडा तथा उत्कर्ष टोप्पो और कक्षा षष्ठी के इशिका हर्ष ने स्वर्ण पदक एवं कक्षा पांचवीं के कृषभ हर्ष ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया।

विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह पल विद्यालय के लिए अत्यंत ही गौरव का पल है। विद्यालय के विद्यार्थी केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं अपितु खेल के क्षेत्र में भी परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे सीख लेते हुए आगे आने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने मार्शल आर्ट के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मार्शल आर्ट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपनी शारीरिक, मानसिक प्रतिरोधक क्षमता तो बढ़ा ही सकता है साथ ही आत्मरक्षा के अनेकानेक उपायों को हासिल कर सकता है।

विद्यालय के जूनियर विंग इंचार्ज श्री राज किशोर शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को जीत की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर विद्यालय तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन करना चाहिए। विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक श्री तारा कांत पटेल को जाता है इन्होंने बच्चों को विशेष प्रशिक्षण देते हुए इसका नियमित अभ्यास करवाया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## एशियन मार्शल आट्र्स प्रतियोगिता

# शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने 3 स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 21 से 24 जुलाई तक तीन दिवसीय 'एशियन मार्शल आट्र्स' फेडरेशन एशिया' के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में एक ही छत एवं एक ही बैनर तले विभिन्न 'मार्शल आट्र्स की प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में शारदा ग्लोबल की टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के द्वारा 3 स्वर्ण पदक एवं एक कांस्य पदक जीत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विजयी प्रतिभागियों में श्रेय राज, ईशान सिंह, कक्षा सप्तम ने सबजूनियर 'पुमसे' सिंगल इवेन्ट में स्वर्ण पदक, सिद्धिका राज, संस्कार राय शामिल हैं। कक्षा अष्टम, जूनियर बिलो, 78 कि.ग्रा. में स्वर्ण पदक, कक्षा षष्ठम कैडेट -अंडर 47 किग्रा में स्वर्ण पदक तथा कक्षा अष्टम, कैडेट एवं 65 किग्रा में कांस्य पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। छात्रों की इस विशेष उपलब्धि पर विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जसमीत कौर ने उनके शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि हमारे विद्यालय के छात्र शैक्षणिक स्तर के साथ-साथ खेलों के स्तर पर भी अपनी कौशल क्षमता का विकास करें यही हमारा प्रयास है।

# कांग्रेस का बेहतर भारत की बुनियाद सम्मेलन बेंगलुरु में

**लोकसभा चुनाव पर नजर, रांची जिला एवं झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस पहुंची बेंगलुरु**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस की युवा इकाई आगामी लोकसभा चुनाव में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए बेहतर भारत की बुनियाद युवा सम्मेलन आयोजित कर रही है। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के अनुसार यह एक विशाल युवा सम्मेलन होगा जिसमें हजारों युवा भाग ले रहे हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि यह आजाद हिंदुस्तान का सबसे बड़ा युवा सम्मेलन साबित होगा। यह बेंगलुरू में 26 से 28 जुलाई के बीच आयोजित हो रहा है, जिसमे देश भर से 4000 से ज्यादा युवा कांग्रेस के पदाधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी ने दावा किया, देश की जनता से मोदी सरकार द्वारा किए गए वादों की फेहरिस्त लंबी है, पर जनता त्रस्त है और प्रचार मंत्री और उनकी पार्टी के सभी नेता मस्त है। इसलिए भारतीय युवा कांग्रेस 2024 के लिए एक देशव्यापी मुहिम बेहतर भारत की बुनियाद युवा अधिवेशन की शुरुआत करने जा रही है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने कहा कि यह सम्मेलन देश के युवाओं की मन की बात का सम्मेलन है।

बेंगलुरु पहुंचने वालों में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी शेश नारायण ओझा,अध्यक्ष अभिजीत राज, उपाध्यक्ष कुमार रोशन,कुलदीप कुमार रवि, महासचिव ऋषिकेश सिंह, लीगल सेल के अध्यक्ष अमृत सिंह, रांची विधानसभा उपाध्यक्ष माइकल मिंज समेत सैकड़ों कार्यकर्ता ने रेल मार्ग एवं हवाई मार्ग से बेंगलुरु पहुंचे।

## भाजपा का झामुमो के राज्यपाल पर लगाये आरोप पर पलटवार

# यूपीए के शासनकाल में राजभवन कांग्रेस का एक्सटेंशन दफ्तर हुआ करता था : प्रतुल

**झारखंड सरकार के स्पेशल ब्रांच ने भी बांग्लादेशी घुसपैठियों को आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया था**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के द्वारा राज्यपाल पर लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा की राजभवन एनडीए के कार्यकाल में स्वतंत्र रूप से कार्य करता है। प्रतुल ने कहा की झामुमो के नेताओं को यूपीए का कार्यकाल याद आ रहा है जब राज भवन कांग्रेस कार्यालय का एक्सटेंशन ऑफिस हुआ करता था। प्रतुल ने कहा की बंगलादेशी घुसपैठियों के जरिए पूरे संथाल परगना क्षेत्र की डेमोग्राफी बदल गई है।सिर्फ पाकुड़ जिले में अंतिम दो सर्वे की तुलना करने पर मुसलमानों की जनसंख्या में अप्रत्याशित रूप से 42% वृद्धि दिखती है।प्रतुल ने कहा की इन बांग्लादेशी घुसपैठियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है और सीमा पार करने के बाद इनको तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले दलों के द्वारा वोटर कार्ड उपलब्ध कराया जाता है। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद को आदिवासियों का हिमायती बताते हैं।लेकिन इन्हीं बंगलादेशी घुसपैठियों के द्वारा सबसे ज्यादा आदिवासी बेटियों को प्रेम जाल में फंसा कर विवाह कर स्थानीय निकाय और पंचायतों पर कब्जा जमाया जा रहा है। आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति को बदलने का इन घुसपैठियों के द्वारा बड़ा षड्यंत्र चल रहा है और राज्य सरकार तुष्टीकरण के कारण इसे नजरअंदाज कर रही है। प्रतुल ने कहा की राज्य सरकार के विशेष शाखा ने 2 जून, 2023 ज्ञापांक 238 के जरिए सभी उपायुक्त और आरक्षी अधीक्षक को पत्र लिखकर कहा था की संथाल परगना क्षेत्र के विभिन्न मदरसों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को ठहराया जाता है और उसके बाद फर्जी सरकारी दस्तावेज तैयार किया जाता है और नाम मतदाता सूची में डाला जाता है। विशेष शाखा ने इसे राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया था। लेकिन तुष्टीकरण में अंधी राज्य सरकार अपनी विशेष शाखा के रिपोर्ट को भी नजरअंदाज कर रही है। प्रतुल ने कहा कि लोहरदगा दंगों के पीछे रोहिंग्या घुसपैठियों का हाथ बताने वाले



स्पेशल ब्रांच के अधिकारी का 24 घंटे के भीतर तबादला हो जाता है। इस सरकार से राजधर्म निभाने की अपेक्षा करना बेमानी प्रतीत होता है। प्रतुल ने कहा की जब भाजपा की सरकार आएगी तो प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की घोषणा के अनुसार मिनी एनआरसी को लागू कर इन बांग्लादेशी घुसपैठियों को सीमा पार किया जाएगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### 60वां सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ संपन्न, कल विशेष श्रृंगार



**रांची (आजाद सिपाही)।** दीनदयाल विरद संभारी हरहु नाथ मम संकट भारी, जो यह पढ़े हनुमान चालीसा होय सिद्धि साखी गौरीसा तुलसीदास सदा हरि चेरा कीजै नाथ हृदय महं डेरा के सूरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 60वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला कार्यक्रम सोमवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। रामगढ़ निवासी प्रमोद कुमार प्रदीप कुमार अरनवराज अभिराज ने हनुमान महाराज के दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना केला फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत करवाया। श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को खाटू नरेश का विशेष श्रृंगार होगा। उक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### नगड़ी के तत्कालीन सीओ ओम प्रकाश यादव और कृष्ण कुमार की याचिका पर हाइकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**रांची (आजाद सिपाही)।** संजीवनी बिल्डकॉन भूमि घोटाला में आरोपी रांची के तत्कालीन सीओ (अंचल अधिकारियों) ओम प्रकाश यादव और कृष्ण कुमार की क्रिमिनल रिवीजन पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार को सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। तत्कालीन सीओ ओम प्रकाश यादव और कृष्ण कुमार के खिलाफ संजीवनी बिल्डकॉन को फायदा पहुंचाने के आरोप में तीन प्राथमिकियां दर्ज की गयी हैं, जिन्हें रद्द करवाने के लिए हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है। दोनों अधिकारियों की याचिका पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में सुनवाई हुई।

### केनरा बैंक का ग्राहक मिलन समारोह



**रांची (आजाद सिपाही)।** केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, रांची द्वारा सोमवार को क्षेत्रीय कार्यालय रांची के सम्मेलन कक्ष में श्रीनाथ जोशी, महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय की अध्यक्षता में ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। श्री जोशी ने अपने स्वागत संबोधन से सभी का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में ग्राहकों के प्रति केनरा बैंक की प्रतिबद्धता तथा उत्तम सेवा प्रदान करने का आश्वासन दिया। क्षेत्रीय कार्यालय प्रमुख मनोज कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने प्रधान कार्यालय के कारोबारी अपेक्षाओं से सभी को अवगत कराया। विडियो के माध्यम से केनरा बैंक के 1906 से अब तक का सफर सबके समक्ष प्रस्तुत किया गया। चंदन कुमार सिंह, मंडल प्रबंधक के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर मंडल प्रबंधक प्रीतम मालवीय एवं राजू टोप्पो सहित क्षेत्रीय कार्यालय के कर्मचारी तथा स्थानीय शाखा के शाखा प्रमुख उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्राइम फाउंडेशन द्वारा एवं एवरकेयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पीटल के सौजन्य से 22 जुलाई को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन चुटिया थाना परिसर, रांची में किया गया, जिसमें चुटिया थाना प्रभारी एवं थाना के अन्य सदस्यों ने भारी संख्या में भाग लिया तथा अपनी स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ प्राप्त किया। एवरकेयर हॉस्पीटल के फिजिशियन डॉक्टर आदित्य नारायण सिंह एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा डॉ दिव्या के द्वारा उचित परामर्श भी प्रदान किया गया। एवरकेयर हॉस्पीटल के निदेशक नूतन मंडल ने बताया कि विगत एक डेढ़ वर्ष से रांची एवं आस-पास के ग्रामीण इलाके के लोगों के लिए ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा बेहतर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना उनका उद्देश्य रहा है। हॉस्पीटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ एसएन मंडल ने बताया कि समय-समय पर अस्पताल द्वारा ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं प्रत्येक सोमवार को हॉस्पीटल में जेनरल फिजिशियन एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा द्वारा निःशुल्क ओपीडी की सुविधा भी दी जाती है। इस कैंप को सफल बनाने में फाउन्डेन्शन के सदस्य अजय कुमार, ओम कुमार, सोनाली, चंदन, नारायण, इत्यादि की भूमिकाएं प्रमुख रही। एवं एवरकेयर हॉस्पीटल की ओर से एचआर एकता सिंह, प्रकाश कुमार, शैला, सीता, सुजाता एवं अन्य सिस्टर्स ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया तथा इस शिविर को सफल बनाया। इस कैंप के सफल आयोजन में चुटिया थाना के अधिकारियों का सहयोग भी बेहद महत्वपूर्ण रहा।

### कारगिल विजय दिवस पर सम्मान समारोह आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारत और पाकिस्तान के बीच लगभग 60 दिनों तक युद्ध होने के बाद कारगिल की लड़ाई में भारतीय सैनिकों के द्वारा सर्वस्व न्योछावर कर युद्ध जीतने वाले उन वीर योद्धाओं के साहस और बलिदान को याद करने के साथ-साथ झारखंड के वीर नारी कारगिल युद्ध में योगदान देने वाले सैनिकों तथा शहीद परिवारों को सम्मानित करने के लिये इस वर्ष पुराना विधानसभा सभागार धुर्वा रांची में बुधवार को सुबह साढ़े 10 बजे वेटरन ऑगेर्नाइजेशन ऑफ झारखंड की ओर से कारगिल विजय दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। वेटेरण ऑगेर्नाइजेशन ऑफ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष ने भारी से भारी संख्या में लोगों को उपस्थित होकर कार्यमक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# ज्ञानवापी परिसर का एएसआइ सर्वे

आखिर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद में आर्कियॉलजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआइ) की ओर से करवाये जा रहे सर्वे पर दो दिनों के लिए रोक लगा दी। रोक सॉलिसिटर जनरल के इस आश्वासन के बावजूद लगायी गयी कि सर्वे के तहत अभी सिर्फ फोटो और नाप लेने का ही काम किया जा रहा है। यह मामला मस्जिद समिति सुप्रीम कोर्ट के सामने ले गयी थी। उससे पहले जिला अदालत के फैसले के बाद अरक ने मस्जिद में सर्वे का काम शुरू कर दिया था। यह सही है कि वाराणसी अदालत ने एएसआइ को सर्वे की इजाजत दे दी थी, लेकिन इसके बाद सर्वे शुरू करने में जिस तरह की तेजी दिखायी गयी वह हैरान करने वाली है। शुक्रवार को जिला अदालत का फैसला आया और शनिवार, रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार सुबह सात बजे से ही सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। मस्जिद समिति की इस गुजारिश को भी अनसुना कर दिया गया कि कम से कम एक दिन सर्वे की कार्रवाई टाल दी जाये, क्योंकि वह इस फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती देना चाहती है। अब सुप्रीम कोर्ट की व्यवस्था के मुताबिक जिला अदालत के इस फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाइकोर्ट में अपील की जायेगी, जो इस पर विचार करेगा कि मस्जिद में सर्वे करवाया जाना चाहिए या नहीं। जब कोई भी मामला अदालत पहुंचता है, तो संवैधानिक और कानूनी प्रावधानों की रोशनी में उस पर विचार करके वह कोई फैसला देती है, जिसका हर हाल में सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन एक देश और समाज के रूप में हमें अपनी प्रायॉरिटी तय करने का न केवल अधिकार है, बल्कि अपने विकास की दशा और दिशा तय करने के लिहाज से यह एक अहम जिम्मेदारी भी है। आजादी के बाद से ही विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा अपना देश इस सिलसिले को बनाये रखे और आने वाले दिनों में विकास की रफ्तार को यथासंभव तेज करते हुए दुनिया के अग्रणी देशों के साथ कदम से कदम मिला कर चलता रहे, इसके लिए जरूरी है कि वह अपनी प्रायॉरिटी न बिगड़ने दे। किसी भी आगे बढ़ते देश के लिए जरूरी होता है कि वह गड़े मुर्दे उखाड़ने और अतीत के प्रेतों से उलझने में अपनी ऊर्जा लगाने के बजाय भविष्य की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित रखे और अतीत के अपने अनुभव का इस्तेमाल उन चुनौतियों से निपटने में ही करे। यही सुनिश्चित करने के लिए 1991 में यह कानून लाया गया था कि अयोध्या मामले को छोड़ कर देश के तमाम धर्मस्थलों के बारे में 1947 के स्टेटस को अंतिम मान लिया जाये। उसमें किसी तरह के बदलाव की बात न की जाये। जरूरी है कि इस कानून में लूपहोल ढूंढ कर इसे नाकाम करने के बजाय हम इसकी भावना का सम्मान करें और धर्मस्थलों के अतीत से जुड़े विवादों को अतीत मान लें।

**आजादी के बाद से ही विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा अपना देश इस सिलसिले को बनाये रखे और आने वाले दिनों में विकास की रफ्तार को यथासंभव तेज करते हुए दुनिया के अग्रणी देशों के साथ कदम से कदम मिला कर चलता रहे, इसके लिए जरूरी है कि वह अपनी प्रायॉरिटी न बिगड़ने दे।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**2024 में प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा? इसको लेकर विपक्षी खेमे में आवाज उठने लगी है। टीएमसी ने सबसे पहले दावेदारी ठोक दी है। टीएमसी सांसद शताब्दी रॉय ने मुख्यमंत्री ममता के लिए पीएम पद का दावा ठोक दिया। मसलन, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल को उनकी पार्टी के नेता-कार्यकर्ता प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर देखते हैं। हालांकि, नीतीश कुमार इसी साल साफ कर चुके हैं कि उनका प्रधानमंत्री बनने का सपना नहीं है।**

# सीट आबंटन है विपक्षी एकता की असली अग्नि परीक्षा

**योगेंद्र योगी**

बेंगलुरु मीटिंग में कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि पार्टी को पीएम पद की चाहत नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने खुद साफ किया कि पार्टी को पीएम पद नहीं चाहिए, बल्कि वे संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के लिए लड़ना चाहते हैं। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर अपना पक्ष स्पष्ट करके जाहिर कर दिया कि एकता यदि नहीं हो पाती है, तो उसकी तोहमत उसे नहीं लगनी चाहिए। इसके बाद अन्य दलों के लिए मानो दावेदारी के रास्ते खुल गये हैं। 2024 में प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा? इसको लेकर विपक्षी खेमे में आवाज उठने लगी है। टीएमसी ने सबसे पहले दावेदारी ठोक दी है। टीएमसी सांसद शताब्दी रॉय ने मुख्यमंत्री ममता के लिए पीएम पद का दावा ठोक दिया।

मसलन, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल को उनकी पार्टी के नेता-कार्यकर्ता प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर देखते हैं। हालांकि, नीतीश कुमार इसी साल साफ कर चुके हैं कि उनका प्रधानमंत्री बनने का सपना नहीं है। ममता बनर्जी ने इस बारे में न तो इंकार किया है और न ही स्वीकार, वहीं अरविंद केजरीवाल का सपना छिपा नहीं है। वह अपने भाषणों में इस बात की चर्चा करते हैं और मंत्रमुग्ध होते हैं कि ह्यदेश का पीएम पढ़ा-लिखा होना चाहिए। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदावार की जिस चुनौती को विपक्षी दल झेल रहे हैं, वह भाजपा के सामने नहीं है। भाजपा से हाथ मिलाने वाले 38 दलों को पता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भी मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही इस पद के उम्मीदवार होंगे।

**भाजपा द्वारा विगत चुनावों में हाशिए पर धकेले गए क्षेत्रीय दल फिर से खड़े होने की फिराक में हैं।**



**दरअसल कांग्रेस को भी अंदाजा है कि प्रधानमंत्री पद की मजबूत दावेदारी उसी पार्टी की बनेगी, जिसके पास ज्यादा सांसद होंगे। दूसरे दल सांसदों की संख्या के आधार पर ही मंत्री और दूसरे महत्वपूर्ण पदों की दावेदारी कर सकते हैं, किंतु पीएम पद के लिए सांसदों की सर्वाधिक संख्या होना आवश्यक है, अन्यथा इसी आधार पर दावा कमजोर पड़ जायेगा।**

हालांकि भाजपा के लिए भी क्षेत्रीय दलों के साथ सीट शेयरिंग मुश्किल भरा रास्ता होगा, किंतु इतना नहीं जितना विपक्षी दलों के लिए। असली मुद्दा विपक्षी दलों के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर होगा। प्रधानमंत्री पद का मुद्दा हो सकता है, उसके बाद तय हो। ये दोनों मुद्दे विपक्षी दलों के लिए लोहे के चने चबाने से कम नहीं हैं। कांग्रेस की 4 राज्यों में खुद की और 3 राज्यों में गठबंधन की सरकार है। कहीं द्रमुक तो कहीं राजद-जेडीयू, जेएमएम के साथ गठबंधन में हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित कई दूसरे दलों के नेता इस बात पर सहमत होते हुए राय व्यक्त कर चुके हैं कि कांग्रेस उनके राज्यों से दूर रहे। ये दल नहीं चाहते कि भाजपा के साथ-साथ उन्हें कांग्रेस से भी चुनावी मुकाबला करना पड़े। ऐसी स्थिति में इन क्षेत्रीय दलों का सत्ता में हिस्सेदारी का सपना कमजोर पड़ता है। कांग्रेस ने अभी तक इस मुद्दे पर पत्ते नहीं खोले हैं।

कांग्रेस नहीं चाहती कि लोकसभा सीटों की शेयरिंग और प्रधानमंत्री पद की दावेदारी के मुद्दों को अभी से हवा देकर विपक्षी एकता में रुकावट पैदा करे। इससे विपक्षी दलों को कांग्रेस के खिलाफ बोलने का मौका मिल जायेगा और कांग्रेस इस एकता के टूटने का आरोप अपने सिर नहीं लेना चाहती। यह निश्चित है कि कांग्रेस को यदि देश और दिल्ली की राजनीति करनी है तो विपक्षी दलों के सीट शेयरिंग फार्मूले को नकारना होगा।

फिलहाल कांग्रेस तेल नहीं, तेल की धार देखने के मूड में है। कांग्रेस अभी पूरी ताकत से विपक्षी दलों के साथ मिल कर केंद्र की भाजपा सरकार के प्रति हमलावर की मुद्रा में है और इस तेवर को पीएम सहित किसी तरह के मुद्दे को हवा देकर कमजोर नहीं करना चाहती। विपक्षी एकता में लोकसभा चुनाव की सीट शेयरिंग सबसे बड़ा मुद्दा है। इस मुद्दे पर किसी तरह की जल्दबाजी दिखा कर कांग्रेस अपने माथे पर एकता के टूटने का ठीकरा नहीं फुड़वाना चाहती।

दरअसल कांग्रेस को भी अंदाजा है कि प्रधानमंत्री पद की मजबूत दावेदारी उसी पार्टी की बनेगी, जिसके पास ज्यादा सांसद होंगे। दूसरे दल सांसदों की संख्या के आधार पर ही मंत्री और दूसरे महत्वपूर्ण पदों की दावेदारी कर सकते हैं, किंतु पीएम पद के लिए सांसदों की सर्वाधिक संख्या होना आवश्यक है, अन्यथा इसी आधार पर दावा कमजोर पड़ जायेगा। विपक्षी दलों की असली अग्नि परीक्षा सीटों की शेयरिंग को लेकर होनी है। विपक्षी दल पिछली दो बैठकों में इस मुद्दे पर कोई स्पष्ट निर्णय करने से बचते रहे हैं।

भाजपा द्वारा विगत चुनावों में हाशिए पर धकेले गए क्षेत्रीय दल फिर से खड़े होने की फिराक में हैं। ऐसे में उनका पूरा जोर इसी बात पर रहेगा कि उनके राज्यों से कांग्रेस मैदान से हट जाये। इससे कांग्रेस को मिलने वाले वोट भी उनकी झोली में आ सकें।

कांग्रेस यदि विपक्षी दलों के इस प्रस्ताव को मंजूर कर लेती है, तो उसका जनाधार और संगठन, दोनों कमजोर पड़ जायेंगे। ऐसे में कांग्रेस के लिए क्षेत्रीय दलों का यह प्रस्ताव गले की फांस बना हुआ है। हालांकि मुंबई में होने वाली विपक्षी दलों की तीसरी बैठक में ही कुछ स्पष्ट हो पायेगा कि यदि ऐसा कोई प्रस्ताव आता है, तो कांग्रेस क्या स्टैंड लेगी। कांग्रेस इस मुद्दे पर दोराहे पर खड़ी है।

# दूरस्थ शिक्षा से बदल सकता है झारखंड का सकल नामांकन अनुपात



**डॉ घनश्याम सिंह**

ज्ञान-संपदा के इस युग में उच्च शिक्षा विकास का एक महत्वपूर्ण घटक है। विकास के इस दौर में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए हमें शिक्षार्थियों की संख्या दोगुनी करनी होगी, इस सत्य को अनेक योजनाकारों, आयोगों एवं चिन्तनशील व्यक्तियों द्वारा स्वीकार किया गया है। राष्ट्रीय ज्ञान आयोग ने राष्ट्र के समग्र विकास में उच्च शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका के सन्दर्भ में अनेक मूल्यवान दस्तावेज प्रकाशित किए हैं। इस सन्दर्भ में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण है। सम्पूर्ण विश्व का अनुभव दशार्ता है कि दूरस्थ शिक्षा समाज के उन विभिन्न वर्गों के सशक्तिकरण का एक प्रभावशाली माध्यम है, जो अन्यान्य कारणों से औपचारिक शिक्षा से वंचि रहे हैं। वर्तमान में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अनेक व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इनके अन्तर्गत कुछ ऐसे पाठ्यक्रम भी हैं जो तकनीकी प्रयोग के विशिष्टतम उपयोगों की ओर अभिमुख हैं। वे लोग जो दुर्गम एवं दूरवर्ती स्थानों में निवास करते हैं, जिनका सम्पूर्ण जीवन हाशिए पर रहा है, तथा जो समाज की मुख्य धारा से वंचित रहे हैं, ऐसे सभी वर्गों को दूरस्थ शिक्षा पुनः केन्द्र में लाकर एक सम्माननीय शैक्षिक जीवन जीने के लिए सशक्त करती है। मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के व्यापक दर्शन की पृष्ठभूमि पर झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2021 में झारखंड शासन के अधिनियम संख्या 12/2021 द्वारा इस उद्देश्य से की गई कि समग्र ज्ञान और कला कौशल की स्वयं सीख पाने की विविध विधाओं द्वारा सक्षमता लोगों तक पहुँचायी जा सके। झारखंड मुक्त विश्वविद्यालय अपने अनेक नूतन, समसामयिक एवं उपयोगी शैक्षणिक कार्यक्रमों को सम्प्रेषण के नवीनतम प्रयोगों तथा सम्पर्क - सत्रों द्वारा अधिक सुदृढ़ बना रहा है। विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य इस राज्य के त्वरित विकास एवं उन्नयन हेतु प्रशिक्षित एवं विभिन्न कौशलों में दक्ष उपयोगी मानव संसाधनों का विकास करना है। इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य रहा है कि शिक्षा की गुणवत्ता में कभी किसी भी स्तर पर कोई समझौता न किया जाय। व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा में तीव्रता से हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने अपने पाठ्यक्रमों को इस प्रकार पुनर्गठित किया है कि रोजगार एवं स्व-रोजगार के नित्य नए द्वार खुल सकें। विश्वविद्यालय मुख्य रूप से महिलाओं, जनजातियों तथा मुख्य धारा से अलग वर्गों के शैक्षिक उन्नयन हेतु कटिबद्ध है। विश्वविद्यालय के निरन्तर होते विस्तार से इसकी पहुंच आज इस राज्य के सुदूरवर्ती एवं दुर्गम स्थलों तक हो गई है। विभिन्न कम्पनियों एवं संगठनों से सहमति अनुबन्ध पत्र (एम0ओ0यू0) हस्ताक्षरित करके व्यवस्था की गई है कि सकल ज्ञान और संसाधनों का जनहित में मिलजुल कर उपयोग किया जा सके। विश्वविद्यालय का मूल चिन्तन है कि विकास के सभी महत्वपूर्ण कारकों को गुणकारी उच्च शिक्षा द्वारा प्रतिष्ठित कर राज्य तथा देश की सेवा में लगाया जा सके। विश्वविद्यालय ने अध्ययन केन्द्र क्रमशः रांची, धनबाद, हजारीबाग, बोकारो, दुमका, चाईबासा, जमशेदपुर, पलामू में स्थापित किए हैं। इनके अधीन अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से शैक्षिक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में विश्वविद्यालय के ऐसे 137 अध्ययन केंद्र हैं। झारखंड में एक लाख की आबादी (18 से 23 वर्ष) पर कॉलेजों की संख्या तो बढ़ी है लेकिन यहां उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात यानी जीईआर घट गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन (एआइएसएचई)- 2021-22 की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

**(लेखक : झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी रांची के रजिस्ट्रार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

**सांसद ने नियम 377 के अधीन** **चाकुलिया प्रखंड क्षेत्र में हाथियों के आतंक से जुड़े मुद्दे को उठाया**

# ट्रेंच को भरवाने और मुआवजा राशि बढ़ा कर समय से भुगतान की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चाकुलिया प्रखंड में पिछले कई महीनों से हाथियों का झुंड दर्जनों गांव में विचरन कर रहा है। हाथियों के हमले से अब तक 9 ग्रामीणों की मौत हो गई है तथा दर्जनों घर को हाथियों ने तहस-नहस कर दिया है। किसानों के खेत उजाड़ देने से भी किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हाथियों की मौजूदगी के कारण स्थानीय लोग दहशत में है जिससे उनका जीवन यापन तक मुश्किल हो चला है। वही, वन विभाग की ओर से समय पर पीड़ितों को मुआवजा प्रदान नहीं किए जाने से भी लोग नाराज और चिंतित है। स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए सांसद विद्युतवरण महतो ने मंगलवार को संसद में नियम 377 के अधीन हाथियों से जुड़े मामले को काफी गंभीरता से उठाया है। सांसद ने कहा की पूर्वी सिंहभूम जिला के बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चाकुलिया प्रखंड में जंगली हाथियों का प्रकोप काफी बढ़ा हुआ है। बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र की सीमा पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल से सटा हुआ है। सांसद ने कहा की वन विभाग द्वारा ट्रेंच (गड्ढा) खोद देने के कारण जंगली जानवर ट्रेंच पार कर जंगल में नहीं जा पा रहे है। नतीजतन जंगली हाथी गांव में प्रवेश कर रहे है और आमजन को काफी क्षति पहुंचा रहे है। कुछ माह के दौरान जंगली हाथियों के झुंड ने दर्जनों किसान की खेती को बर्बाद कर नुकसान पहुंचाने के साथ मकानों को भी क्षतिग्रस्त किया है। इतना ही नहीं, हाथियों के हमले से अब तक 9 ग्रामीणों की मौत भी हो गई है जो दुखद और चिंताजनक है। हाथी ग्रामीण महिला-पुरुषों को पटक-पटक कर मार रहे है जिससे स्थानीय लोगों के बीच दहशत व्याप्त है। सांसद ने कहा की दुर्भाग्यवश हाथियों के हमले में जान गंवाने वाले पीड़ित परिजनों को समय से उचित मुआवजा भी नहीं मिल रहा है। मुआवजा के भुगतान में विभाग द्वारा काफी विलंब किया जाता है। उन्होंने कहा की मुआवजा के संबंध में ग्रामीणों के साथ-साथ वन विभाग के अधिकारियों को भी सही से जानकारी नहीं होने के कारण मुआवजा राशि के भुगतान में और ज्यादा विलंब होता है। सांसद विद्युतवरण महतो ने वन एवं पर्यावरण मंत्री से मांग किया की जंगली हाथियों को जंगल में प्रवेश करने में बाधा बनी ट्रेंच को जल्द भरवाया जाए तथा मुआवजे की राशि में बढ़ोतरी कर इसका समय से भुगतान सुनिश्चित कराया जाए ताकि पीड़ितों को थोड़ी बहुत ही सही राहत मिल सकें।



विद्युत वरन महतो, बीजेपी, जमशेदपुर (झारख

### हाथी के हमले से मई और जून में इन सात ग्रामीणों की हुई है मौत

सांसद विद्युतवरण महतो ने संसद में नियम 377 के अधीन चाकुलिया प्रखंड क्षेत्र में हाथियों के उत्पाद से जुड़े मुद्दे को उठाने के साथ मृतक व्यक्तियों की सूची भी पेश की है। सांसद ने संसद का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि जंगली हाथियों के हमले से अब तक 9 ग्रामीणों की जान चली गई है। सिर्फ दो माह मई एवं जून में ही हाथी के हमले से 7 महिला-पुरुष को अपनी जान गंवानी पड़ी है। मृतकों में चाकुलिया प्रखंड के मौराबांधी के समीप सीमा पर तिमिर सबर, राजबांध गांव में मदन महतो, मयूरनाचनी में साबान बास्के, कालियाम में प्रभाती कर तथा माकड़ी में दुबाई सोरेन शामिल है। इसी तरह, बहरागोड़ा प्रखंड के धोलाबेड़ा गांव में मंगल मुर्मू तथा धालभूमगढ़ प्रखंड के नयाडीह गांव में कानन मुंडा की भी मौत हाथी के हमले से बीते दिनों हुई है।

**कांग्रेसियों ने मानवता को बचाने के लिए समाज के प्रबुद्धों को आगे आने का किया आग्रह**

# राजधर्म निर्वहन में फिर चुके मोदी और शाह : आनंद बिहारी दुबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जुगसलाई।** जुगसलाई प्रखंड कांग्रेस कमिटी,महिला कांग्रेस कमिटी व युवा कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में मणिपुर की घटना के विरोध में कांग्रेसियों ने मशाल जुलूस निकालकर विरोध दर्ज कराया। मंगलवार को जुगसलाई फ्लाईओवर से एसबीआई बैंक तक मशाल जुलूस निकालकर मणिपुर में घटी विभत्स घटना में अविलंब शांति व्यवस्था कायम करने की मांग केंद के मोदीजी व शाहजी से किया गया। कांग्रेसियों ने बड़ी संख्या में केंद्र सरकार का आँख खोलने के लिए सड़क में उतर कर मशाल जुलूस में हिस्सा लिया।मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे व वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए। मशाल जुलूस गौशाला चौक पहुंचकर सभा में तब्दील किया गया। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा भारत देश में आपसी वैमनस्यता बहुत बढ़ गई है। मणिपुर की घटना लगभग तीन महीने से हो रही है। डबल इंजन की सरकार ने राजधर्म का पालन नही कर पाई है। लेकिन कानून व्यवस्था मिनटों में संभाल लेते है। आज मणिपुर की घटना मानवता को शर्मसार कर दिया। सभी कांग्रेसी सड़क पर उतर कर अपने माता - बहनों के रक्षार्थ आवज लगा रहे। सरकार को संवेदनशील होना होगा। 2024 के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है।

**सैनिक सम्मान यात्रा आज, शहीद परिवारों को मिलेगा सम्मान**

# मां भारती की मनमोहक झांकी शहरवासियों के लिए बनेगा आकर्षक का केंद्र : कुणाल



**आजाद सिपाही संवाददात**

**जमशेदपुर।** कारगिल विजय दिवस के मौके पर अमर शहीदों का सम्मान करने के लिए लौहनगरी जमशेदपुर पूरी तरह तैयार है। सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को कारगिल विजय दिवस में सैनिक सम्मान यात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गई। सैनिक सम्मान यात्रा में मोटरसाइकिल के संग हजारों हजार युवाओं व शहरवासियों के शामिल होने की उम्मीद है। बुधवार को सुबह 9 बजे मानगो गांधी मैदान से निकलने वाली यात्रा का आगाज वीर शहीद के परिवारजनों को सम्मानित कर किया जाएगा। गोलमुरी स्थित शहीद स्थल पर इसका विधिवत समापन होगा। संस्था के संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के नेतृत में निकलने वाले इस यात्रा को लेकर शहर व आस पास के युवाओ में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सम्मान यात्रा में मॉनिटरिंग पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी स्वयं करेंगे। यात्रा के लिए खुली जीप को बहुत ही खूबसूरत ढंग से सजाया गया। सुसज्जित रथ पर मां भारती की मनमोहक झांकी आकर्षक का केंद्र बनेगा। सैनिक सम्मान यात्रा के मार्ग में दर्जनों तोरण द्वार बनाये गये। इसमें शामिल होने वाले लोगों के लिए विभिन्न सामाजिक संगठन की ओर से विशेष तैयारी की गयी। विभिन्न समाजिक संगठन के द्वारा कई स्थानों में सेवा शिविर के माध्यम से पुष्पवर्षा, शीतल पेय एवं अन्य खाद्य पदार्थों की सेवा की जाएगी। जानकारी देते हुए पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा सैनिक सम्मान यात्रा में शहर व आसपास के हर कोने से युवाओं की टोली हाथों में तिरंगा लिये अमर शहीदों के प्रति सम्मान भाव के साथ शामिल होंगे। षाड़ंगी ने युवाओं व शहरवासियों को अधिक से अधिक की संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। ताकि मां भारती की रक्षा में अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले वीर सैनिक व उनके परिजनों के प्रति श्रद्धा व सम्मान व्यक्त कर सके। षाड़ंगी ने कहा यात्रा का एकमात्र उद्देश्य युवा वर्गों में राष्ट्र,वीर सैनिक व राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान व आदर प्रदर्शित करना व देशप्रेम की भावना को मजबूत करना है।

### इन मार्गों से होकर गुजरेगी सैनिक सम्मान यात्रा

संस्था के द्वारा आयोजित सैनिक सम्मान यात्रा मानगो गांधी मैदान से प्रारंभ होकर खुदीराम बोस चौक, मानगो पुल, साकची गोलचक्कर, जुस्को गोलचक्कर, बिस्टुपुर, जुगसलाई, स्टेशन, बमार्माइंस, लालबाबा फाउंड्री, टिनप्लेट चौक के रास्ते गोलमुरी गोलचक्कर होकर गोलमुरी स्थित शहीद स्थल पर संपन्न होगी।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in
07

# एसपीडी कॉलेज में एनएसएस इकाई ने किया पौधरोपण



**पर्यावरण संरक्षण के बिना जीवन संभव नहीं : प्राचार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज की एनएसएस इकाई (राष्ट्रीय सेवा योजना) के द्वारा पर्यावरण परिवार के सहयोग से मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत 75 पौधे लगाने के लक्ष्य के प्रथम चरण में फलदार, छायादार, औषधीय के 50 पौधे लगाए गए। पुनः 9 अगस्त को पौधरोपण का कार्यक्रम विभिन्न स्थानों पर चलाया जाएगा। मौके पर प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के बिना जीवन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी जीवन भी सुरक्षित रहेगा। सभी लोगों को वन के महत्व को समझना होगा। तभी इसका लाभ लोगों को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों से जीवनदायिनी स्वच्छ ऑक्सीजन के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए औषधि भी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा पौधरोपण किया जाता है। उन्होंने पौधरोपण कार्य में सहयोग के लिए पर्यावरण परिवार के प्रति आभार भी प्रकट किया।

इस मौके पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत 75 पौधे लगाने का लक्ष्य है जिसके तहत आज फलदार, छायादार, औषधीय के करीब 50 पौधे लगाए गए। शेष पौधे 9 अगस्त को लगाए जायेंगे। आज आम, आंवला, करंज, अमलतास, कटहल, अशोक, कचनार के पौधे लगाए गए। मौके पर पर्यावरण परिवार के नितिन तिवारी, आनंद प्रकाश दुबे, अलख द्विवेदी, विपिन तिवारी, गौतम ऋषि, मुनमुन, डा. पतंजलि केशरी, डा. अरुण कुमार तिवारी, आशिष पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, एनएसएस के छात्र-छात्राएं विनीत चौबे, पुनीत चौबे, अंकित पाण्डेय, अंकित कुमार, दीपिका कुमारी, मुस्कान कुमारी, अंजली कुमारी, अमन कुमार, सात्विक विश्वकर्मा, नौशाद, विवेक कुमार, अनित तिवारी, चन्द्रकान्त सिंह आदि उपस्थित थे।

**बैठक :** रंका प्रखंड झामुमो की छह पंचायतों में युवा मोर्चा कमेटी का किया गया पुनर्गठन

# बाकी आठ पंचायतों में मुहर्रम के बाद किया जायेगा कमेटी का गठन : श्रवण कुमार सिंह

**चुतरू में चिरागुद्दीन अंसारी, कटरा में मुख्तार अंसारी, सिरोईखुर्द में नंदू यादव, बाहाहारा में विजय सिंह, सोनदाग में दीपक प्रजापति व चुटिया में मुकेश यादव बने पंचायत अध्यक्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमेटी एवं नवनिर्वाचित गढ़वा जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह उर्फ छोटू संजय की अध्यक्षता में झामुमो रंका प्रखंड के छह पंचायतों में युवा मोर्चा पंचायत कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इनमें चुतरू, चुटिया, सिरोईखुर्द, कटरा, बाहाहारा एवं सोनदाग पंचायत के नाम शामिल हैं।

चुतरू पंचायत युवा मोर्चा कमेटी के अध्यक्ष पद पर दोबारा निर्वाचित हुए चिरागुद्दीन अंसारी, सचिव तिलक उरांव, कोषाध्यक्ष विदेश गुप्ता, उपाध्यक्ष जेठान मांझी, मोहसिन अंसारी, मकबूल आलम, सोहेल अंसारी, बजरंग सोनी, अवधेश राम तथा पंद्रह सदस्यों का चयन किया गया है।

कटरा पंचायत युवा मोर्चा कमेटी के अध्यक्ष मुख्तार अंसारी, सचिव कर्मवीर सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश यादव, उपाध्यक्ष राजकुमार राम, कुदुस अंसारी, संतोष प्रसाद, मेराज अंसारी तथा 11 सदस्यों का चयन किया गया है। सिरोई खुर्द पंचायत युवा मोर्चा कमेटी में अध्यक्ष नंदू यादव, सचिव अनिल राम, कोषाध्यक्ष गिरीशंकर प्रसाद, उपाध्यक्ष शुभम मिश्रा, मुस्ताक अंसारी, अरुण शाह, तेजू शाह और 11 सदस्य बनाए गए हैं। बाहाहारा पंचायत युवा मोर्चा कमेटी में अध्यक्ष विजय सिंह, सचिव विकास यादव, कोषाध्यक्ष सुरेश सिंह, उपाध्यक्ष फुलटून यादव, मिथिलेश सिंह, दीनानाथ सिंह, अजीत गुप्ता, प्रताप सिंह, तथा 11 सदस्यों का चयन किया गया है। सोनदाग पंचायत युवा मोर्चा कमेटी के अध्यक्ष दीपक प्रजापति, सचिव महेंद्र तुरिया, कोषाध्यक्ष श्रवण राम, उपाध्यक्ष राहुल यादव, रफीक अंसारी, दीपक सिंह, नागेंद्र राम, गिरिवर सिंह और पंद्रह सदस्य बनाए गए हैं। वहीं चुटिया पंचायत युवा मोर्चा कमेटी के अध्यक्ष मुकेश यादव, सचिव राकेश कुमार कश्यप, कोषाध्यक्ष यशवंत सिंह, उपाध्यक्ष विजय प्रजापति, रविंद्र सिंह, विजेश्वर यादव, रामदेव सिंह तथा 21 युवा सदस्य बनाए गए हैं। इस अवसर पर पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित गढ़वा जिला युवा अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह उर्फ छोटू संजय ने बताया कि बाकी बचे आठ पंचायतों में मुहर्रम त्यौहार के बाद कमेटी का पुनर्गठन किया जाएगा।

मौके पर संयोजक मंडली रंका के युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, अरविंद सोनी, मुकेश तिवारी, रामबाबू ठाकुर, सूरज कुमार रजक, राम संतोष राम, युवा जिला उपाध्यक्ष शंभू यादव, मनोज जायसवाल, राहुल कश्यप, अभिजीत गुप्ता, अरुण गुप्ता, डॉ रहबर अंसारी, उप मुखिया जियाउद्दीन अंसारी, अकबर अली, अखिलेश सोनी, लखन राम, कृष्णा राम, रामचंद्र यादव, लालू यादव सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### झारखंड राज्य पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ सगमा इकाई ने कार्य बहिष्कार जारी रखने का लिया निर्णय



**सगमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ इकाई सगमा के द्वारा अपनी पांच सूत्री मांग के समर्थन में बीडीओ को ज्ञापन देकर कार्य बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया। बीडीओ सगमा सत्यम कुमार को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड राज्य पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ पिछले आठ जुलाई से अपने पांच सूत्री मांग के समर्थन में कार्य नहीं करने का निर्णय लिया है, जिसमें अब 25 जुलाई से भी कार्य नहीं करेगा। मुख्यमंत्री से संघ के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की वार्ता, पंचायत स्वयंसेवक का समायोजन, स्वयंसेवक को स्थाई किये जाने, स्वयंसेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक या पंचायत मित्र करने, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक मानदेय देने की मांग की गयी। सभी ने बताया कि धरना प्रदर्शन में 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कर वार्ता नहीं हो जाती है, तब तक हम अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे रहेंगे। सगमा प्रखंड के स्वयंसेवकों द्वारा इसकी जानकारी ज्ञापन के माध्यम से बीडीओ को दी जा रही है। मौके पर संघ के प्रखंड अध्यक्ष शंभु ठाकुर, उपाध्यक्ष राजकुमार पासवान, सचिव ससीकान्त यादव मीडिया प्रभारी अमित कुमार पूजा कुमारी, शिवलाल यादव, पशुपति नाथ यादव, मंजू कुमारी, सुनीता देवी,आनंद कुमार, शिवनाथ कुशवाहा उपस्थित थे।

### अंबेडकर विकास मंच और आदिवासी महासभा ने मणिपुर हिंसा के विरोध में प्रतिरोध मार्च निकाला

**केतार (आजाद सिपाही)।** अम्बेडकर विचार मंच और आदिवासी महासभा के द्वारा सोमवार को मणिपुर में दो आदिवासी महिलाओं के साथ अनाचार एवं हो रही हिंसा के विरोध में केतार बाजार में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। सब्जी बाजार से केन्द्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए दर्जनों कार्यकर्ता कर्पूरी गेट पर पहुंचे और सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अजय वर्मा ने कहा कि 78 दिन पूर्व मणिपुर में दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया लेकिन वहां की सरकार और केंद्र सरकार आंख पर काली पट्टी बांध ली है। उन्होंने कहा कि जिस जिस राज्य में भाजपा की सरकार है वहां शिष्टाचार और सिस्टम पूरी तरह से फेल है। उन्होंने नारी शक्ति को फूलन देवी की जीवनी पढ़कर अपने स्वाभिमान की रक्षा एकजुट होकर करने को प्रेरित किया। इस मौके पर शिव कुमार सिंह, डॉ बीके भारती, छोटन सिंह, जसमुद्दीन अंसारी, रमेश राम, छोटन सिंह, बिंदु राम, प्रदीप साह, कामेश्वर दास, कृष्णा राम, ललू राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बंशीधर नगर बीडीओ ने की पंचायत संबंधित कार्यों की समीक्षा



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय नगर उंटारी के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में पंचायत संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ श्रवण राम के द्वारा बताया गया कि सभी पंचायतों को क्रियाशील बनाने के लिए पंचायतों में सभी सुविधा बहाल करना जरूरी है। जिसके तहत पंचायतों में अधिष्ठापित भारत नेट को शीघ्र रिचार्ज कराना सुनिश्चित करेंगे, सभी पंचायतों में विद्युत कनेक्शन शीघ्र पूर्ण कराएं। जिस पंचायत का ऑडिट अभी तक नहीं हुआ है 24 घंटे के अंदर पूर्ण करेंगे। पंचायत भवन में निर्धारित रोस्टर के अनुरूप कर्मी की उपस्थिति अनिवार्य है सभी कर्मी पंचायत भवन में उपस्थित होकर जियो टैग फोटो प्रखंड कार्यालय को प्रेषित करेंगे। जिन पंचायतों में पुस्तकालय हेतु राशि आवंटित की गयी है शीघ्र सामग्री क्रय कर पुस्तकालय को क्रियाशील करेंगे। मुखिया ग्राम पंचायत कोलझिकि द्वारा शिकायत की गई कि रोजगार सेवक किसी भी दिन पंचायत भवन नहीं आते हैं। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बीडीओ के द्वारा तत्काल स्पष्टीकरण पूछे जाने एवं वेतन स्थगित करने का आदेश दिया गया। मुखिया के अनुरोध पर शीघ्र पीडीएस डीलरों के साथ बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रखंड समन्वयक कौशल कुमार, मुखिया सुनीता देवी, उषा देवी, कुमारी रेखा, सुशीला देवी, ओमप्रकाश उरांव, विवेक कुमार, मनोज कुमार ठाकुर पंचायत सचिव वीरेंद्र सिंह, प्रशांत कुमार, उत्तम रंजन, विकास कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### भंडरिया प्रखंड में पशुओं में एलएसडी नामक बीमारी से परेशान हैं पशुपालक

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया प्रखंड क्षेत्र में पिछले एक पखवारे से पशुधन में एलएसडी नामक बीमारी होने से पशुपालक काफी विचलित हो गए हैं। पशु पालकों ने बताया कि पशुओं में फोड़े फुंसी निकल गये हैं तथा पशु खाना पीना छोड़ दे रहे हैं। साथ ही पशुओं में जख्म हो जा रहे हैं तथा जख्म में कीड़े लग जा रहे हैं, जिससे पशुपालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीमारी से कई पशुओं की मौत होने की भी सूचना है। पिछले पखवारे से पशुओं में फैली इस बीमारी की रोकथाम के लिए पशु अस्पताल की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिस कारण पशुपालक काफी हताश और निराश हैं। अगर समय रहते पशुओं को एलएसडी नामक बीमारी से निजात दिलाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले दिनों में पशु पालकों के बीच भयावह स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। पशुपालक संजय केसरी, सुरेंद्र जयसवाल, विनोद प्रजापति, आनंद प्रजापति, नरेश प्रजापति, विद्यानंद कुमार, दयाल कच्छप, मथुरा महतो, महेन्द्र यादव सहित बहुत संख्या में पशुपालकों के पशु इस गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं। इस संबंध में पशु चिकित्सक धनंजय कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह बीमारी एलएसडी नामक बीमारी से जानी जाती है। गांव देहात में अधिकांश लोग इसे चेचक भी कहते हैं। यह एक वायरस बीमारी है। यह अधिकांश बरसात के शुरुआती दौर में होती है। इससे पशुपालकों को घबराने की जरूरत नहीं है। पशुपालक अपने पशुओं सहित गौशाला की साफ-सफाई पर ज्यादा ध्यान दें तथा पशु अस्पताल पहुंच पशु चिकित्सक की सलाह पर ही अपने पशुओं का इलाज करायें। अधिकांश पशुपालक घबराहट में आकर झोलाछाप जैसे डॉक्टरों से पशुओं का इलाज कराते हैं। झोलाछाप डॉक्टर पैसे के लालच में आकर बिना बिमारी पहचाने ही कई तरह के इंजेक्शन पशुओं को लगा देते हैं जिससे बीमारी और बढ़ जाती है। इस स्थिति में पशुपालक अपने पशुओं को नीम के पत्ते को पानी में उबालकर ठण्डा होने के बाद उक्त पानी से पशुओं को अच्छी तरह धोएं तथा नारियल के तेल में कपूर मिलाकर पशुओं को लगायें, जिससे पशुओं की त्वचा नर्म बनी रहे। धीरे-धीरे बीमारी ठीक हो जाएगी। एलएसडी के कारण पशुओं को बुखार भी होता है। अगर पशु बुखार की वजह से खाना नहीं खा रहे हैं तो उन्हें सिर्फ बुखार की ही दवा अस्पताल से ले जाकर दें और पशु चिकित्सक के संपर्क में बने रहें।

### परमात्मा के इच्छा के बिना हम कुछ भी नहीं कर सकते : जीयर स्वामी

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** सबसे पहले तो अनर्थ जो जीवन तथा जीवन के व्यवहार में जिस कारण से होता हो उस पर अंकुश लगाएं। अहंकारमय जीवन न हो। जरूर हम करते हैं लेकिन कराने वाला उसी प्रकार से हैं जैसे किसी कठपुतली के नाच को देखा होगा। भले वह नाचते हैं लेकिन नचाने वाला कोई दूसरा है। उसी के इशारे पर कठपुतली नाचता है। ठीक उसी प्रकार हमारे आपके साथ है। हम चाहे जो कुछ भी करते हैं वह परमात्मा अपनी शक्ति के द्वारा हमलोगों को कठपुतली के समान नचाते हैं। उनकी इच्छा नहीं होती है नचाने के लिए तो अपने आप से तो इस दुनिया में निस्तार हो जाते हैं। किसी के योग्य नहीं होते हैं। ऐसा विचार कर अनर्थों को त्याग दें। कर्तव्य करें, लेकिन मैं ही करने वाला हूं, मेरे ही द्वारा होता है। ऐसा भाव नहीं होना चाहिए। जिसका सम्प्रदाय सत्य हो, जो ईश्वर को झूठा मानता हो, पूजा को झूठा मानता हो, अपना पैर धोकर पीया रहा हो। कहता है भगवान शालिग्राम का चरणामृत मत पीजिए इन्फेक्शन हो जाएगा, और अपना पैर धोकर पीला रहा है। चल रहा है नया नया धर्म। ऐसे गुरु बाकी दिन उल्टा काम करता है और गद्दी पर बैठ करके उपदेश देता है। अपना पूजा कराते हैं यह कौन सा धर्म है। वैसा गुरु नहीं हो सकता।

### बीडीओ ने की मतदाता सत्यापन कार्य की समीक्षा

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा नगर पंचायत शहरी क्षेत्र में आने वाले मतदान केंद्रों के बीएलओ के साथ वर्तमान समय में चल रहे घर-घर मतदाता सत्यापन कार्य का समीक्षा किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी बीएलओ यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मतदाता का भौतिक सत्यापन हो इसके लिए निर्वाचन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए बीएलओ रजिस्टर पर प्रत्येक मतदाता का सत्यापन उपरांत हस्ताक्षर लिया जाना अनिवार्य है। साथ ही प्रत्येक घर पर स्टीकर चिपका कर प्रथम भ्रमण की तिथि भी अंकित करें। इस दौरान दिनांक 1 अक्टूबर 2024 तक जिनका भी 18 वर्ष उम्र पूरा हो रहा हो और मतदाता सूची में नाम नहीं है उनसे प्रपत्र 6 प्राप्त करना है। साथ ही जिस मतदाता का मतदाता सूची में नाम पता फोटो आदि गलत हो उसे संबंधित दस्तावेज प्राप्त करते हुए फॉर्म 8 भरा जाना है। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी उत्तम रंजन, बीएलओ पर्यवेक्षक जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार, कौशल कुमार ,कंप्यूटर ऑपरेटर मुखलाल उरांव, बीएलओ राबिया बानो, नागवंशी देवी, चिंता कुमारी देवी, प्रभादेवी, आशा देवी आदि उपस्थित थे।

## गढ़वा में आयुष्मान भारत योजना बंद होने से त्राहि त्राहि कर रही है जनता : रितेश चौबे

**भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त गढ़वा से मिलकर मांग पत्र सौंपा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त गढ़वा से मिलकर मांग पत्र सौंपा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार में आयुष्मान भारत योजना पिछले तीन वर्षों से गढ़वा जिले में पूरी तरह से बंद पड़ी हुई है। जनता त्राहि त्राहि कर रही है। आयुष्मान भारत योजना शुरू करने की मांग को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने गढ़वा उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आम गरीब जनता को स्वास्थ्य के क्षेत्र में इलाज हेतु पांच लाख रुपए तक की सहायता देने का प्रावधान किया है, लेकिन गढ़वा जिले में आयुष्मान भारत योजना बंद होने के कारण आम गरीब जनता को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। वर्तमान में सत्तासीन झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। आम जनता की समस्या से झामुमो जनप्रतिनिधि को कोई लेना-देना नहीं है। गढ़वा जिले में आयुष्मान भारत योजना बंद होने के कारण गरीब आदमी को घर जमीन बेचना पड़ रहा है। गहना गिरवी रखना पड़ रहा है। वहीं तत्काल पैसे की व्यवस्था नहीं होने के कारण आम गरीब आदमी को जान से भी हाथ धोना पड़ रहा है। वहीं अगर आयुष्मान भारत योजना गढ़वा में चालू रहता तो आम जनता के लिए इलाज में बहुत बड़ा सहायक होता। उन्होंने कहा कि झामुमो मंत्री विधायक गढ़वा को बर्बाद कर चुके हैं। झामुमो को जनता से कोई लेना-देना नहीं है। अगर आयुष्मान भारत योजना जल्द शुरू नहीं की गयी तो जनहित में आंदोलन हमारी बाध्यता होगी। जिसकी सारी जबावदेही जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार की होगी।

उपायुक्त ने भरोसा दिया है कि जल्द ही आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत गढ़वा जिला में की जाएगी। मामले की जांच संबंधित विभाग को राज्य में भेजा गया है। अनुमति मिलते ही शुरू किया जाएगा। मौके पर भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय, नवीन जायसवाल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी बिपिन तिवारी, धनंजय विश्वकर्मा सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## पौधरोपण को जन अभियान बनाने की जरूरत : चन्दन जायसवाल

**सांसद प्रतिनिधि ने ग्रीन सिटी क्लीन सिटी अभियान के तहत कराया पौधरोपण**



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीन सिटी क्लीन सिटी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान सितंबर तक चलेगा। इसी अभियान के तहत आज सोनपुरवा स्थित कामेश ओझा के खेत में आम, जामुन, अमरूद, सागवान, शीशम, कटहल, परिजात, नींबू, पीपल, पाकड़ का पौधा लगाया गया। चन्दन जायसवाल ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। पौधरोपण को एक जन-अभियान बनाना होगा। पौधों से हमें जीवनदायिनी आक्सीजन मिलता है। धरती पर जिस तादाद में वनों की संख्या घटी है, इसके लिए कोई और नहीं, बल्कि हम स्वयं जिम्मेदार हैं। अब पर्यावरण को बचाने के लिए भी हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। लोगों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में हर वर्ष एक पौधा लगाकर बड़े होने तक उसकी देखभाल का संकल्प लेना होगा, तभी हम पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभा सकते हैं। कार्यक्रम में श्यामानंद पांडेय, राजेंद्र ओझा, रामाश्रय मिश्रा, मिथलेश ओझा, दौलत सिंह, मनीष प्रसाद, सुरेश सिंह, नीतेश कुमार गुड्डू, संजय सिंह अग्रहरि, गौरव जायसवाल, निशांत पटेल, सूरज सिंह, प्रभाकर सिंह, डॉ संकेश सिंह, छोटन गौंड, विनोद चौधरी, मंटू केशरी मौजूद थे।

**अव्यवस्था :** नवप्राथमिक विद्यालय में अव्यवस्था देख अभिभावकों ने जताया आक्रोश

# आक्रोशित अभिभावकों ने विद्यालय में तालाबंदी कर पंसस और वार्ड सदस्य को सौंप दी चाबी

**कहा- बिना सूचना प्रभारी प्रधानाध्यापक के अनुपस्थित रहने के कारण विद्यालय में बना है अव्यवस्था का माहौल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** प्रखंड संसाधन केंद्र कांडी के नवप्राथमिक विद्यालय नवडीहवा पूर्व में मंगलवार की सुबह विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के द्वारा सूचना मिलने पर माता-पिता व अभिभावक सहित पंचायत प्रतिनिधि विद्यालय में पहुंचे। जहां अभिभावकों के द्वारा देखा गया कि विद्यालय के एक शिक्षक तीतर-बितर हुए बच्चों को इकठ्ठा कर रहे थे। जिस पर विद्यालय की कुव्यवस्था एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र राम के अनुपस्थित होने के विषय में उपस्थित शिक्षक संजय कुमार से जानकारी मांगी गयी। तब संजय कुमार ने विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति पंजी व सूचना पंजी दिखायी गयी। जिसमें प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र राम के अनुपस्थित होने की पुष्टि हुई। तथा विद्यालय में नहीं होने का लिखित आवेदन भी नहीं था। आकस्मिक अवकाश भी नहीं दर्ज किया गया था तथा सूचना पंजी में भी मंगलवार को नहीं होने की लिखित सूचना भी दर्ज नहीं थी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा अपने कार्य के प्रति लापरवाही तथा विद्यालय की व्यवस्था के प्रति लापरवाही को देख कर अभिभावकों का गुस्सा फूट पड़ा। इस संबंध में विद्यालय में उपस्थित सहायक शिक्षक संजय कुमार के द्वारा किसी भी तरह की जानकारी होने की अनभिज्ञता जताई। विद्यालय में उपस्थित बच्चों से माता-पिता ने जब पूछा तब उन्होंने सीधे तौर पर विद्यालय की कुव्यवस्था से संबंधित जानकारी दी। जिसपर आक्रोशित अभिभावकों ने विद्यालय में तालाबंदी कर कुंजी को पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि नरेश पासवान व वार्ड सदस्य लालती देवी को सौंप दिया।

बताते चले कि पूर्व में इसी माह के 11 जुलाई 2023 को विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के द्वारा माता-पिता को कुव्यवस्था की सूचना दी गयी था। जिस पर माता-पिता एवं प्रधानाध्यापक के बीच मिल बैठकर सही तरीके से विद्यालय का संचालन करने की बात पर समझौता हुआ था। लेकिन पुनः विद्यालय की कुव्यवस्था से अभिभावक काफी नाराज थे। अभिभावक नंदू पासवान, विशुन पासवान, लालमुनि यादव, वैद्यनाथ पासवान, चन्द्रबली पासवान, मुन्ना राजवंशी, ओमप्रकाश गुप्ता, संतोष राजवंशी, बबलू पासवान, विमलेश पासवान, अरुण पासवान सहित कई अभिभावक व नवयुवकों ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि स्थिति का जायजा लेकर नव निहाल बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले संबंधित शिक्षक पर विभागीय कारवाई की जाए।

**आरोप की जांच कर शिक्षक के विरुद्ध होगी कार्रवाई : बीइइओ**

इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कांडी विद्यासागर मेहता ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा मुझे किसी तरह की कोई सूचना नहीं मिली है, यदि अभिभावकों का प्रभारी प्रधानाध्यापक पर आरोप है तो उसकी जांच कर दोषी पाए जाने पर शिक्षक के विरुद्ध न्यायसंगत कार्रवाई करने की बात कही।

### 24 घंटे के अखंड संकीर्तन से भक्तिमय हुआ वातावरण

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के मुड़ल टोला स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में 24 घंटे राम नाम के अखंड संकीर्तन से आसपास का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा। स्थानीय नवयुवक फ्रेंड्स क्लब के तत्वाधान में पवित्र श्रावण मास के तीसरी सोमवारी के अवसर पर आयोजित जल यात्रा एवं रुद्राभिषेक के पश्चात शाम में राम नाम के अखंड संकीर्तन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं विद्वान पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष बैजनाथ चौधरी, सचिव रामसुरत चौधरी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार चौधरी के अलावे धन्नजय चौधरी, सुदर्शन चौधरी, कामेश्वर चौधरी, विनोद चौधरी, नागेन्द्र चौधरी, रामलखन चौधरी, अर्जुन चौधरी, बुल्लु चौधरी, रामप्रवेश चौधरी, उमेश चौधरी, सुनील चौधरी, जयराम परिखा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# खूंटी-तोरपा मार्ग पर हाइवा और ऑटो में भिड़ंत, महिला सहित चार लोगों की मौत

**समाचार लिखे जाने तक एक महिला सहित तीन शवों की शिनाख्त नहीं हो पायी थी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी-तोरपा मुख्य मार्ग पर डांड़टोली गांव के पास मंलवार की शाम को  हाइवा और ऑटो की के बीच हुई सीधी भिड़ंत में एक महिला सहित चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक की पहचान ऑटो चालक विपिन किशोर भेंगरा के रूप में हुई है, जो डोड़मा फुटकल टोली का रहने वाला था।

समाचार लिखे जाने तक एक महिला सहित तीन शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। जानकारी के अनुसार तोरपा मंगलवार साप्ताहिक हाट से चार व्यापारी ऑटो से डोडमा की ओर जा रहे थे। डांड़टोली के पास ऑटो का टायर फट जाने से ऑटो अनियंत्रित होकर खूंटी की ओर से आ रहे एक हाइवा से टकरा गया। इससे ऑटो पर सवार एक महिला सहित सभी चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर तोरपा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और चारों शवों को तोरपा रेफरल अस्पताल ले आई। सभी शवों का बुधवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस तीन अज्ञात शवों की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक हजार दीप जलाकर दिवाली मनायी गयी



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** आदिवासी समाज तमाड़ विधानसभा के द्वारा मंगलवार को महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के लगातार एक वर्ष बेदाग पूर्ण कार्य करने  के उपलक्ष्य में बुडू के बारूहातू गांव में एक हजार दीप जलाकर जंगल दिवाली मनाया गया इस अवसर पर जिला परिषद बुंडू परमेश्वरी शांडिल ने बताया कि आदिवासी समाज की एक महिला भारत के सर्वोच्च पद पर पहली बार आसीन हुई है। यह आदिवासी समाज के लिए गर्व की बात है। श्रेष्ठ भारत उज्जवल झारखंड की बात है। इस अवसर पर पूरे गांव में हर्षोल्लास के साथ प्रत्येक घर पर एक-एक दीया जलाया गया और चौक में हजारों की संख्या में दीया जलाकर गौरव मनाया गया।

## मुहर्रम पर्व को लेकर सोनाहातू थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांति, भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। प्रशासन ने विधि व्यवस्था में उत्पन्न होने वाले विषयों पर चर्चा की। अफवाह से उत्पन्न होने वाली स्थिति से निपटने पर चर्चा हुई। अफवाह के लिये व्हाट्सएप ग्रुप पर निगरानी रखने को कहा गया। मौके पर प्रमुख विक्टोरिया देवी, मुखिया विकास सिंह मुंडा, सावना महली, दीनबन्धु सिंह मुंडा, मनोज मुंडा, फणीभूषण मुंडा, एसआई अभिमन्यु कुमार, एएसआई दलगोबिंद महतो, सीआई बंकिम चन्द्र गांगुली, दिलीप कोईरी, जाकिर खान, परवेज राजेन्द्र महतो आदि मौजूद थे।

## सड़क हादसे में घायल लाइफ केयर हास्पिटल में इलाजरत युवकों से मिले आजसू नेता

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में विगत कुछ दिनों पहले विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग दिन सड़क हादसे हुए थे। सड़क हादसे में चरकुडीह निवासी मुकेश कुमार महतो, देवान-सारना निवासी सचिन कोईरी एवं कोंकाडीह निवासी राजकिशोर महतो गंभीर रूप से घायल हुये थे। इन तीनों का इलाज लाइफ केयर हॉस्पिटल बूटी, रांची में चल रहा है। इधर सूचना मिलते ही विधायक सुदेश महतो ने सभी का हालचाल जाना एवं बेहतर इलाज के लिए आश्वस्त किया। विधायक के निर्देश पर आजसू पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक कुमार महतो, गोपाल पुरान और बिरेंची पुरान ने अस्पताल जाकर तीनों घायलों से मिलकर हालचाल जाना एवं बेहतर इलाज के लिए सहयोग राशि प्रदान की।

## सोनाहातू और राहे में झारखंड किसान सभा ने मणिपुर हिंसा के खिलाफ किया विरोध-प्रदर्शन

**सोनाहातू/राहे (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य किसान सभा ने सोनाहातू प्रखंड के बरसालडीह ओर मुरुतडीह तथा राहे प्रखंड के नुरू गांव में मणिपुर में महिला उत्पीड़न के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार और मणिपुर सरकार का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर झारखंड राज्य किसान सभा के अध्यक्ष सुफल महतो, जिला सचिव दिवाकर मुंडा, राज्य कौंसिल सदस्य निलकांत मुंडा, घुरन पातर, डोमन मुंडा, बसंत मुंडा, श्रवण मुंडा, राधामोहन सिंह मुंडा, राधा वल्लभ सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

## मणिपुर हिंसा के विरोध में तुंजू एवं बारेडीह गांव में सीपीएम ने किया पुतला दहन




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** मणिपुर हिंसा एवं आदिवासी महिलाओं पर बर्बर दरिंदगी के खिलाफ मंगलवार को बुंडू प्रखंड के तुंजू एवं बारेडीह गांव में सीपीएम के द्वारा विरोध जुलूस निकालकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मणिपुर का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो, जिला सचिव दिवाकर मुंडा, नौजवान सभा के राज्य अध्यक्ष सुरेश मुंडा, किसान नेता मंगल मुंडा, महिला नेत्री लक्ष्मी देवी शामिल थे।

## नगर पंचायत क्षेत्र में लो वोल्टेज के कारण कभी भी जलापूर्ति हो सकती है ठप

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** इन दिनों नगर पंचायत क्षेत्र में लो वोल्टेज के कारण कभी भी जलापूर्ति ठप हो सकती है। बुंडू के फिल्टर प्लांट में कम से कम 390 वोल्ट बिजली चाहिए, लेकिन प्लांट में 320 से 350 वोल्ट ही बिजली मिल रही है। जिससे मोटर में अधिक जोर लगने से मोटर गर्म हो जा रहा है और रुक-रुक कर जलापूर्ति की जा रही है। भविष्य में कम वोल्टेज के कारण मोटर जल सकता है। इससे नगर पंचायत क्षेत्र में पीने के पानी को लेकर हाहाकार मच सकता है। बिजली विभाग के पदाधिकारियों को भी कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर घर-घर हो रहा है सत्यापन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिले में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत घर-घर सत्यापन किया जा रहा है। मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 की अवधि में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम का सत्यापन कर एक त्रुटिमुक्त एवं समावेशी मतदाता सूची बनाना है। एक अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के मतदाताओं का पंजीकरण किया जाना है। मतदाता सूची व फोटो मतदाता पहचान पत्र में त्रुटियों का निराकरण किया जाएगा। नवविवाहित महिला मतदाताओं का नाम और नये पते का अद्यतनीकरण किया जाना है। उक्त अवधि के दौरान दिवंगत मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित किया जाएगा। उन्होंने संबधित पदाधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देश  दिया कि जिले में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान इस बात का विशेष घ्यान रखना होगा कि एक भी योग्य मतदाता का नाम छूट नहीं पाये। आमजनों से अपील की गई है कि मतदाता सूची में निबंधन, स्थानातंरण, सुधार, नाम विलोपन आदि की जानकारी घर आये अपने बीएलओ को दें।

# मणिपुर हिंसा के विरोध में झामुमो और आदिवासी संगठनों ने निकाला विरोध मार्च

**मणिपुर की घटना पूरे देश में आदिवासी महिलाओं के प्रति सरकार के भेदभाव को दर्शाती है : जुबैर अहमद**

**आजा सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** मणिपुर में कुकी आदिवासी महिलाओं के साथ हुई अमानवीय घटना के विरोध में झामुमो सहित विभिन्न आदिवासी संगठनों ने मंगलवार को तोरपा में विरोध मार्च निकाला। विरोध मार्च का नेतृत्व झामुमो के जिलाध्यक्ष और जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद ने किया। इस दौरान मणिपुर की राज्य सरकार और केंद्र सरकार से अपील की गई कि मणिपुर में हिंसा रोकने और शांति बहाल करने के लिए शीघ्र कदम उठाए। मणिपुर में हिंसा रोकने शांति और अमन-चैन स्थापित करने और मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर तोरपा के हिल चौक से मेन रोड होते हुए कोटेंगसेरा पेट्रोल पंप तक विरोध मार्च निकाला गया। इसमें झामुमो के अलावा कई आदिवासी संगठनों और मिशनरी स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थे। विरोध मार्च में शामिल लोग मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करो, यूसीसी कानून नहीं चलेगा, नारी के सम्मान में आदिवासी समाज मैदान में, आदिवासी विरोधी मानसिकता मुर्दाबाद, आदिवासी धार्मिक सामाजिक भूमि का अतिक्रमण बंद करो, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मुर्दाबाद, मणिपुर मुख्यमंत्री मुर्दाबाद, नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद आदि नारे लगा रहे थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि मणिपुर की घटना पूरे देश में आदिवासी महिलाओं के प्रति सरकार के भेदभाव को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नारा देते हैं बेटी बढ़ाओ बेटी बचाओ और वहीं आदिवासी महिलाओं के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है। उन्होंने कहा कि अमणिपुर की घटना ने साबित कर दिया कि केंद्र सरकार आदिवासियों के प्रति संवेदनशील नहीं है और वह दोहरा चरित्र निभा रही है। उन्होंने कहा कि जब सुप्रीम ने संज्ञान लिया, तब केंद्र सरकार की नींद खुली और सरकार हरकत में आई। जिलाध्यक्ष ने मणिपुर में अविलंब राष्ट्रपति शासन लागू करने की माग की। मौके पर जिप अध्यक्ष मसीह गुड़िया, पूर्व प्रत्याशी सुदीप गुड़िया, झामुमो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष स्नेहलता कंडुलना, मगन मंजीत तिड़ू, अमृत हेमरोम, संजय यादव, मकसूद अंसारी, उषा धान, विजय सांगा, अनिमा कच्छप, शिशिर तोपनो, रोशनी गुड़िया, पुष्पा गुड़िया, नेली डंहगा, सुशील पाहन, भोलानाथ लाल सहित कई लोग थे।

# एचईसी कर्मी रतिया नगड़ुवार हत्याकांड का खुलासा, आरोपित गिरफ्तार

**गिरफ्तार अपराधी के पास से नाइन एमएम की देसी पिस्टल बरामद की गई है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र के कुलहुटू जंगल में गत तीन जून को एचईसी के कर्मचारी और जमीन कारोबारी रंजीत उर्फ रतिया नगड़ुवार की हुई हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने हत्याकांड में शामिल अपराधकर्मी रमेश खोया को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी तुपुदाना थाना क्षेत्र के चितवादाग निवासी पुनई खोया का बेटा है। उसके पास से नाइन एमएम की देसी पिस्टल बरामद की गई है। खूंटी में मंगलवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि एचईसी कर्मी रंजीत की हत्या को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया। सोमवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हत्याकांड में शामिल अपराधी रमेश खोया लोधमा रेलवे स्टेशन के आसपास भ्रमणशील है और गिरफ्तारी के डर से बाहर भागने की फिराक में है। एसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लोधमा स्टेशन के पास से रमेश खोया को गिरफ्तार कर लिया गया और उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध देसी पिस्टल को भी बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि जमीन बिक्री के रुपये के लेनदेन से उत्पन्न विवाद के कारण उसने अपने साथी बरना बाखला के साथ मिलकर रंजीत उर्फ रतिया नगड़ुवार की हत्या कर दी थी।

एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार रमेश खोया के विरुद्ध पहले भी नगड़ी थाने में धारा 302/34 भादवी 27 आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए के तहत मामला दर्ज है।

छापामारी दल में कर्रा थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, कर्रा थाना के पुलिस अवर निरीक्षक संजीव कुमार और संदीप कुमार के अलावा कर्रा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## कार्यक्रम : सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सतीश सिन्हा ने किया एनके एरिया दौरा

# यूनियन सदस्यों के साथ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जांच की

**कहा- एनके एरिया में कोयला मजदूरों का हो रहा है शोषण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खलारी।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महामंत्री सह सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य सतीश सिन्हा ने मंगलवार को एनके एरिया कोयला क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यूनियन  के सदस्यों के साथ भूतनगर, मोहननगर के श्रमिक आवास, वाटर फिल्टर प्लांट, अस्पताल, बिजली, सड़क, आदि कल्याणकारी योजनाओं की जांच की।

जांचोपरांत उन्होंने डकरा वीआईपी सभागार में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि एनके एरिया में कोयला मजदूरों का शोषण हो रहा है। एरिया में पेयजलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमराई गई है। फिल्टर प्लांट से जो पानी सप्लाई हो रही है वह पीने योग्य नहीं है। कायाकल्प में लूट की खुली छूट के कारण मजदूरों का आवास जर्जर हालत में है। स्कूल बस में बच्चे जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं, जिसका सुध लेने वाला कोई नहीं है। प्रबंधन द्वारा प्रदूषण रोक थाम के लिए कोई ठोस पहल नहीं कि गई है। निजी कंपनियां बिना तिरपाल ढके कोयला ट्रांसपोर्टिंग कर रही हैं। क्षेत्र में उड़ती धूल गर्द से आमलोगों के जन जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्यों के खिलाफ प्रबंधन का तालमेल ना होना प्रबंधकीय उदासीनता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा हमारी यूनियन मणिपुर की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा करती है और सरकार से मांग करती है कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

यूनियन के क्षेत्रीय पदाधिकारियों की पहल पर दर्जनों लोगों ने एजेकेएसएस यूनियन में शामिल हुए। सभी नए सदस्यों का यूनियन के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर यूनियन के एरिया सचिव हरेंद्र कुमार सिंह, बसंत सामन्त, कन्हाई पासी, गिरेन्दर सिंह, जगदीश चौहान, राहुल तिवारी, तुलसी महतो, मो. सहजाद, रामचरण सतनामी, दारा महंत, गोरे लाल, संजय महतो, संदीप उरांव, देवनाथ कुमार साव, सकेन्दर कुमार महतो, सतेन्द्र नोनिया, खीकराम बारीक, विशेश्वर मुन्ना, डीके महतो, अनिल मल्लाह, विकास कुमार मुन्ना, सिकन्दर कुमार साव, कामदेव कुमार, ज्ञानन्द यादव, सूनिता देवी, कल्पना कलान्दी, लक्ष्मी देवी आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## लोकेश मिश्रा बने खूंटी के नये उपायुक्त, शशि रंजन गये पलामू



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2016 बैच के अधिकारी लोकेश मिश्रा खूंटी के नये उपायुक्त होंगे। खूंटी के उपायुक्त शशि रंजन को पलामू का उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी बनाया गया है। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा मंगलवार को अधिसूचना जारी की गई। इसके पूर्व लोकेश मिश्रा आदिवासी कल्याण आयुक्त के पद पर कार्यरत थे।

## डकरा में सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ केंद्रीय कार्यसमिति की हुई बैठक



**खलारी(आजाद सिपाही)।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक सोमवार को डकरा में हुई। बैठक की शुरूआत सीसीएल के अध्यक्ष मनोज कुमार रजक और केंद्रीय महामंत्री राजीव रंजन सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर की गई। बैठक में संघ के प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में शामिल हुए सभी पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस बैठक में सीसीएल के सभी क्षेत्रों से आए पदाधिकारियों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को रखा गया। इसके साथ ही  संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सुरक्षा समिति सदस्य संजय कुमार चौधरी, रामेश्वर मंडल, अमर भूषण सिंह, प्रमोद पाठक, मिथिलेश सिंह, रामसेवक प्रसाद, गोविंद चंद्र महतो, दीपक मंडल सहित सभी क्षेत्रों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अच्छी बारिश और सुख-समृद्धि की कामना कर महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के कर्रा प्रखंड के लरता गांव में अच्छी बारिश, फसल और गांव में सुख- समृद्धि की कामना को लेकर महिलाओं ने मंगलवार को गांव में कलश यात्रा निकाली। महिलाओं ने गांव सुख शांति और किसी प्रकार की बीमारी ना हो तथा गांव की फसल ठीक प्रकार से हो इसको लेकर तालाब से जल कर शिव मंदिर की परिक्रमा कर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत के श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा ने कहा कि महिलाओं को एक संगठन शक्ति के रूप में खड़ा होना है। उन्होंने कहा कि नारी के अंदर छिपी हुई शक्ति है, उसे उजागर करने की आवश्यकता है, तभी नारी नारायणी बन सकी है। विश्वकर्मा ने कहा कि महिलाएं अपनी शक्ति को पहचानें तभी समाज का विकास होगा। उन्होंने कहा कि श्रावण महीने में सामूहिक रूप से भोलनाथ को जलार्पण करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और मनोकामना पूर्ण करते हैं। मौके पर मुखिया संगीता देवी कच्छप, सीमा देवी, हिमाद्री देवी, निराशा देवी, स्मृति देवी, संगीता उराइन सहित काफी संख्या में महिलाएं और अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

## आइओएल टर्मिनल और पाइप लाइन की सुरक्षा को लेकर बैठक का आयोजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड डिपो खूंटी में इंडियन ऑयल टर्मिनल एवं पेट्रोलियम पाइपलाइन की सुरक्षा समन्वय की बैठक मंगलवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र अनूप बिरथरे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में खूंटी के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार सिमडेगा के एसपी सौरभ, आइओसीएल के महाप्रबंधक (भुवनेश्वर) भीमसेन मांझी, महाप्रबंधक खूंटी पल्लव कुमार तथा गुमला जिले के पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में आईओसीएल की पाइप लाइन की सुरक्षा तथा डिपो के आसपास की सुरक्षा मजबूत करने के लिए आईओसीएल तथा पुलिस के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। साथ ही ग्रामीणों के सहयोग से समय-समय पर सुरक्षा से संबंधित बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा स्थानीय पुलिस के साथ आईओसीएल के सुरक्षाकर्मियों को समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। सीएसआर कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र की जनता से जुड़ने और सामाजिक क्रियाकलापों के माध्यम से उनसे जुड़े रहने के निर्देश दिये गये।

## नौ अगस्त को आदिवासी प्रतिकार दिवस मनायेगा झारखंड उलगुलान संघ

**तोरपा (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड उलगुलान संघ की मंगलवार को हुई बैठक में नौ अगस्त को आदिवासी प्रतिकार दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। तोरपा स्थित सिविल सोसाइटी एकेडमी में संयोजक अलेस्टेयर बोदरा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में सुनियोजित ढंग से आदिवासियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार को कमजोर करने को लेकर आपस में लड़ाने का काम हो रहा है। अनुसूचित क्षेत्र में इस तरह के प्रयास को कभी सफल नहीं होने देने तथा सरकार की गलत नीतियों का प्रतिकार करने के लिए इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस को प्रतिकार दिवस के रूप में मनाया जाएगा। बताया गया कि पूर्वजों द्वारा स्थापित पारम्परिक पड़हा व्यवस्था की बैठक गांडुसरमली (पोसेया) खूंटी में होगी।  बैठक में विजय गुड़िया, मसीहदास गुड़िया, सुदर्शन भेंगरा, बेनेडिक्ट नवरंगी, अब्राहम सोय, मोगो बोदरा, प्रेम माड़की, दिलबर गुड़िया, किरण गुड़िया, संजय भेंगरा, विश्वासी हेमरोम आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो से 85 कांवरियों का दल बाबाधाम रवाना



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** कांवरिया संघ बेड़ो के बैनर तले 85 सदस्यीय कांवरियों का जत्था मंगलवार को महादानी मंदिर में पूजा अर्चना कर बैधनाथ धाम के लिये रवाना हुआ। रमेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि दो बस में सभी भक्त राजगीर होते हुए सुल्तानगंज पहुचेंगे जहां से गंगा में स्नान कर संकल्प के साथ जल उठाकर बाबा देवघर में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। इसके बाद बासुकी नाथ में जलाभिषेक करेगे।वही जत्थे में शामिल लोगों में महादानी मंदीर के पुजारी अशोक पंडा, हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, योग प्रशिक्षक एसपी साहू,पंतजली योगपीठ के मुकेश कुमार राय शिक्षक नकलु राम महथा,यमुना सिंह शिव शंकर कुमार सहित कई गणमान्य लोग जत्था में शामिल है।

## मुखिया ने लाभुकों में बांटी धोती-साड़ी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन के तहत मंगलवार को प्रखंड के नेहालु गांव में मुखिया वीरेंद्र भगत ने दर्जनों लाभुकों के बीच धोती व साड़ी का वितरण किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि सरकार की यह योजना गरीबों के लिए काफी लाभदायक है। इसमें जरूरत है कि योजना का लाभ सही हकदारों तक पहुंचे। सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रत्येक लाभ को पंचायत के सभी लाभुकों के बीच दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत में कोई भी व्यक्ति सरकारी लाभ से वंचित नहीं रहेगा। सरकार की जो भी योजना आएगी उसका लाभ दिलाने का प्रयास करूंगा। इधर पंचायत के रोगाडीह पतराटोली के हेल्थ एंड वेनलेस सेंटर में ग्रामीणों की बैठक में ग्रामीणों को योग कराया गया। वही स्वच्छता के बारे में विशेष जानकारी दी गई।साथ ही स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। मौके पर कई ग्रामीण उपस्थति थे।

## श्राद्धकर्म में आजसू ने कार्यकर्ताओं ने किया सहयोग



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित प्रखंड जोन्हा के बरवादाग निवासी जीवन लोहरा के पिताजी का पिछले दिनों देहांत हो गया था। जिसके श्राद्धकर्म में विधायक सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनके परिजनों को आर्थिक सहयोग किया। मौके पर जिला सचिव शंकर बेदिया, प्रखंड उपाध्यक्ष सत्यनारायण मुंडा, ग्राम प्रभारी मिथुन पातर, प्रेम लाल मुंडा, सोनाराम मुंडा संतोष मुंडा, गुलाम रसूल, राजा बड़ाइक, भीष्म लोहरा, रोशन, बब्लू सहित अन्य चूल्हा प्रमुख मौजूद थे।

## मुस्लिम इंटेलेक्चुअल मीट एक अगस्त को



**कांके (आजाद सिपाही)।** झारखंड के मुसलमानों के अधिकार, न्याय और विकास से संबंधित मुद्दों को लेकर एक अगस्त को प्रेस क्लब करमटोली रांची में आमया संगठन के नेतृत्व में मुस्लिम इंटेलेक्चुअल मीट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राज्य के हर जिले से बुद्धिजीवी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसको लेकर राज्य भर में तैयारियां जोरों शोर से चल रही है हर प्रखंड में आमया संगठन के पदाधिकारी बैठक कर रहे हैं। कांके प्रखंड के पदाधिकारियों द्वारा केन्द्रीय संगठन प्रभारी जियाउद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में मंगलवार को पिठौरिया चौक स्थित ईदगाह में बैठक हुई। जिसमें आने वाले एक अगस्त को होने वाली मुस्लिम इंटेलेक्चुअल मीट को कामयाब बनाने को लेकर चचाएं की गई। बैठक में आम्या संगठन के पदाधिकारी जावेद अंसारी, अबु रेहान अंसारी,अख्तर अंसारी ,असलम अंसारी,आजाद अंसारी,मिन्हाज अंसारी,बसीर अंसारी,एकरामुल अंसारी,सुभान अंसारी,अख्तर अंसारी,अहमद रजा,इमरान अंसारी, इकराम अंसारी, आसिफ खान, आसिफ अंसारी,मिनहाज अंसारी,मोइफ अंसारी एंव अन्य उपस्थित थे।

## पिपरवार के कल्याणपुर में ट्रस्ट की बैठक में समिति का किया गया गठन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर स्थित डीएवी के प्रांगण में मंगलवार को ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता विश्राम टाना भगत और संचालन जाहिद अली ने किया। बैठक में क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा करते हुए क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार देने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समस्याओं के निदान और बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ना है,जिसके लिए सभी जिलों के प्रखंड और पंचायतों में ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में इस ट्रस्ट से जोड़ा जा रहा है। बैठक मे एक कमेटी का भी गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष जाहिद अली, उपाध्यक्ष शिव शंकर कुमार, सचिव सोनू गुप्ता, उप सचिव विश्राम टाना भगत, कोषाध्यक्ष दिनेश राम और उप कोषाध्यक्ष विक्रम गंझु को बनाया गया। बैठक में दिनेश राम, अमित राम, सोनू साहू, मोहम्मद आसिक, आकाश उरांव, मोहम्मद इम्तियाज, देवेंद्र कुमार, अजीत कुमार, राहुल राम, बबलू गंझु, विनोद राम, रूपलाल गंझु, विक्रम गंझु, रमेश मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

# मणिपुर हिंसा के विरोध में यूथ कांग्रेस ने कांके में फूंका पुतला

**कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने शर्म करो, शर्म करो, मणिपुर के मुख्यमंत्री इस्तीफा दो के जमकर नारेबाजी की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** मणिपुर राज्य में हो रहे जातीय हिंसा के विरोध में और महिलाओं पर हो रहे निरंतर बर्बरता पूर्वक कुकृत्य और अत्याचार के खिलाफ कांके विधानसभा यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष खालिद सैफुल्लाह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांके चौक में पुतला दहन किया।

इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह शर्म करो, शर्म करो, मणिपुर के मुख्यमंत्री इस्तीफा दो के जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस कार्यकर्ता इस दौरान हाथों में नारे लिखे हुए तख्तियां लिए हुए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना था कि केंद्र और राज्य सरकार के संरक्षण में निरीह आदिवासी महिला-पुरुषों के साथ हिंसा और अत्याचार हो रहा है लेकिन सरकारें चुप्पी साधे हुए हैं। नारेबाजी पश्चात कांके चौक में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मणिपुर के मुख्यमंत्री का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया।

कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरेश बैठा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदन महतो, रांची महानगर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष जमील अख्तर, आदिवासी प्रकोष्ठ के कांके प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, गौरी शंकर महतो, संजर खान, आयुष अग्रवाल, मो. हुसैन अंसारी, मो. सईद, सहबान अंसारी, अमन अहमद, सोनू लोहरा, विनोद साहू, मुस्ताक आलम, अफजल अंसारी, बुद्धेश्वर करमाली, प्रमोद कुजुर, मनीष महतो, महताब आलम, राधा नायक, इमरान अंसारी, सद्दाम अंसारी, हाशिम अंसारी, प्रिंस सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## डीएफओ से खेल मैदान निर्माण कार्य में आ रही बाधा को दूर करने की मांग की

**भूमि संबंधी मामले के निवारण को लेकर ग्राम प्रधान संघ जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीएफओ से की मुलाकात**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** हेसल मौजा में खेल मैदान के लिए आवंटित भूमि में वन विभाग की आपत्ति को दूर करने के लिए मंगलवार को ग्रामप्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक के नेतृत्व में डीएफओ श्रीकांत वर्मा से मुलाकात कर मामले का निराकरण करने की मांग की गई। बताया गया कि हेसल मौजा में कला, संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से खेल मैदान निर्माण के लिए भूमि का आवंटन किया गया है। इस भूमि पर खेल मैदान के लिए समतलीकरण का कार्य कराया जा रहा था, परंतु इस बीच महिलौंग क्षेत्र के रेंजर द्वारा इसे वन विभाग की भूमि बताते हुए कार्य को बंद करा दिया गया। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने डीएफओ से खेल मैदान निर्माण कार्य में आ रही बाधा को दूर करने तथा 21 एकड़ जमीन में से वन विभाग की 17 एकड़ जमीन को मापी कर अलग करने तथा शेष 4 एकड़ जमीन को खेल मैदान तथा अन्य विकास कार्य के लिए चिन्हित करने का आग्रह किया गया। डीएफओ ने आश्वासन दिया कि फिर से इस जमीन की मापी कराकर मामले का निराकरण किया जाएगा। मौके पर हेसल पंचायत की मुखिया कविता देवी, कृष्णा भगत, बरतु मुण्डा आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन और मगध प्रबधंन के बीच हुई एजेंडा मिटिंग

**कोयला कामगारों की कई समस्याओं पर हुई चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय बचरा में प्रबंधन और राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के बीच 11 सूत्री मांगो पर एजेंडा मिटिंग हुई। इस मीटिंग में कोयला मजदूरों के कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से मगध के विस्थापित रैयतों को जमीन के बदले नौकरी, मुआवजा और पुनर्वास देने, कामगारों के बुनियादी सुविधा को बहाल करने, क्लर्क ग्रेड थर्ड की परीक्षा लेने,15 अगस्त से पूर्व सभी कामगारों को प्रमोशन देने, क्वार्टर, जूता, टोपी, तौलिया, वाटर बोतल देने, डिस्पेंसरी में महिला नर्स और महिला डॉक्टर की पोस्टिंग करने, महाप्रबंधक कार्यालय को बचरा से हटाकर मगध में शिफ्ट करने, शिफ्ट बस देने, हजारीबाग और रांची से ड्यूटी बस चलाने, इंसेंटिव का भुगतान करने सहित अन्य मांगों पर विचार विमर्श किया गया। प्रबंधन द्वारा उपरोक्त मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया गया।

मीटिंग में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ, एसओपी एके चौबे, मगध परियोजना पदाधिकारी एस सत्यानारायण एवं यूनियन की ओर से सीसीएल सचिव सह जेसीएससी सदस्य ललन प्रसाद सिंह, मगध संघमित्रा के सचिव मोहम्मद जहूर, एनके एरिया सचिव सुनील कुमार सिंह, पिपरवार एरिया सचिव भीम प्रसाद मेहता, अध्यक्ष केके चतुर्वेदी, श्याम सुंदर, प्रेमचंद कुमार, गौतम कुमार,संतोष कुमार सोनी, पार्वती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## लापुंग में दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** संदीप कुजूर उर्फ गोलू (30) पिता करमेलो कुजूर हिनू बस्ती शुक्ला कालोनी रांची निवासी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। उलगड़ा के पास दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में देर रात दोनों घायल हो गये। घायलों को 108 एम्बुलेंस से हॉस्पिटल ले जाया गया जहां संदीप ने दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा घायल को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स भेज दिया गया है। घटना के संबंध में लापुंग पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार बाइक चलाने के कारण यह घटना घटी। शव को अपने कब्जे में लेकर आज लापुंग थाना प्रभारी सकुमार हेमरोम ने पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। लापुंग पुलिस दोनों दुर्घटनाग्रस्त बाइकों को जब्त कर लिया है।

**खेलकूद : जिला स्तरीय प्री सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ**

## सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच आज खेला जायेगा

**यह प्रतियोगिता अंडर 14 बालक, अंडर 17 बालक एवं बालिका कुल तीन वर्गों में आयोजित हुई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में जिला स्तरीय 62वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता अंडर 14 बालक, अंडर 17 बालक एवं बालिका कुल तीन वर्गों में आयोजित हुई। जिला स्तर पर वही टीम भाग ले रही है जो प्रखंड स्तरीय प्री सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिला स्तर पर यह प्रतियोगिता 24 जुलाई से 26 जुलाई तक तीन स्थानों संत जॉन्स स्कूल रांची (अंडर 14 बालक), संत पॉल उवि रांची एवं सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस बालिका बरियातु रांची में आयोजित है। सोमवार को संत जॉन्स उवि मैदान में (अंडर 14 बालक) ग्रुप ए और ग्रुप डी का मैच खेला गया जिसमें ग्रुप ए से तमाड़ प्रखंड की टीम ने चान्हो प्रखंड की टीम को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ग्रुप डी से रातू प्रखण्ड की टीम ने रांची सदर प्रखंड की टीम को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनायी। संत पॉल उवि मैदान में (अंडर 17 बालक) ग्रुप ए एवं ग्रुप डी का मैच खेला गया। जिसमें ग्रुप ए में बुंडू प्रखंड की टीम नें अनगड़ा प्रखण्ड की टीम को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस बालिका बरियातु रांची स्थित मैदान में (अंडर 17 बालिका) ग्रुप ए और डी का मैच खेला गया जिसमें ग्रुप ए से चान्हों प्रखंड की टीम ने राहे प्रखंड की टीम को 3-0 से पराजित कर सेमिफाइनल में प्रवेश किया। वहीं ग्रुप डी से ओरमांझी प्रखंड की टीम ने बुढ़मू प्रखंड की टीम को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। सभी संवर्गों में ग्रुप बी एवं सी का मैच निर्धारित मैदानों में मंगलवार को खेला गया। 26 जुलाई को सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच खेला जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान एडीपीओ कौशल किशोर, एपीओ बंधु कच्छप, आनंद कुमार, बीपीओ चान्हों निर्मल बड़ाइक, बीपीओ सिल्ली मनोज कुमार, बीपीओ अनगड़ा पंकज तिर्की, शारिरिक शिक्षा शिक्षक प्रदीप कु महतो, देवचरण कच्छप, जफर इमाम, एम मोदस्सिर, समीर कुमार आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सिकिदरी कैंब्रियन पब्लिक स्कूल सांडी में ग्रीन डे का हुआ आयोजन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल सांडी सिकिदरी में सावन माह के अवसर पर ग्रीन डे का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती नेहा गुप्ता के निदेर्शानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । स्कूल की शिक्षिकाओं और अभिभावकों का भी पूरा योगदान रहा। कार्यक्रम में बच्चों को पर्यावरण के बारे में भी बताया गया। साथ ही ग्रीन डे कार्यक्रम में सभी बच्चे हरे रंग की विभिन्न पोशाकों में स्कूल आए थे । बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम स्कूल के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों का अहम योगदान रहा।

### जमीन से पांच फीट पर झूल रहे बिजली तार से कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना



**पिस्का नगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के किसान बहुल साहेर पंचायत के सेमर टोली गांव में करंट प्रवाहित बिजली का जर्जर हुए तार जमीन से पांच फीट पर झूल रहा है। इसे कभी भी बड़ी घटना हो सकती है तार से सटने या गिरने की आशंका ग्रामीणों को बनी हुई है। इस संबंध में गांव के प्रगतिशील किसान सुरेश महतो संजय प्रसाद महतो, छत्रपाल महतो, विदुल महतो, युवा जय किसान महतो ने बताया कि गांव के खेतों में हो या टोला मुहल्ला में पिछले पांच सालों से दर्जनों पोल में 11 हजार वाल्ट बिजली से प्रभावित नंगा तार जमीन से लगभग पांच फीट उपर झुल रही हैं, पर इसे देखने वाला नहीं है। कभी भी कोई ग्रामीण का तार की चपेट में आ सकता है। इसे हमेशा भारी क्षति का होने का आशंका लोगों को बनी रहती है। इस संबंध में कई बार संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों और स्थानीय बिजली मिस्त्री को सूचना दी गई, पर आज तक किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया है। मौके पर गांव के किसानों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से गांव का सर्वे कर जर्जर तार को बदलने और इसे उंचा बंधाने का शीघ्र मांग की है।

### जिप सदस्य ने चैक डैम का किया निरीक्षण, लिकेज के कारण नहीं मिल रही किसानों फायदा

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** ग्रामीणों के शिकायत पर मंगलवार को जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो ने लापुंग प्रखंड क्षेत्र के बोकरोंदा पंचायत के भंगी नदी पर करोड़ों की लागत से बनी श्रृंखलाबद्ध चैक डैम जो कि दो माह पूर्व बना है, उसका जिसका निरीक्षण किया। जिसमें जिप सदस्य को भारी अनियमितता देखने को मिली। जिसमें ठेकेदार के द्वारा नियम को ताक पर रखकर निर्माण कार्य कराया गया है। डैम में लिकेज होने के कारण पानी का ठहराव नहीं हो पा रहा है। जिससे करोड़ों रुपए से बनी डैम का लाभ आस पास के किसानों को नहीं मिल रहा है। जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा कि सरकार के द्वारा विकास योजनाओं के लिए करोड़ों खर्च किया जा रहा है लेकिन ठेकेदार व अधिकारियों की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है । हिंदिया टोप्पो ने कही की सरकार इसका उच्च स्तरीय जांच कराएं और फिर से उसका निर्माण कराया जाए जिससे ग्रामीणों को लाभ मिल पाएगा । ज्ञात हो कि ग्रामीणों के द्वारा जिप सदस्य कई बार इसकी शिकायत की गई थी । वारिस के अभाव में डेम में पानी रहने से लोग सिंचाई कर पानी की कमी को दूर कर सकते । कार्य स्थल से शिला पट भी गायब है।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ को लेकर समिति की हुई बैठक

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार के बचरा चार नंबर मैदान में 2 सितंबर से लेकर 9 सितंबर तक होने वाले आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर यज्ञ समिति के लोगों की बैठक हुई। बैठक में यज्ञ संपन्न कराने को लेकर आवश्यक तैयारी एवं इसके लिए कोष संग्रह की प्रगति पर चर्चा हुई। बैठक में संजय कुमार चौबे, रवीन्द्रनाथ सिंह, सुनील प्रसाद,रामू गोप, धीरेन्द्र कुमार शर्मा,गांधी राम साहु,रामबच्चन यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### ओरमांझी के हरचंडा में मोहर्रम मेला के सफल आयोजन को लेकर हुई बैठक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** मोहर्रम मेला मैदान हरचण्डा में मंगलवार को सेंट्रल मोहर्रम कमिटी के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के मोहर्रम अखाड़ा कमिटी के सदस्यों की बैठक अध्यक्ष सलीम अंसारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बरवे, दड़दाग, हरचण्डा, बसाती, चकला, डहु, रिगाटोली, सिलदीरी, ओरमांझी सहित अन्य गांवों के मोहर्रम कमेटी के सदस्य शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि शांति व सद्भाव के साथ 30 जुलाई को ओरमांझी पश्चिमी क्षेत्र के सभी गांव से मोहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा। यातायात बाधित ना हो इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा। कुटे मोहर्रम मेला के एक दिन बाद ओरमांझी पश्चिमी क्षेत्र का जुलूस निकाला जाएगा। मौके पर विभिन्न गांव से आए लोगों ने कहा कि मेला में प्रदर्शनी खेल का भी आयोजन होना चाहिए जिस पर सहमति बनीते हुए कहा गया कि सभी अखाड़ा अपने स्तर पर लाठी-डंडा की प्रतियोगिता की तैयारी करें। मेला के दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अखाड़ा को सम्मानित किया जाएगा। वहीं विचार बनाया गया कि पुलिस प्रशासन की टीम को सुरक्षा व्यवस्था के लिए आमंत्रित किया जाएगा। वहीं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समाजसेवी लोगों को मेला में अतिथि के तौर पर पगड़ी बांधकर सम्मानित किया जाएगा। सभी अखाड़ा के पदाधिकारियों को कहा गया कि समय से मोहर्रम का जुलूस निकालें और मेला टांड़ पहुंचे। बैठक में उप प्रमुम रिजवान अंसारी सचिव जियायल अंसारी, विधायक प्रतिनिधि स्फीउल्लाह अंसारी, पूर्व उप मुखिया चकलाआफताब आलम, नौशाद अंसारी, फिरोज अंसारी मिन्हाज अंसारी मोहसीन अंसारी अल्ताफ अंसारी शकील अंसारी सहित अनेकों लोग शामिल थे।

# अंतिम धाम स्वच्छ और सुंदर रखें : अरुणा शंकर

**लकड़ी का दर नहीं बढ़ेगा : प्रथम महापौर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राजा हरिश्चंद्र घाट में चल रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि संवेदक इसका निर्माण कार्य जल्द खत्म करें काफी विलंब हो चुका है। प्रथम महापौर ने बताया मैंने पलामू सांसद वीडी राम जी से अनुरोध कर निगम में उनके कोटे की राशि से अपने कार्यकाल में इस घाट का बाउंड्री वॉल ऊंचा करने,बरसात के दिनों में शव जलाने हेतु बाहर में बड़ा शेड निर्माण, मुख्य गेट बनाने तथा जरूरत के हिसाब से पेवर लगाने की स्वीकृति दी थी जिसका कार्य काफी धीमी गति से संवेदक कर रहे है जो दुखद है,मैं इस बारे में नगर आयुक्त से बात करूंगी। निरीक्षण के क्रम में घाट की देखरेख कर रही संस्था पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य भी उपस्थित थे। चेंबर सदस्यों ने प्रथम महापौर को बताया कि लकड़ी दिन पर दिन महंगी होती जा रही जहां पहले लकड़ी 500 रुपये क्विंटल मिलता था आज आरा मिल में लगभग 700 रुपये प्रति क्विंटल मिल रही और लाने ले जाने का खर्च अलग से पढ़ता है। जिसके घाटे की भरपाई चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर तथा सदस्यों के सौजन्य से किया जा रहा। आज भी लकड़ी, सफाई, आग देने का खर्च सहित घाट पर मात्र 3500 रुपया ही लिया जाता है साथ ही कई शव निःशुल्क भी जलाये जाते है। चेंबर सदस्यों ने शव का दाह खर्च न्यूनतम 4000 तक करने की बात कहीं जिस पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि यह एक पुण्य कार्य है दर नहीं बढ़ेगा जो घाटा होगा हम सब मिलकर उसका वहन करेंगे इसकी सदस्यों ने स्वीकृति दी। प्रथम महापौर ने घाट की सफाई की प्रशंसा करते हुए घाट की देखरेख कर रहे चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, कम दर पर लकड़ी उपलब्ध करा रहे रिंकू दुबे, कोषाध्यक्ष अनवर को बधाई दी साथ ही अनवर के द्वारा अब तक अपने निजी सहयोग से 43 लावारिस शव को जलाने के लिए भी प्रथम महापौर और सदस्यों ने प्रशंसा की। प्रथम महापौर ने अपने निजी सहयोग से लगाए सीसीटीवी, इन्वर्टर तथा निगम द्वारा लगाया गया ठंडा पानी का मशीन का भी निरीक्षण किया जो सारे चालू हालत में थे। प्रथम महापौर ने कहा कि चेंबर राजा हरिश्चंद्र घाट में फूल पत्ती पौधे भी लगाकर सजायें जिसमें मैं सहयोग करूंगी क्योंकि यही अंतिम धाम है इसे स्वच्छ और सुंदर रखना हमारा कर्तव्य। इस अवसर पर चेंबर सदस्य रिंकू दुबे, राजदेव उपाध्याय, अनवर, मनीष भिवानीया, प्रेम जयसवाल, सुनील गुप्ता तथा निगम के एसडीओ द्वेष जी के अलावे मोहल्ले के लोग उपस्थित थे।

# पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षा के लिए जरूरी है पौधरोपण : एसपी

**पत्रकार के पिता के श्राद्ध कर्म में पर्यावरण धर्म के तहत पर्यावरणविद और एसपी ने किया पौधरोपण**
**श्राद्ध में पौधा लगाने से मृत आत्मा को मिलती है शांति : कौशल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर के बेलवाटीकर गुरुद्वारा रोड़ में वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह उमेश के पिता स्व विश्वनाथ राम के श्राद्ध में पहुंचे एसपी समेत शहर की कई हस्तियां और विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत मृत आत्मा की शांति के लिए थाईलैंड प्रजाति के फलाहुवा आम का पौधा लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के गार्जियन का साया सर से हट जाए तो उनके नाम का आंगन में फलदार पौधा लगाकर बच्चों की तरह बचाना चाहिए। जिसे उस वृक्ष के छाया से मृत आत्मा की शांति तो मिलती ही है साथ- साथ उनके परिवार की बहुत सारी समस्याओं का भी निदान होता है। इससे पहले पर्यावरणविद कौशल ने स्वर्गीय विश्वनाथ राम के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने स्वर्गीय विश्वनाथ राम के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों से मिलकर दुख की घड़ी में साथ देने की भरोसा दिलाया। उक्त अवसर पर उन्होंने पौधारोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए समाज के सभी लोगों को पौधारोपण करने की जरूरत है। वृक्ष लगाने से मानव जीवन को कई तरह का प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से कई लाभ मिलता है। मेदिनीनगर सदर एसडीओ राजेश कुमार शाह, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, संत मरियम आवासीय विद्यालय के निदेशक अविनाश देव, भोलू जी, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, रंजीत जायसवाल, वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह उमेश व रविंद्र कुमार शिक्षिका अनिता वर्मा, कांग्रेस नेता छोटू सिंह, सरोज कुमार तारा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# दिव्यांग किशोरी के साथ युवक ने किया दुष्कर्म, हालत नाजुक, आरोपी गिरफ्तार

**हुसैनाबाद(आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय दिव्यांग बच्ची के साथ 25 साल के युवक ने घर में अकेला पाकर हैवानियत की हदें पार कर रेप करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। प्राइवेट पार्ट से बच्ची के खून से लथपथ व दर्द से कराहती रही। उसके बाद भी वह रेप करने से बाज नहीं आया। इस संबंध में किशोरी की मां ने मंगलवार को हुसैनाबाद थाना में रमेश पाल नामक आरोपी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वह मवेशी चराने गई थी, शाम को करीब तीन से चार बजे वह घर पहुंची तो आरोपी को भागते देखा, और मेरी बच्ची खून से लथपथ चिल्ला रही थी,जब मैं शोर मचाई उस समय अगल बगल में कोई नहीं था। जिसके कारण आरोपी भाग निकला। जब सोमवार की शाम को घटना के बाद हुसैनाबाद थाना लेकर आ रहे थे, तो आरोपी ने रास्ते में रोककर कहा कि तुम इसकी जानकारी थाना को देगी तो तुमको और बच्ची को जान मार देंगें। इस डर से वह घर लौट गई थी। और खून से लथपथ बच्ची रातभर दर्द से चिल्लाती रही। सुबह में ग्रामीणों के साथ वह हुसैनाबाद थाना पहुंच कर लिखित शिकायत की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर थाना ले आई और बच्ची को मेडिकल चेकअप के लिए मेडिकल कॉलेज मेदिनीनगर भेजा गया। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया हैं ।

# सिंचाई विभाग और शिवालया ने बिहार और झारखंड के किसानों की बढ़ायी मुश्किलें

**बटाने डेम का पानी हुआ अवरुद्ध**
**हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई से वंचित हो रहे किसानों में रोष**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हरिहरगंज/पलामू।** सिंचाई विभाग और शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही से बटाने डैम के पानी से होने वाले बिहार और झारखंड के हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई में अड़चने उत्पन्न हो गई है। जिससे किसानों में सिंचाई विभाग और शिवालय कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रति किसानों में काफी रोष है। इसे लेकर हरिहरगंज व सीमा से सटे नबीनगर, टंडवा के हजारों एकड़ भूमि के सैकड़ों किसानों ने सरसोत मोड़ के समीप बनी फ्लाई ओवर ब्रिज स्थित बटाने डेम के लेफ्ट केनाल पर पहुंच कर आक्रोश जताया है। किसानों ने बताया कि झारखण्ड और बिहार के हजारों एकड़ भूमि का सिंचाई बटाने डैम के लेफ्ट केनाल से होती है। जिस पर शिवालया ने मुख्य नहर पर ही पुल का निर्माण न कर करीब ढाई सौ फीट में मात्र तीन फूट चौड़ी होम पाइप लाइन कर ब्रिज बना दिया। वहीं कुछ दिनों पहले हुई बारिश में नहर के उपर से गिरी मिट्टी का मलबा होम पाइप में भर गया और नहर में पानी का बहाव बंद हो गया। किसानों ने कहा कि नहर का पानी बंद होने से हमलोगों को बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने निर्माण के दौरान कोई आपत्ती भी नहीं जताया। जबकि सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने ही ओवर ब्रिज बनाने की अनुमति दी होगी। किसानों ने इससे पहले पलामू उपायुक्त से शिकायत की थी। हालांकि उनके आदेश पर शिवालया ने होम पाइप में भरी मलबे को सफाई कराने का प्रयास कराया पर नहीं हो सका। जिससे सिंचाई से वंचित हो रहे किसानों में आक्रोश बढ़ती जा रही है। उधर धान का बिचड़ा भी बुवाई के लिए तैयार हो चुका है, पानी के अभाव के कारण किसान खेत की जुताई नहीं कर पा रहे हैं। मौके पर पहुंच कर शिवालया के प्रोजेक्ट मैनेजर जयंत प्रकाश शुक्ला ने बताया कि सिंचाई के लिए किसानों को असुविधा नहीं होने देंगे, केनाल चालू होने से पहले पानी सुचारू करा देंगे। साथ ही हमें 15 वर्षों तक रहकर कार्य करना है। जब तक रहेंगे किसानों को सिंचाई के लिए दिक्कत नहीं होने देंगे।

# मोहर्रम को लेकर की गयी शांति समिति की बैठक



**सतबरवा /पलामू (आजाद सिपाही)।** आगामी 29 जुलाई को होने वाले मोहर्रम त्योहार को लेकर मंगलवार को सतबरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ राज किशोर प्रसाद संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने किया। बैठक में सतबरवा थाना क्षेत्र में पड़ने वाले सभी जनप्रतिनिधि पीस कमेटी के सदस्य और गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित पीस कमेटी के सदस्यों ने अपने अखाड़े और जुलूस के रास्तों के बारे में बताया, वही बीडीओ व थाना प्रभारी ने कहा कि लाइसेंस में अंकित रास्तों से ही जुलूस पार करें और दोनों समुदाय मिलकर खुशी खुशी त्यौहार मनाए। जिस तरह प्रशासन आपके साथ हैं उसी तरह आप लोग भी प्रशासन को कॉपोरेट करें। सोशल मीडिया के अफवाहों पर ध्यान ना दें,कोई भी ऐसा काम ना करें जिससे विवाद खड़ा हो जाये। मौके पर समाजसेवी कमलेश प्रसाद, मनिका विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, रवि प्रसाद, पप्पू सिंह, हदीस मियां, मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद रवानी, हाफिज जुबेर, शैदुल मियां, योगेंद्र भूईयां, दिनेश पासवान समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# वन है तो जल है, जल है तो कल है : आशीष भारद्वाज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल में युवा सामाजिक कार्यकर्ता आशीष भारद्वाज ने अपने चल रहे वन एवं पर्यावरण अभियान के तहत शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ मिलकर पीपल, गुल मोहर और कई फलदार पौधों को विद्यालय परिसर में लगाया। पौधारोपण के साथ - साथ बच्चो को माँ प्रकृति और धरती माँ के प्रति कृतज्ञ बने रहने का शपथ भी दिलवाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आशीष ने कहा की हम धरती माँ से सिर्फ.लेते है कभी सोचा है की उन्होंने जो हमे दिया है क्या उसे हम संभाल कर रख पा रहे है, बदले में क्या हम माँ धरती को कुछ वापस भी करते है। हमारा कर्तव्य है कि हम धरती माँ द्वारा प्रदत चीजों को संजो के रखे चाहे ओ वृक्ष, जल, हवा या हमारा ये वातावरण है।पौधारोपण धरती मां और प्रकृति माँ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का तरीका है, हम इस माध्यम से माँ धरती को हमे दिये हर वस्तु के लिये धन्यवाद कर सकते है। पृथ्वी पर जल है तभी जीवन है और जल इसलिए है क्यूँकि यहा पेड़, पौधे और ये पर्यावरण है जिसको संरक्षित करना हमारा कर्तव्य और धर्म भी है, हमे ये प्रण लेना चाहिए की हम हर वर्ष कम से कम एक पौधा जरूर लगायेंगे और उसे संरक्षित करेंगे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश शुक्ला ने अपने शिष्य आशीष भारद्वाज द्वारा लगातार चार वर्षों से चलाए जा रहे वन एवं पर्यावरण अभियान की सराहना की और उनके सामाजिक प्रयासों को लेकर उन्हें साधुवाद देते हुए बच्चों को पौधों और उनके संरक्षण से जुड़े गुरों को भी समझाया और विद्यालय में लगे पौधों को संरक्षित करने के बच्चों के प्रयासों को भी साझा किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बाल संसद से अमित शाह और माही कुमारी ने आशीष भारद्वाज के प्रयासों पर बच्चों के साथ मिलकर भाव व्यक्त किया।

इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में बच्चों के साथ विद्यालय के अध्यापक रबीन्द्र पाल,उपेन्द्र पांडेय,प्रेमचंद कुमार, राहुल गुप्ता,आकाश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

# नियमों को ताक पर रख कर की जा रही वाहन प्रवेश शुल्क की वसूली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**छतरपुर(पलामू)।** नगर पंचायत में वाहन प्रवेश शुल्क के नाम पर नगर पंचायत के ठेकेदार एवं उसके कर्मियों द्वारा वाहन चालकों से नियमों को ताक पर रखकर वसूली किया जा रहा हैं। जब वाहन चालक या वाहन स्वामी के द्वारा नियम के अनुसार प्रवेश शुक्ल लेने की बात कहने पर वाहन चालक के साथ मार पीट किया जा रहा है। हद तो तब हो गई कि नियम अनुरूप पैसे लेने की बात कहे जाने पर एक वाहन स्वामी के घर पर जा कर धका-मुक्की, गली-गलौज करते वीडियो भी वायरल हो रहा है। दरअसल छतरपुर नगर पंचायत में टैम्पो स्टैंड 18 मार्च को बंदोबस्ती हुई है। इस से संबंधित नगर पंचायत छतरपुर के द्वारा ठेकेदार को 16 जून को संबंधित पत्र जारी किया गया। उक्त पत्र में लिखा हुआ है कि एक वर्ष के लिए नगर पंचायत छतरपुर क्षेत्रअंतर्गत टेंपो स्टैंड का दिनांक 18 मार्च 2023 को बंदोबस्ती में आपके द्वारा उत्तम डाक बोली लगाकर बंदोंबस्ती ली गई। अतः आपको दिनांक 16 जून 2023 से 15 जून 2024 तक के एक वर्ष के लिए छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत टेंपो स्टैंड में आने जाने वाले टेंपो, पिकअप, 407वाहन, कमांडर वाहनों से निर्धारित शुल्क वसूल करने हेतु कार्यदेश निर्गत किया जाता है। आप एकरानामा की शर्तों के अनुपालन करते हुए वसूली करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही टेंपो स्टैंड में प्रतिदिन साफ सफाई रहने की व्यवस्था करनी होगी।

**क्या लिखा हुआ है एकरारनामा में:** एकरारनामा में लिखा गया है कि बाहर से प्रवेश करने वाले टेंपो, पिकअप, कमांडर 407 वाहन, व्यवसायिक वाहन यात्री वाहन के प्रवेश शुल्क वसूली 2023-24 विनय कुमार पिता श्री मथुरा साव थाना छतरपुर जिला पलामू झारखंड। द्वितीय पक्ष कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत छतरपुर अधोहस्ताक्षरी शर्तों बंधेजो है जो की आधार पर बाहर से प्रवेश करने वाले टेंपो पिकअप, कमांडर 407, व्यवसायिक /यात्री वाहन के प्रवेश शुल्क के वार्षिक बंदोबस्ती वर्ष 2023- 24 के लिए एकरारनामा करते हैं ।

**वाहनों से प्रवेश शुल्क संग्रह हेतु निम्न स्थानभी दर्शाया गाय है**

छतरपुर-हरिहरगंज रोड रामगढ़ पेट्रोल पंप तीन महान के पास। छतरपुर- नौडीहा बाजार रोड मंदया नदी पुल के पास। छतरपुर जपला रोड उषा पेट्रोल पंप के समीप और छतरपुर-डाल्टेनगंज रोड फैक्ट्री के पास। वसूली स्थान पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सीसीटीवी कैमरा फर्स्ट एड की समुचित व्यवस्था रखनी होगी आवश्यकता होने पर बंदोबस्तधारी द्वारा को वीडियोग्राफी कराया जायेगा।

इधर वाहन चालकों का कहना है प्रवेश शुक्ल वसूली करने वाले निर्धारित स्थान पर पैसों के वसूली नही की करते बीच सड़क पर जबरन गाड़ी रोकवा कर कहते जल्दी से पैसा देर होने मारपीट करने लगते है ।

वायरल वीडियो के संबंध नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी से बात करने बताया कि अभी तक कोई लिखित शिकायत नही मिली अगर किसी के साथ गाली गलौज किया गया है तो थाना में आवेदन दे सकता है।

# प्रमुख ने कार्यस्थल का निरीक्षण कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की

**बिश्रामपुर(पलामू)।** जिला अंतर्गत विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा ग्राम पंचायत में बन रहा खेल चेंजिंग रूम का कार्य पूर्ण होने से पहले ही उसका सभी दीवार दरक गया और एक तरफ की दीवार गिर भी गयी। जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। प्रमुख रंभा कुमारी को जब इसकी सूचना ग्रामीणों से मिली तो उन्होंने स्वयं जाकर कार्यस्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उपप्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह, बीपीओ अरविंद सिंह सहित कई सम्बंधित लोग उपस्थित थे। बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने बताया कि एक लाख 52 हजार की लागत से उक्त खेल चेंजिंग रूम का निर्माण 15 वीं वित्त की राशि से कराया जा रहा था। करीब एक लाख रुपये की निकासी भी कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि उक्त योजना का जांच किया जायेगा।

## स्पोर्ट्स



भारत ने वेस्टइंडीज से लगातार 9वीं टेस्ट सीरीज जीती: दूसरा टेस्ट ड्रॉ रहा, आखिरी दिन एक बॉल भी नहीं फेंकी जा सकी टेस्ट सीरीज की ट्रॉफी के साथ टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा। भारत ने 2 टेस्ट की सीरजी 1-0 से जीती।

# भारत ने वेस्टइंडीज से लगातार नौवीं टेस्ट सीरीज जीती

**दूसरा टेस्ट ड्रॉ रहा, आखिरी दिन एक बॉल भी नहीं फेंकी जा सकी**
**गेंदबाज मो शिराज बने प्लेयर ऑफ द मैच। भारत ने 2 टेस्ट की सीरीज 1-0 से जीती।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार नौवीं टेस्ट सीरीज जीत ली है। टीम ने 2 टेस्ट की सीरीज 1-0 से अपने नाम की। सीरीज का दूसरा मुकाबला ड्रॉ रहा। भारतीय टीम ने पहला मुकाबला पारी और 141 रनों से जीता था, इस तरह यह सीरीज टीम इंडिया के नाम रही। वेस्टइंडीज ने भारत से आखिरी टेस्ट सीरीज 2002 में जीती थी।

पोर्ट ऑफ स्पेन में खेले गए इस मुकाबले का पांचवां और आखिरी दिन बारिश के नाम रहा। दोपहर तक रुक-रुककर बारिश होती रही। शाम तक भी मौसम साफ नहीं हुआ, जिस कारण टेस्ट में एक भी बॉल नहीं फेंकी जा सकी। हार-जीत का फैसला नहीं हो सका और भारत को ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।

रविवार को चौथे दिन वेस्टइंडीज को 365 रन का टारगेट मिला था, टीम ने स्टंप्स तक 2 विकेट पर 76 रन बना लिए थे। टीम इंडिया अब 27



जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी।

**मोहम्मद सिराज रहे प्लेयर ऑफ द मैच:** पहली पारी में 5 विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने तीसरे दिन के पहले सेशन में 4 विकेट लेकर वेस्टइंडीज को जल्दी ऑल आउट करने में अहम योगदान दिया था। सिराज को अपने टेस्ट करियर में पहली बार प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला है। मैच में विराट कोहली ने भी शतकीय पारी खेली थी।

सीरीज में 15 विकेट लेने रविचंद्रन अश्विन को प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिल सकता



था। लेकिन अलग बात ये रही कि वेस्टइंडीज बोर्ड ने प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड ही नहीं रखा।

मोहम्मद सिराज ने टेस्ट करियर में पहली बार 5 विकेट लिए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया।

**भारत को शेयर करने पड़ गए पॉइंट्सः** आखिरी दिन बारिश का सबसे ज्यादा नुकसान भारत को हुआ, क्योंकि टीम को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अहम 4 अंक वेस्टइंडीज के साथ बांटना पड़ गये। अगर दिन का खेल होता और भारत वेस्टइंडीज के 8 विकेट गिरा देता तो टीम को पूरे 12 पॉइंट्स मिलते। वहीं अगर वेस्टइंडीज मैच जीत जाती तो भारत को कोई पॉइंट नहीं मिलता और विंडीज 12 पॉइंट्स हासिल कर सीरीज 1-1 से बराबर कर लेती।

**पांचवें दिन का खेल बारिश में धुलाः** आखिरी दिन की शुरूआत अच्छी नहीं रही और पहले सेशन का खेल बारिश के कारण नहीं हो सका। यहां सुबह से तेज बारिश होती रही। दोपहर में भी बारिश जारी रही और दिन का खेल शुरू ही नहीं हुआ।

पोर्ट ऑफ स्पेन में सुबह से रुक-रुककर बारिश होती रही और तीनों सेशन का खेल नहीं हो सका। पोर्ट ऑफ स्पेन में सुबह से रुक-रुककर बारिश होती रही और तीनों सेशन का खेल नहीं हो सका।

**चौथे दिन का खेल :** भारत ने दिया 365 रन का टारगेट, वेस्टइंडीज ने 76 पर दो विकेट गंवाये। रविवार को चौथे दिन भारत ने वेस्टइंडीज को 365 रन का टारगेट दिया था। जवाब में मेजबान टीम ने स्टंप्स तक 2 विकेट पर 76 रन बना लिए थे।

वेस्टइंडीज ने 229/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और टीम 255 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। भारत से मोहम्मद सिराज ने 5 विकेट लिए।

**पहले दिन यशस्वी और रोहित के बीच सेंचुरी पार्टनरशिप**

त्रिनिदाद के पोर्ट ऑफ स्पेन में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने उतरी वेस्टइंडीज को भारतीय ओपनर्स ने विकेट के लिए तरसा दिया। यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने 139 रन की पार्टनरशिप की। यशस्वी 57 और रोहित 80 रन बनाकर आउट हुए।

# कनकनी प्रबंधन ने ध्वस्त किया आवास, लोगों ने जताया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** कनकनी पासी पट्टी में बुधवार को बीसीसीएल प्रबन्धन द्वारा एक घर को ध्वस्त कर दिया गया। घर तोड़ने में पेलोडर का इस्तेमाल हुआ है। घर ध्वस्त करते ही आसपास ग्रामीणों द्वारा विरोध शुरू हो गया है। महिलाएं भी जमा हो गई।ग्रामीणों का कहना है कि बीसीसीएल अन्याय कर रही है। जबरन उजाड़ा जा रहा है। जिस घर को ध्वस्त किया गया उस घर मे दीपक महतो नाम एक का आदमी रह रहा था। वही प्रबन्धन का तर्क है कि आसपास भूंधसान है, वहां गैस का रिसाव हो रहा है। वही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस क्षेत्र में ओबीआर डंपिंग के लिए रास्ता बनाया जा रहा है, एक रैयती अजित निषाद का घर भी तोड़ने का प्लान है। ग्रामीण महिलाएं और पुरुषो ने कहा कि हम यहां से ओबीआर डंपिंग का रास्ता बनाने नही देंगे हम लोग रैयती हैं। ओबी डंपिंग हुआ तो प्रदूषण से मर जायेंगे। बताया जाता है कि कनकनी कोलियरी में आउटसोर्सिंग कम्पनी राम अवतार के लिए ओबीआर डंपिंग की जगह नही मिल पा रहा है।प्रबन्धन परेशान है, कंपनी को जगह नही मिलती है तो उत्खनन का काम आगे नही बढ़ पायेगा। मामले को लेकर कनकनी कोलियरी प्रबंधक गोपाल जी ने बताया कि जो आवास ध्वस्त किया गया है वह बीसीसीएल का क्वार्टर था।यह इलाका अग्नि प्रभावित और भूधंसान क्षेत्र है।सीओ टू गैस निकलते रहता है। लोग जान जोखिम में डाल कर रहे हैं। रैयत को किसी तरह की धमकी नहीं दी गई है। रैयत को उचित मुआवजा देने के लिए तैयार हैं। लेकिन उसका जो डिमांड है वह कोलियरी स्तर का नहीं है। उसे जमीन से संबंधित पेपर जमा करने के लिए कहा गया है।

# मुकदमा करने की मांग को लेकर मंच देगा धरना : अवधेश सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** दीपक गोस्वामी के साथ हुए छिनतई और मारपीट के साक्ष्य का वीडियो पेन ड्राइव में डी आई जी कार्यालय हजारीबाग में किसान मंच द्वारा प्रस्तुत किए जाने और वहां से, छिनतई करने वाले अपराधियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं गिरफ्तारी करने के आश्वासन मिलने के 4 दिन बाद भी पचंबा पुलिस द्वारा दीपक गोस्वामी के साथ छिनतई करनेवाले अपराधियों के विरुद्ध किसी प्रकार का कारवाई नहीं करने से आक्रोशित किसान मंच के सदस्यों ने आगे की लड़ाई लड़ने के लिए मंगलवार को झंडा मैदान में किसान पंचायत आयोजित कर पीड़ित दीपक गोस्वामी की मां को आर्थिक सहयोग करने का आह्वान किया। किसान मंच के आह्वान पर सैकड़ों सदस्यों ने दिल खोलकर पूरे उत्साह के साथ चंदा दिया। तत्पश्चात चौथा बार झंडा मैदान गिरिडीह में धरना दिया और पचंबा थाना प्रभारी एवं एस पी गिरिडीह के खिलाफ शहर में प्रदर्शन किया। धरना को संबोधित करते हुए किसान मंच के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि यह बात सही है की पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों एवं भ्रष्ट पुलिस पदाधिकारियों को संरक्षण देकर जिले में अपराध को बढ़ावा देने से हम सबों को काफी दुःख हुआ है लेकिन इससे भी ज्यादा दुःख हमलोगों को इस बात के लिए है कि किसान मंच को छोड़कर गिरिडीह जिला का कोई भी धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन, और राजनैतिक दल के लोग स्थानीय प्रशासन के डर से अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का साहस नहीं कर पा रहे है। मीडिया में बने रहने के लिए राज्य में सत्तासीन राजनैतिक दल के लोग मणिपुर में हुई घटना का निंदा कर रहे हैं तो केंद्र में सत्तासीन राजनैतिक दल के लोग पश्चिम बंगाल में हुई घटना का निंदा कर रहे है पर किसी भी संगठन या व्यक्ति द्वारा अपने गिरिडीह जिले में पुलिस द्वारा करवाए जा रहे अपराध के खिलाफ आवाज उठाने का साहस नहीं किया जा रहा है। पीड़ित दीपक गोस्वामी की मां बोबी देवी ने कहा कि पचंबा थाना प्रभारी यदि यह सोच रहें हैं कि वे हमारे निर्दोष बेटे को छेड़खानी के झूठे मामले में जेल में डालकर हमें अपनी जमीन को भूमाफिया को देने के लिए विवश कर देंगे तो यह थाना प्रभारी का गलतफहमी है हम जान दे देंगे पर अपनी जमीन भूमाफिया को हरगिज नहीं लेने देंगे। किसान मंच के सचिव विजय कुमार ने कहा कि जब तक छिनतई करनेवाले अपराधियों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल नही भेजेगी तब तक किसान मंच के सदस्य पचंबा थाना प्रभारी और गिरिडीह एस पी के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन करती रहेगी चाहे सालों भर आंदोलन क्यों नही करना पड़े।

## गोमिया विधायक ने किया लाखों की योजना का शिलान्यास

**चतरोचट्टी।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के बडकीसिधावारा पंचायत में उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटकी सीधावारा मे विधायक मद से लाख की लागत से बनने वाली डीप बोरिंग व वाटर टैंक की शिलान्यास गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो के कर कमलों मे किया गया। मौके पर गोमिया विधायक डॉ.लंबोदर महतो ने ग्रामिणों के बीच संबोधित करते हुये कहा कि यह योजना उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों मे विद्यालय में कई सालों से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं, जिसे प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर योजना उतारा जा रहा है, जो कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी आज तक किसी ने विकास की आईना नही दिखाया है। वही चतरोचट्टी के नायक टोला मे 200 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया मौके पर विधायक प्रतिनिधि डालचंद महतो, नारायण महतो, कामेश्वर महतो, कौलेश्वर रविदास, भगवानदास रविदास, डालचंद महतो, टेकलाल कुमार महतो, सुंदर रविदास दामोदर महतो, जीवलाल महतो, धनेश्वर महतो व विद्यालय के सभी शिक्षक आदि उपस्थित थे।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में आइएमए के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने ऑनलाइन फामेर्सी के विरोध में मंगलवार को धनबाद यूनियन क्लब में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और बिहार झारखंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के साथ बैठक की। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के झारखंड के अध्यक्ष डॉ ऐके सिंह ने कहा की ऑनलाइन फामेर्सी की बिक्री का विरोध हमारी एसोसिएशन भी करती है। उन्होंने धनबाद के नागरिकों से अपील की है की आप लोग दवा ऑनलाइन नहीं मंगवाए क्योंकि ऑनलाइन दवा की गुणवत्ता जांच नहीं की जा सकती है। इस मुद्दे पर हमारी एसोसिएशन धनबाद कैमिस्ट ऐड ड्गिस्ट एसोसिएशन के साथ है। आईएमए धनबाद के अध्यक्ष डॉ मेजर चन्दन ने कहा की ऑनलाइन एक गंभीर मुद्दा है जिसका विरोध हमारा आईएमए धनबाद भी करेगा। बीजेएसआर यूनियन बिहार झारखंड के अध्यक्ष असीम हलदर ने बलाया की ऑनलाइन फामेर्सी द्वारा बेचीं जा रही दवा फेक है की नहीं इसकी जांच कहा होगी? बीजेएसआर यूनियन धनबाद के अध्यक्ष संदीप आईज ने कहा की डॉक्टर द्वारा मरीज को जो प्रिसक्रिप्शन दिया जाता है उसका हेल्थ डाटा चोरी होने का डर है। केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल मे बताया की दवा की ऑनलाइन फामेर्सी से दवाइयों पर 30 से 40 परसेंट की छूट गैर कानूनी है। इन सभी विषयों पर ड्रग कंटोलर जनरल ऑफ इंडिया ने ऑनलाइन कामेर्सी वाली 20 कंपनियों को शोकॉज नोटिस जारी किया है। बैठक में आईएमए के झारखंड के अध्यक्ष डॉ एके सिंह, आईएमए धनबाद के अध्यक्ष डॉ मेजर चंदन कोषाध्यक्ष डॉ राकेश इटर सिंह बीजेएसआर यूनियन झारखंड बिहार के अध्यक्ष असीम हलदर,धनबाद के अध्यक्ष संदीप आईच, कुंदन मुखर्जी, केमिस्ट एसासिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव धीरज दास, कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल, देवन तिवारी, अजय सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, सुनील पोद्दार उपस्थित थे।

## बीसीसीएल क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर विधायक पूर्णिमा ने की कार्मिक निदेशक से वार्ता



**धनबाद।** बीसीसीएल क्षेत्र के विभिन्न मामलों को लेकर मंगलवार को मुख्यालय कोयला भवन में झरिया विधायक सह सचेतक (सत्तारूढ़ दल) पूर्णिमा नीरज सिंह की उपस्थिति में एक प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्ण रमैया के साथ सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में बीसीसीएल अंतर्गत लंबित अनुकंपा, मेडिकल अनफीट,जमीन के बदले नियोजन मामले को त्वरित निष्पादित करते हुए आश्रितों को नियोजन देने, झरिया में प्रदूषण से बचाव हेतु स्प्रिंकलर मशीन उपलब्ध कराने, भूमिगत खदान में जो मजदूर का पहले कार्यरत थे तथा खदान बंद होने के पश्चात सतह पर काम करने लगे,उनके नियमितीकरण करने, पदोन्नति कार्यरत बीसीसीएल कर्मियों के योग्यता अनुसार आवास आवंटन, विधायक पूर्णिमा द्वारा बीसीसीएल को सीएसआर मद से भेजी गई अनुशंसा के निष्पादन सहित अन्य मामलों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक के दौरान डीपी रमैया ने विधायक पूर्णिमा के सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, सुभाष सिंह, जटाशंकर सिंह, रामकृष्ण पाठक, सुधीर सिंह,अजीत सिंह, कुंवर सिंह, भुनेश्वर सिंह, दिलीप झा सहित जनता मजदूर संघ तथा बीसीसीएल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नाबालिग छात्रा के वीडियो वायरल मामले में बाल संरक्षण आयोग ने लिया संज्ञान



**धनसार।** नाबालिग छात्रा के साथ गलत हरकत कर विडियों वायरल मामले में बाल संरक्षण आयोग ने संज्ञान लिया है। झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य डॉ आभा अकिंचन, सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, डीसीपीयू साधना कुमारी सहित चार सदस्यीय टीम मंगलवार को धनसार थाना पहुंची। आयोग ने धनसार थाना प्रभारी कक्ष मे नाबालिग छात्रा से मामले की विस्तृत जानकारी ली। जानकारी लेने के बाद धनसार थाना प्रभारी राजदेव सिंह से अब तक इस मामले मे हुई कारवाई की जानकारी ली। डॉ आभा ने धनसार थाना प्रभारी से एफआईआर कापी की छायाप्रति भी ली। साथ ही थाना प्रभारी को आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाई करने को कहा।इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि इस मामले मे आरोपी को जेल भेजा गया है। आरोपी को कड़ी सजा हो इसके लिए ठोस कारवाई की जा रही है। इस संबंध मे आयोग के डां आभा से पुछे जाने पर बताया कि नाबालिग छात्रा के साथ जो गलत हरकत हुआ है।यह बहुत ही निंदनीय है। इस मामले को आयोग ने गंभीरता से लिया है। चुकी पुलिस उचित कारवाई कर रही है। फिर भी आयोग इस मामले मे पैनी नजर रखी है। इसके बाद छात्रा का धनबाद न्यायालय मे 164 का ब्यान कलमबद्ध कराया गया।बता दे कि पुराना स्टेशन के कोचिंग सेंटर के संचालक शाहरुख ने 9वीं की छात्रा के साथ अतिरिक्त कक्षा के नाम पर रोक गलत काम करता था। जब इंकार किया तो उसका विडियो बनाकर वायरल कर दिया।छात्रा के पिता के शिकायत पर धनसार पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी शाहरुख को जेल भेजा था।

## लोगों ने लीकेज पाइपलाइन मरम्मत करने पहुंचे झमाडा कर्मियों का किया विरोध



**झरिया।** झरिया के हामिद नगर सब्जीबागान मे मंगलवार की दोपहर लीकेज पाइपलाइन मरम्मत करने गए झमाड़ा कर्मचारियों का स्थानीय लोगों ने विरोध किया। बड़ी संख्या में मौजूद स्थानीय लोगों के द्वारा मरम्मत कार्य को रोक दिया गया। मामला बढ़ता देख पाइपलाइन मरम्मत करने आए कर्मचारियों ने पूरी घटना की सूचना झमाड़ा के अधिकारियों को दी। काफी हल्ला हंगामा व आस्वासन के बाद मरम्मत कार्य शुरू हो सका। स्थानीय लोगों का कहना था कि हम लोग कई वर्षों से यहां पानी भरते हैं। यहां लगभग तीन हजार से भी ज्यादा लोग इस पाइपलाइन पर ही निर्भर है। सोची समझी साजिश के तहत झमाड़ा पाइपलाइन लीकेज मरम्मत के बहाने हमे परेशान करने का काम कर रही है जिसका हमलोग विरोध कर रहे है। वही इस पूरे मामले को लेकर झमाड़ा के अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पूरे झरिया शहर में पाइपलाइन लीकेज का मरम्मत कार्य चल रहा है। जहाँ जहाँ लीकेज की सूचना मिलती है वहाँ कर्मचारियों द्वारा मरम्मत किया जाता है आज भी सब्जिबागान में कर्मचारी मरम्मत कार्य करने पहुंचे थे। कुछ लोगों द्वारा इसका विरोध किया गया है। इस मामले की पूरी जानकारी जिला के वरीय अधिकारियों को दी जाएगी।

## डुमरी में युवा चेहरे से बदलाव की उम्मीद

# डुमरी उपचुनाव में एनडीए उमीदवार हो सकते हैं, यशोदा जैली उर्फ जयलाल

**युवाओं को आकर्षित करने, टिकैत महतो को भी बनाया जा सकता है उमीदवार**

आजाद सिपाही संवाददाता







**नावाडीह।** नावाडीह प्रखंड उपरघाट संवाददाता डुमरी विधानसभा क्षेत्र में आगामी होने वाले उपचुनाव में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। यह उपचुनाव दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद होना तय है हालाकि निर्वाचन आयोग ने अभी तक इसकी औपचारिक घोषणा नहीं की हैं परंतु निधन के छह माह के अंदर चुनाव होना लगभग तय माना जा रहा है जिसमे चार माह बीत चुका है आने वाले अगस्त या सितंबर महीने में चुनाव निर्वाचन आयोग को करना होगा क्योंकि छह अक्टूबर को छह महीना पूरा हो जयेगा यूपीए सरकार ने दिवंगत शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो के पत्नी बेबी देवी को मंत्री बनाकर झामुमो की उमीदवार तय माना जा रहा है वंही एनडीए के उम्मीदवार की चर्चा 2019 में लगभग 36800 मत लाकर दूसरे स्थान पर रही आजसू पार्टी के पूर्व प्रत्याशी यशोदा देवी एंव भारतीय जनता पार्टी के 2019 के चुनाव में लगभग 36000 मत लाकर तीसरे स्थान पर पूर्व प्रत्याशी प्रदीप साहू रहे। नावाडीह प्रखंड के हॉट सीट गूंजरडीह पंचायत से मुखिया बने जयलाल महतो का नाम तय माना जा रहा क्योंकि जय लाल महतो बोकारो जिले के मुखिया संघ के अध्यक्ष भी हैं लेकिन अभी तक एनडीए ने किसी भी उमीदवार की घोषणा नही की हैं डुमरी विधानसभा क्षेत्र में यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि उपरघाट क्षेत्र से लगातार दो बार जिला परिषद का प्रतिनिधित्व कर रहे नोजवानो एंव छात्रों के युवा आजसू नेता टिकैत कुमार महतो को एनडीए का उम्मीदवार बनाया गया तो खतयानी के लड़ाई लड़ रहे क्षेत्र के युवा उमीदवार के पक्ष में आयेंगे और एनडीए यह उपचुनाव की सीट रामगढ़ की तरह जीत सकती है हालांकि झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व कार्यकताओं में चर्चा है कि आजसू पार्टी से टिकैत महतो को उमीदवार बनाया गया तो यह उपचुनाव झामुमो को जितना बहुत कठिन होगा फिलहाल झामुमो, आजसू ,भाजपा तीनो पार्टियों ने संगठन में जोर सोर से काम करना शुरू कर दिया है वंही मंत्री बेबी देवी भी लगातार डुमरी विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम कर जनसंपर्क अभियान में लगी हुई है और क्षेत्र की जनता से मिल कर एक और मौका देने की अपील कर रही हैं।


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक........................खूँटी, दिनांक..................

**Corrigendum**
**E-Procurement Notice**
**E-Tender Reference No. KNP/16/2023-24**
**(PR. No. 302718 Urban Development 23-24)**
**Name of the Work:** Rejuvenation of Kamanata Jalashay Under Nagar Panchayat, Khunti

| Sr.No. | Particulars | Date | Corrigendum Date |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid submission end date | 24.07.2023 at 3.00 pm | 27.07.2023 upto 3.00 pm |
| 2. | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 25.07.2023 up to 2.00 pm | 28.07.2023 up to 2.00 pm |
| 3. | Bid opening date (online) | 25.07.2023 at 3.00 pm | 28.07.2023 at 3.00 pm |

**Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)**

ह0/–
PR 303169 (Urban Development)23-24*D प्रशासक,नगर पंचायत, खूँटी

**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**
ज्ञापांक ........................ खूँटी, दिनांक.................

**Request for Proposal**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, खूँटी में निर्मित सेनिटेशन पार्क के सफल संचालन एवं रख–रखाव हेतु कंडिका:–01 में वर्णित विवरणी के आधार पर दिनांक 04.08.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में इच्छुक आवेदनकर्त्ता से निम्नांकित शर्त्तों पर दर निविदा मुहरबंद लिफाफा (EOI) आमंत्रित की जाती है। प्राप्त दर निविदा (EOI) दिनांक 04.08.2023 को अपराह्न 4:00 बजे निविदा निस्तार समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा (EOI) समर्पित करने वाले के प्रोपराईटर/प्राधिकृत प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित हो सकते हैं।

| क्र0 | कार्य विवरणी | दर प्रति वर्ष |
|---|---|---|
| 1 | 1. Garden & lawn Maintenance including Soft & hard Landscaping :<br>Maintenance and upkeep of lawn, plants, trees, creepers, hedges, palms, and plants by doing the following:<br>2. Garbage Collection / Disposal :<br>3. Civil Works:<br>• Maintaining the Civil structures like Statue, Fountains and Benches etc.<br>• No civil construction can be done within the premises with the permission of Khunti Nagar Panchayat.<br>4. Maintenance of Lamps:<br>5. Maintenance of Toilets:<br>6. Maintenance of Jogging Tracks:<br>7. Maintenance of Water Pumps, Water Lines and water area:<br>8. Use of Pesticides and insecticides:<br>9. Paintings of boundary walls: | दो वर्ष के लिए |

नोट:– निविदा के नियम व शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.303240 Urban Development(23-24):D ह0/– प्रशासक, नगर पंचायत, खूँटी।


# हाइटेंशन तार की चपेट में आकर चार मवेशियों की मौत, बाल-बाल बचे लोग

# बीसीसीएल प्रबंधन की लापरवाही से घटी घटना, अविलंब दें मुआवजा : ढुल्लू

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** बाघमारा क्षेत्र के हांथुडीह पंचायत अंतर्गत हाथुडीह वासरी कॉलोनी के 12 नंबर स्थित खेत में हाईटेंशन 11 हजार वोल्टेज तार के चपेट में आने से चार मवेशियों की मौत हो गयी थी। बताया जाता हैं की उक्त चारो मवेशी वाशरी कॉलोनी निवासी रामजी यादव की हैं। जो उनके खटाल के पीछे स्थित खेत में घास चर रही थी। इस दौरान वहां स्थित बिजली के खम्भे में पीठ को रागड़ने लगा उसी दौरान अचानक हाईटेंशन 11 हजार वोल्टेज तार गिर गया और चारो मवेशी तार के संपर्क में आ गया। वहीं उसके आस-पास मौजूद लोग बाल-बाल बच गया। मौजूद लोगो ने इसकी सूचना बीसीसीएल के लाइन इंचार्ज को फोन के माध्यम से जानकारी दिया। जाकरी पाकर लाइन को काटा गया। वहीं एक साथ चार मवेशी के मर जाने से उनके मालिक रामजी यादव काफी दुःखी हैं। मवेशी मालिक का कहना हैं कि एक साथ चार मवेशी की मृत्यु हो जाने से हमें आर्थिक नुकसान हुआ हैं। इन पशुओं से हमारे परिवार का रोजी-रोटी का सहारा था। आज के समय में एक मवेशी की कीमत करीब एक लाख रुपए है। मवेशियों के मरने से हम भूखो मरने के कगार में हैं। घटना की खबर पाकर बाघमारा विधायक ढूलु महतो घटनास्थल पहुंचे एवं दुःख प्रकट करते हुये वाशरी महाप्रबंधक को फोन कर मृत मवेशी मालिक को अविलम्ब मुआवजा देने की मांग की और कहा कि बीसीसीएल के लापरवाही का नतीजा है कि आज चार बेजुबान जीव की मृत्यु हो गई, जिससे एक परिवार के रोजी रोटी पर संकट उत्पन्न हो गई। वर्तमान समय में में एक-एक मवेशी कि कीमत लाख रुपए है और एक साथ चार-चार मवेशी कि मृत्यु हो जाना किसी सदमे से कम नहीं है इसलिए रामजी यादव को अविलम्ब मुआवजा उपलब्ध करायें।


**Government of Jharkhand, Civil Surgeon cum CMO, Ramgarh**
**Chatarmandu, Ramgarh- 825101, Jharkhand**

**Very Urgent Procurement Notice**

**Tender Notice No.: 08 / 2023-24** **Date: 24/07/2023**

District Health Society, Ramgarh, Jharkhand Invites Tender from eligible bidders for entering into rate contract for MEDICAL EQUIPTMENTS. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website https://ramgarh.nic.in and Hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date.

| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate contract for supply of medical equipment's and Other Essential Items. |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | **25.07.2023** |
| 3 | Tender Document Fee (Non-refundable) | Rs. 1,000.00/- (Rs. One Thousand Only) along with the bid documents. |
| 4 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 200000.00/- (Rs. Two Lakh Only) |
| 5 | Last date and time of receipt of Bid (Tender Fee, Earnest Money Deposit (EMD) & Hard Copy of Technical Bid and Financial Bid) | Date : **02.08.2023** Time : **03:00PM**<br>The bidders may visit the departments concerned and submit their queries/ suggestions to the Deputy Commissioner, Ramgarh for which the intended bidders want any amendment or alteration in the tender terms or specification. |
| 6 | Date and time of opening of Bid | Date : **03.08.2023** Time : **11:00AM** |
| 7 | Bid submission Place | Civil Surgeon cum CMO, Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh-825101 |
| 8 | Bid Opening Place | Deputy Commissioner Office, Ramgarh "A" Block, 1st Floor, Collectorate Ramgarh, Chhattarmandu, Ramgarh- 825101 |
| 9 | Contact Details | Email id – **csramgarh@yahoo.in** |

**Note:** The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

PR.NO.303164 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D Sd- Civil Surgeon-Cum-CMO, Ramgarh

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in



महत्वपूर्ण खबर

## एचएस बाजवा ने मंडल रेल प्रबंधक खोरधा रोड का पदभार संभाला



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एचएस बाजवा ने मंगलवार को खोरधा रोड मंडल के मंडल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया। वे भारतीय रेलवे यातायात सेवा (आइआरटीएस) में 1997 में ज्वाइन किया। मंडल रेलवे प्रबंधक, खोरधा रोड के रूप में अपने कार्यभार ग्रहण करने से पहलेवे रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (कोयला) के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने भारतीय रेलवे में निदेशक यातायात परिवहन/जी, रेलवे बोर्ड, मुख्य माल परिवहन प्रबंधक/उत्तर रेलवे, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक/ वालतेरु मंडल/पूर्व तट रेलवे और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ बिलासपुर/ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रूप में विभिन्न पदों पर काम किया है। उन्होंने खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग में संयुक्त निदेशक (संचलन) के रूप में भी काम किया है। एचएस बाजवा ने 1991-1995 में पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ से बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की है। वह हाई स्पीड रेल के प्रशिक्षण के लिए कोरिया और जापान जा चुके हैं। एचएस बाजवा टीम वर्क में विश्वास करते हैं, जो एक सामान्य दृष्टिकोण की दिशा में मिलकर काम करने की क्षमता है। सभी के लिए उनका संदेश यात्रियों और माल ढुलाई के लिए सुरक्षित, कुशल और भरोसेमंद परिवहन प्रदान करने के संगठनात्मक लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास करना है।

# अंजू बन गयी फातिमा, कोर्ट में नसरुल्ला से किया निकाह

एजेंसी

**पेशावर।** राजस्थान के भिवाड़ी में अपने पति और दो बच्चों को छोड़कर फेसबुक पर मिले प्रेमी नसरुल्ला से मिलने पाकिस्तान पहुंची अंजू ने निकाह कर लिया है। अब तक मीडिया से बातचीत में अंजू और नसरुल्ला शादी के इरादे से इनकार कर रहे थे, लेकिन अब खबर आयी है कि दोनों ने कोर्ट में जाकर निकाह कर लिया है। खैबर पख्तूनख्वा के अपर दीर जिले की अदालत में जाकर दोनों ने कोर्ट मैरिज की है। अंजू के अदालत जाने का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें नसरुल्ला उसका हाथ पकड़े दिख रहा है। अंजू इस दौरान बुरका पहने हुए दिखती है। यही नहीं पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक



अंजू ने अपना नाम भी बदलकर फातिमा रख लिया है। मलाकंद के डीआइजी नासिर महमूद सत्ती ने भी अंजू और नसरुल्ला के निकाह की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अंजू अब इस्लाम अपनाने के बाद फातिमा हो गयी है।

शादी के बाद कपल ने 'अंजू वेड्स नसरुल्ला' शीर्षक से एक वीडियो भी शेयर किया है। इस वीडियो में दिखता है कि अंजू एक पहाड़ी पर नसरुल्ला के साथ दिखती है और अलग-अलग पोज में फोटो खिंचाती नजर आती है। अदालत में अंजू बुर्का पहने दिखती है। नसरुल्ला ने सोमवार को ही न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा था कि अंजू सिर्फ पाकिस्तान घूमने आई है और उनकी महज दोस्ती है। दोनों का शादी करने का कोई इरादा नहीं है। अब अचानक ही दोनों के निकाह करने की जानकारी सामने आयी है। नसरुल्ला ने कहा था कि अंजू का 20 अगस्त तक का वीजा है और उसके बाद वह वापस लौट जायेगी। हालांकि अब चर्चा यह भी है कि अंजू भारत नहीं लौटना चाहती। अंजू ने भी सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करके कहा था कि वह दो से तीन दिन में लौट आयेंगी। उन्होंने कहा था कि मीडिया उनके परिवार वालों को तंग ना करे और उनसे ही सीधी बात करे। बता दें कि पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सरकार ने अंजू और नसरुल्ला को सुरक्षा दे रखी है ताकि उन्हें कोई खतरा ना हो। इस सुरक्षा घेरे में ही दोनों जिला अदालत में पहुंचे थे और वहां शादी रचा ली। फिलहाल पाकिस्तान में अंजू और नसरुल्ला के वीडियो वायरल हो रहे हैं।

**नसरुल्ला अब भी छिपा रहा सच?**

हालांकि नसरुल्ला ने शादी की खबरों से इनकार किया है। उसने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि वह अदालत में सुरक्षा मांगने पहुंचे थे और 50 पुलिसकर्मी उनकी सुरक्षा में तैनात किये गये हैं। हालांकि नसरुल्ला के दावों पर सवाल उठ रहे हैं क्योंकि दोनों का एक वीडियो वायरल हो रहा है और निकाहनाम की तस्वीरें भी शेयर हो रही हैं। नसरुल्ला ने यह भी कहा कि कुछ ही दिनों में अंजू भारत लौट जायेगी क्योंकि वह वीजा पर पाकिस्तान आयी है।

## भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम में पहली बार किस विवि की स्वेतासिनी सबर शामिल होंगी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 19वें एशियाई खेल 2022 का आयोजन 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक हांगझू चीन में आयोजित होने वाले हैं। भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम पहली बार एशियाई खेलों में भाग लेगी। किस विश्वविद्यालय ओडिशा की स्वेतासिनी सबर को भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम के सदस्य के रूप में चुना गया है। श्वेतासिनी ने अपनी खेल यात्रा में निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करने के लिए प्रोफेसर सामंत को धन्यवाद दिया और ओड़िशा सरकार को भी धन्यवाद दिया। साथ ही ओड़िशा सॉफ्टबॉल एसोसिएशन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद।


पूर्व मध्य रेल

**अन्डर स्लंग कंप्रेसर मॉउंटिंग लेग में मॉडिफिकेशन हेतु ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेलवे, गोमो सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई.निविदा सं. ई.एल.एस_401_सी.पी.–लेग_23–24_03 हेतु खुला ई.निविदा आमंत्रित करती है। विवरण निम्नलिखित है। 1. कार्य का नाम तथा स्थान : आर.डी.एस.ओ. मोडिफिकेसन सीट नं. आर.डी.एस.ओ./2022/ई.एल./एम.एस./0484, रेव 0 दिनांक : 24.01.2022 या नवीनतम के अनुसार 3 फेज लोकामोटिव के अन्डर स्लंग कंप्रेसर मॉउंटिंग लेग में मॉडिफिकेशन। स्थान : विद्युत लोको शेड, गोमो। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹1,83,49,108.92 (एक करोड तेरसी लाख उनचास हजार एक सौ आठ रूपये बेरानवे पैसे मात्र)। 3. अग्रधन राशि : ₹3,41,800.00 (तीन लाख एकतालीस हजार आठ सौ रूपये मात्र)। 4. निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समय : 31.07.2023 से 14.08.2023 को 11.30 बजे निविदा बंद होने तक। 5. वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा दस्तावेज उपलब्ध है : आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट www.ireps.gov.in। निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित बिड (निविदा प्रस्ताव) केवल इसी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुवल (हस्तनिर्मित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं है तथा ऐसे किसी भी मैनुवल निविदा प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए सूचना पट्ट की स्थिति : विद्यूत लोको शेड, गोमो का सूचना पट्ट।

वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस./पूमरे/गोमो

पीआर/00818/डीएचएन/ईटीआरएस/टी/23-24/48


# जिंदल स्टील एंड पावर को ग्रेट प्लेस टू वर्क का प्रमाणपत्र

**बेहतरीन कार्यस्थल संस्कृति के लिए जेएसपी को मिला ग्रेट प्लेस टू वर्क का प्रमाणपत्र**

**जुलाई 2023 से जुलाई 2024 की अवधि के लिए मिला है प्रमाणपत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर, नयी दिल्ली।** भारत के अग्रणी उद्योग समूहों में से एक और विश्व स्तर पर स्टील, बिजली, खनन एवं बुनियादी ढांचा क्षेत्र की जानी-पहचानी कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने घोषणा की है कि उसे जुलाई 2023 से जुलाई 2024 की अवधि के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क (जीपीटीडब्ल्यू) प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। यह प्रमाणपत्र प्रदान करने वाली संस्था ग्रेट प्लेस टू वर्क का दुनिया में बड़ा नाम है और इसकी बड़ी साख है इसलिए इस प्रमाणपत्र को प्राप्त करना गर्व का विषय माना जाता है। ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणपत्र मिलना जेएसपी की उस अटूट प्रतिबद्धता का सबूत है, जिसमें प्रत्येक कर्मचारी आगे बढ़ सकता है, कंपनी के विकास में सकारात्मक योगदान कर सकता है और खुद को पोषित एवं प्रेरित महसूस कर सकता है।

जेएसपी के चेयरमैन श्री नवीन जिन्दल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ह्ल हमारे लोगों की निष्ठा एवं समर्पण के कारण हमारी असाधारण विकास यात्रा संभव हुई है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि जेएसपी के लिए हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण के केंद्र में लोगों को रखकर और सभी के लिए सपनों के कार्यस्थल का निर्माण कर हम अपने व्यवसाय को न सिर्फ नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे बल्कि अपने देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में भी अपनी भूमिका निभायेंगे। ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणपत्र हासिल करना जिन्दल स्टील एंड पावर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो कर्मचारियों को सशक्त बनाता है और इनोवेशन, विकास एवं सांझी सफलता को बढ़ावा देता है।

**जिंदल स्टील एंड पावर के बारे में :** स्टील, ऊर्जा, खनन और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में अग्रणी जिन्दल स्टील एंड पावर एक प्रमुख भारतीय उद्योग समूह है, जिसका लक्ष्य राष्ट्र के भविष्य को मजबूत करना और एक बेहतरीन विश्व का निर्माण करना है। दुनिया भर में 12 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ जेएसपी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान बढ़ाने के उद्देश्य से निरंतर अपनी क्षमता और दक्षता में नये आयाम जोड़ रही है।






# जिंदल स्टेनलेस को अमेरिका के डाना इनकॉर्पोरेटेड से मिला प्रतिष्ठित विस्तृत वैश्विक बाजार पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील कंपनी, जिंदल स्टेनलेस को हाल ही में अमेरिकी कंपनी,डानाइनकॉर्पोरेटेड ने एक्सपैंड ग्लोबल मार्केट्स अवार्ड से सम्मानित किया। इस पुरस्कार के लिए 29 देशों सेनामित 1,800 कंपनियों में से जिंदल स्टेनलेस को चुना गया और अपने बहुआयामी ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के लिए सम्मानित किया गया।

विभिन्न किस्म के मोबिलिटी बाजारों के लिए ऊर्जा-प्रबंधन समाधानों की विशेषज्ञता वाली, ओहायो स्थित कंपनी डानाने कई श्रेणियों के तहत माउमी में आयोजित एक वर्चुअल समारोह में साल 2022से जुड़े अपने आपूर्तिकर्ता पुरस्कारों के लिए विजेताओं की घोषणा की। इनमें लीवरेजिंग द कोर अवार्ड,



डिलीवर इनोवेटिव सॉल्यूशंस अवार्ड, इनडायरेक्ट सप्लायर ऑफ द ईयर, सस्टेनेबिलिटी सप्लायर ऑफ द ईयर जैसे सम्मान शामिल हैं। अधिकांश श्रेणियों में कई विजेता थे, जबकि एक्सपैंड ग्लोबल मार्केट्स अवार्ड में जिंदल स्टेनलेस को स्पष्ट रूप से विजेता घोषित किया गया।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस सम्मान पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि जिंदल स्टेनलेस अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के जरियेग्राहकों को अपनी जरुरत के अनुरूप समाधान प्रदान कर उनके हितों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी दक्ष आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन प्रणाली और जस्ट-इन-टाइम (ठीक समय पर) डिलीवरी के दृष्टिकोण ने हमारे बाजार के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। डानाके साथ हमारा बहुत पुराना रिश्ता है। हमने 15 साल से अधिक समय से, जर्मनी, अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको, स्पेन, ब्राजील और भारत सहित कई देशों में डानाको स्टेनलेस स्टील समाधान की सफलतापूर्वक आपूर्ति की है और भविष्य में भी यह प्रयास जारी रहेगा। इस सम्मान से उद्योग जगत में,जिंदल स्टेनलेस के अग्रणी स्थान को और मजबूती मिली है औरवैश्विक स्तर पर उपस्थिति के विस्तार के संबंध में कंपनी के उत्कृष्टता के मानक को भी उल्लेखनीय मान्यता मिली है। ये पुरस्कार उन कंपनियों के प्रति सम्मान हैं, जिन्होंने संगठित आपूर्ति श्रृंखला, ग्राहक संतुष्टि, नवोन्मेष और सस्टेनेबल तरीके अपनाने जैसी प्रक्रियाओं के प्रति प्रतिबद्धता जतायी है।















# अपनी टीमों के भीतर कामकाजी माता और पिता का समर्थन करने के लिए प्रगतिशील पहल करता है वेदांता एल्युमीनियम

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** यदि आपकी सपनों की नौकरी निकटतम मेट्रो शहर से दूर स्थित हो तो क्या होगा? इससे कुछ लोगों को झिझक हो सकती है, क्योंकि एक ही कर्मचारी को पिता, माता, पुत्र, पुत्री या जीवनसाथी के रूप में कई व्यक्तिगत भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं। उदाहरण के लिए, उपलब्ध आवासीय सुविधाओं की गुणवत्ता क्या है? क्या आसपास अच्छे स्कूल हैं? क्या उनके प्रियजनों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक त्वरित पहुंच मिलेगी? भारत में सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम को विश्वास है कि वह इनमें से प्रत्येक बॉक्स और बहुत कुछ पर खरा उतरता है। कंपनी विश्व स्तरीय संयंत्र संचालित करती है, जो लॉजिस्टिक, बुनियादी ढांचे और सामग्री आवश्यकताओं के कारण,



ओड़िशा में झारसुगुड़ा और कलाहांडी जिलों और छत्तीसगड में कोरबा जिले के अर्ध-शहरी या ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। झारसुगुड़ा दुनिया के सबसे बड़े एकल-स्थान एल्यूमीनियम गलाने वाले परिचालनों में से एक है, जबकि कलाहांडी में लांजीगड वेदांत की एल्यूमिना रिफाइनरी का घर है, जो कम सेवा वाले जिले के विकास में योगदान देने में सहायक रहा है। भारत की प्रतिष्ठित एल्युमीनियम उत्पादक और वेदांता एल्युमीनियम की सहायक कंपनी बाल्को कोरबा में स्थित है।

सुनील गुप्ता, सीओओ, वेदांता लिमिटेड - एल्युमीनियम बिजनेस कहते हैं कि विश्व माता-पिता दिवस के अवसर पर, हम दोहराते हैं कि पितृत्व जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है और इसे कार्यस्थल पर भी मनाया और समर्थित किया जाना चाहिए। इसलिए, हमने विविध प्रथाओं और बुनियादी ढांचे के माध्यम से कार्य-जीवन संतुलन और करियर को पूरा करने के लिए कामकाजी माता-पिता के लिए एक सहायक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार किया है। हम अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों को सशक्त बनाने वाले पोषणकारी वातावरण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रथाओं और समर्थन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करते हैं।

बाल्को के सीईओ और निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि हम एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो एक लचीली कार्य संस्कृति, प्रबंधनीय कार्यभार और कार्य-जीवन संतुलन पर गहरा ध्यान केंद्रित करके कामकाजी माता-पिता के समर्थन को सक्षम बनाता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि माता-पिता अपने परिवारों को उतना ही समय दे सकें जितना वे संगठनात्मक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए देते हैं।









आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**